सूर्योदय 6:12 सूर्यास्त 6:11

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 16.2 न्यू | 20.8 अधि |
| धर्मशाला | 17.9 न्यू | 29.0 अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 85836.12 |
| निफ्टी | 26216.05 |
| सोना 77,020 | चांदी 96,013 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान




शाकिब अल हसन ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय से लिया संन्यास

पृष्ठ 14 पर

आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | शुक्रवार, 27 सितंबर 2024 | 12 अश्विन, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 281, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: | 8894521702

## न्यूज शॉर्ट्स

### पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी को जमानत



**चेन्नई।** सुप्रीम कोर्ट ने वीरवार को तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी. सेंथिल बालाजी को जमानत दे दी है। सेंथिल को पिछले साल मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने गिरफ्तार किया था। जस्टिस अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने जमानत के लिए कड़ी शर्तें लगाई हैं। बेंच ने कहा कि आठ महीने से ज्यादा समय से हिरासत में है, इसलिए विशेष अदालत को समय सीमा के भीतर मामले का निपटारा करने का निर्देश देना सही होगा।

### ट्रूडो सरकार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव गिरा



**कनाडा।** कनाडा में प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की सरकार अपने खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव को हराने में कामयाब रही है। कनाडा की संसद में बहस के बाद लाया गया अविश्वास प्रस्ताव 211 के मुकाबले 120 मतों से गिर गया। ट्रूडो की मुश्किलें कम नहीं होने वाली हैं, क्योंकि विपक्षी कंजर्वेटिव सांसदों ने मंगलवार को एक बार फिर अविश्वास प्रस्ताव लाने का ऐलान किया है।

## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- कोच्चि से बिलासपुर पहुंचा उत्तर भारत का पहला क्रूज -पेज 2
- भ्रष्टाचार में लिप्त प्रधान और दो वार्ड सदस्य सस्पेंड -पेज 3
- कुएं में गैस ही बनी युवा दंपती की मौत का कारण -पेज 9
- आतंकवाद को दफना दिया, अब उसे लौटने नहीं दिया जाएगा: शाह -पेज 13
- पंत शानदार खिलाड़ी हैं, काश वह ऑस्ट्रेलियाई होते: मार्श -पेज 14


# पांवटा साहिब में फटा बादल मलबे में दबा व्यक्ति, मौत

## भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त, पांच दुकानें, दो छोटे पुल क्षतिग्रस्त

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

**सिरमौर** जिले के कई क्षेत्रों में भारी बारिश से जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पांवटा साहिब के अंबोया खाला में बादल फटने से आए मलबे में दबने से रंगी राम पुत्र कंशु की मौत हो गई है।

वहीं, पांच दुकानें, दो छोटे पुल और एक शेड, दो घराट क्षतिग्रस्त हुए हैं। मलबे की चपेट में एक कार भी आई है। सिरमौर जिले की गिरि नदी पर बने जतोण डैम के बुधवार रात को गेट खोलने के बाद 11 पंचायतों को जोड़ने वाले अंबोया पुल सहित पांवटा में ही 15 से ज्यादा सड़कें क्षतिग्रस्त हो गई हैं। भारी बारिश से हुए नुकसान को देखते हुए एसडीएम गुंजित चीमा ने डिवीजन के सभी शिक्षण संस्थानों में छुट्टी का ऐलान किया है।





पांवटा साहिब में बादल फटने से आया मलबे और राजपुरा पंचायत में बही कार।

### प्रदेशभर में 53 सड़कें और 248 ट्रांसफार्मर पड़े ठप

**शिमला।** प्रदेशभर में भारी बारिश से जगह-जगह भू-स्खलन से एक नेशनल हाई-वे सहित 53 सड़कें व 248 बिजली ट्रांसफार्मर ठप हो गए हैं। अगले 24 घंटों में सिरमौर, कांगड़ा, चंबा, सोलन, कुल्लू, शिमला और मंडी जिलों में कुछ जगह बाढ़ जैसे हालात बन सकते हैं।

### भारी बारिश से सतौन में बनी कृत्रिम झील

**भारी** बारिश के चलते सतौन में एंगल स्टेशन के पास कृत्रिम झील बन रही है। पानी की निकासी नहीं होने के कारण सतौन क्षेत्र सहित एनएच का पानी भी इसी जगह एकत्रित हो रहा है। यदि झील टूटने से पानी बाहर निकलता है, तो एससी बस्ती के मकानों को खतरा बन सकता है।

# कांग्रेस के 'लाउडस्पीकर्स' का करंट भी कमजोर हो गया: मोदी

## पीएम ने 'नमो ऐप' के माध्यम से भाजपा कार्यकर्ताओं को किया संबोधित

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**पीएम** नरेंद्र मोदी ने कहा कि हरियाणा में पिछले 10 सालों में कांग्रेस विपक्ष के रूप में विफल रही है और अब जैसे-जैसे विधानसभा चुनाव की तारीख नजदीक आ रही है, बड़े-बड़े दावे करने वाले उसके 'लाउडस्पीकर्स' का करंट भी कमजोर हो गया है।

'नमो ऐप' के माध्यम से 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' कार्यक्रम के तहत भाजपा कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने फिर से भाजपा की सरकार बनने का दावा किया। उन्होंने कहा कि हरियाणा में पहली बार हुआ है कि सरकार पर भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा और युवाओं को 'बिना पर्ची और खर्ची' के रोजगार मिला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस का पूरा आधार ही 'झूठ' पर टिका है और उसके नेता 'बिना सिर पैर की बातें' कर भाजपा की हवा खराब करने की कोशिश कर रहे हैं। कांग्रेस का ज्यादातर समय आपसी गुटबाजी, लड़ाई और एक-दूसरे का हिसाब चुकता करने में खप रहा है। जो पार्टी 10 साल तक जनता के विषयों से दूर रही हो, ऐसे लोग हरियाणा की जनता का विश्वास कभी नहीं जीत सकते। मोदी ने कार्यकर्ताओं से कहा कि कांग्रेस की आंतरिक कलह से हरियाणा का बच्चा-बच्चा परिचित है, लेकिन उन्हें उनकी कलह पर सुखचैन से नहीं बैठ जाना चाहिए। पीएम ने कहा कि वे अपनी मौत मरने वाले हैं, लेकिन हमें तो अपने परिश्रम से अपना झंडा गाड़ना है। हमें पहले से ज्यादा मेहनत करनी है। हरियाणा की जनता को 'बेहद सूझबूझ वाली' करार देते हुए मोदी ने कहा कि आजादी के बाद इतने सालों में उसने उसी पार्टी की सरकार बनाई है, जो केंद्र में राज कर रहा होता है।

### कांग्रेस ने किसानों और दलितों से किए अत्याचार

**पीएम** ने कहा कि हरियाणा में कांग्रेस के शासन के दौरान दलितों पर बहुत अत्याचार होते थे। उन्होंने भाजपा कार्यकर्ताओं से कांग्रेस शासन के इस चेहरे को बेनकाब करने की अपील की। किसानों को लेकर कहा कि हरियाणा में कांग्रेस शासन में किसानों को फसल नुकसान के दो रुपए के चेक मिलते थे। उन्होंने कार्यकर्ताओं से हर बूथ पर पार्टी की स्थिति पहले से और मजबूत करने का आह्वान किया।

# मानहानि मामला : संजय राउत दोषी करार

## अदालत ने 15 दिन जेल की सुनाई सजा, 25 हजार रुपए का जुर्माना लगाया

**एजेंसी, महाराष्ट्र**



**मेट्रोपोलिटन** मजिस्ट्रेट (सिवड़ी अदालत) ने मानहानि केस में शिवसेना सांसद (उद्धव गुट) संजय राउत को दोषी करार दिया है। कोर्ट ने संजय राउत को 15 दिन की जेल की सजा सुनाई है।

इसके साथ ही 25 हजार का जुर्माना भी लगाया है। भाजपा नेता किरीट सोमैया की पत्नी मेधा किरीट ने राउत के खिलाफ केस दर्ज कराया था। बाद में अदालत ने सजा को 30 दिन के लिए टाल दिया और राज्यसभा सदस्य को उनकी अर्जी पर जमानत दे दी। कोर्ट के फैसला सुनाए जाने के बाद राउत के वकील ने सजा को स्थगित करने और उन्हें जमानत देने के लिए दो याचिकाएं दायर कीं, जिन्हें अदालत ने स्वीकार कर लिया। मेधा सोमैया ने वकील विवेकानंद गुप्ता के माध्यम से दायर अपनी शिकायत में आरोप लगाया था कि राउत ने उनके और उनके पति के खिलाफ निराधार व पूरी तरह से मानहानिकारक आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि राउत ने उन पर मीरा भयंदर नगर निगम के अधिकार क्षेत्र में कुछ सार्वजनिक शौचालयों के निर्माण और रखरखाव पर 100 करोड़ रुपए के घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाया। शिकायत में कहा गया था कि आरोपी की ओर से मीडिया को दिए गए बयान अपने आप में मानहानिकारक हैं। ये बयान आम जनता की नजर में मेरे चरित्र को खराब करने के लिए दिए गए हैं।

# राष्ट्रपति मुर्मू ने सियाचिन में बढ़ाया सैनिकों का हौसला



नई दिल्ली। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने वीरवार को सियाचिन स्थित 'बेस कैंप' का दौरा कर वीर सैनिकों का हौसला बढ़ाया। उन्होंने कहा कि भारी बर्फबारी और शून्य से 50 डिग्री सेल्सियस नीचे तापमान जैसी कठिन परिस्थितियों में मातृभूमि की रक्षा के लिए वीर सैनिकों ने धैर्य और त्याग का अनुकरणीय उदाहरण पेश किया है। सशस्त्र सेनाओं के सर्वोच्च कमांडर के रूप में उन्हें सैनिकों पर गर्व है और सभी नागरिक उनकी वीरता को प्रणाम करते हैं।

## बिलकिस बानो केस

### सुप्रीम कोर्ट ने खारिज की गुजरात सरकार की पुनर्विचार याचिका

**अहमदाबाद।** सुप्रीम कोर्ट ने बिलकिस बानो केस में गुजरात सरकार की याचिका खारिज कर दी। याचिका में मांग की थी कि दोषियों की रिहाई से जुड़े आदेश में सुप्रीम कोर्ट ने जो टिप्पणियां की थीं, उन्हें हटा दिया जाए। 2002 के गुजरात दंगों के दौरान बिलकिस बानो के साथ बलात्कार और उसके परिवार की हत्या के दोषी 11 लोगों की रिहाई को खारिज कर दिया था और टिप्पणी की थी कि सरकार ने दोषियों के साथ मिलीभगत करके काम किया है।






BEST CABS — BEST RECOGNITION PVT LTD | लूण Lunn | DHAKER FOUNDATION | ARNI UNIVERSITY — bringing ambition to life | SRI SAI UNIVERSITY SSU PALAMPUR — Transforming Dreams into Reality | Yogita AGRO SERVICE CHAMBA — Mob. 7986969842, 9015936779

MOTHERKRAFT HOSPITAL — Crafting Women's Health At Every Step | LAUREATE INSTITUTE OF PHARMACY — V.P.O. KATHOG TEH. JAWALAMUKHI DISTT. KANGRA (H.P.) 176031 | BHUSHAN JEWELLERS SOLAN | JEE/NEET/NDA HIM ACADEMY HAMIRPUR (H.P.) Ph.: 01972-222648, 9816021400 | BHARDWAJ MULTISPECIALITY HOSPITAL — A Diabetes Gastro Centre — 98055-73338, 94184-73338 | LAUREL PUBLIC SEN. SEC. SCHOOL Gandhinagar Distt. Kullu | SATYAM COLLEGE OF NURSING LANJOT SHAHPUR | PANCHSHEEL HOSPITAL — SKIN & ORTHOPAEDIC CENTRE NAGROTA BAGWAN

SHANTI NIKETAN COLLEGE OF EDUCATION HAMIRPUR (H.P.) | Shivambu INTERNATIONAL | INDUS INTERNATIONAL UNIVERSITY | KULLU CONVENT SCHOOL (KULLU) | KAUSHAL ROLLER FLOUR MILL PVT. LTD. PLOT-3, IND AREA TAHLIWAL, DISTT. UNA | LALIT & Bros. SARKAGHAT — Sale & Service: Mobile, L.E.D. Frez, Watches, Washing Machine & all type of Home appliances | RATTAN JEWELLERS — Bhawarna Lower Bazar Mob. 9882749027 राजू (गढ़ वाले) | JP Acharya — V.P.O. SAGOOR Teh. Baijnath Distt. Kangra (H.P.) | MS. KATNA TRADERS — Opposite Bus Stand, Nadaun Mob. 8891500003 | New GURUKUL | BUDHA MAL & SONS JEWELLERS PALAMPUR | NEW NANDA JEWELLERS — Grand Plaza, Shop No. 30-31 Palampur, MOB. 91293-51290




## न्यूज ब्रीफ

### जोगिंद्रनगर में तेंदुए की खाल बरामद, केस दर्ज



पुलिस द्वारा बरामद तेंदुए की खाल को वन विभाग को सौंपते हुए।

**अभिषेक शर्मा, जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर पुलिस ने अवैध शिकार और वन्यजीवों के अवशेषों की तस्करी के एक गंभीर मामले का खुलासा करते हुए मामला दर्ज किया है। पुलिस ने 6 फीट 7 इंच लंबी तेंदुए की खाल और एक लाइसेंसशुदा शक्तिमान बंदूक जब्त की है। यह कार्रवाई एसएचओ सकीनी कपूर की अगुवाई में की गई। आरोपी के खिलाफ वन्यजीव संरक्षण अधिनियम की धारा 51(ए) के तहत मामला दर्ज किया गया है। एसएचओ सकीनी कपूर ने बताया कि, 'हम वन्यजीवों की सुरक्षा और हमारी प्राकृतिक धरोहरों के संरक्षण के प्रति पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध हैं। इस तरह की गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।' वहीं, लडभड़ोल रेंज आफिसर मोनिका ने जानकारी दी कि पुलिस द्वारा बरामद तेंदुए की खाल को वन विभाग को सौंप दिया गया है और इसे जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा जाएगा। वन विभाग इस मामले की गहन जांच कर रहा है, ताकि अवैध शिकार से जुड़े और पहलुओं का पता लगाया जा सके। जोगिंद्रनगर क्षेत्र में यह पहली बार नहीं है जब वन्यजीवों की तस्करी से संबंधित कोई मामला सामने आया है। पुलिस और वन विभाग इस तरह के मामलों पर पैनी नजर बनाए हुए हैं।

### फंदे पर लटका मिला प्रवासी महिला का शव



**अनंत ज्ञान, ऊना।** जिला मुख्यालय स्थित वार्ड नंबर एक में 26 वर्षीय प्रवासी महिला का शव फंदे पर लटका मिला। मृतक महिला की पहचान आरती पत्नी सूरज निवासी नेकपुर (उत्तर प्रदेश) के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। महिला की मौत के कारणों का पता नहीं चल पाया है। जानकारी के अनुसार वीरवार दोपहर 12 बजे के करीब वार्ड नंबर एक के एक मकान में महिला का शव फंदे से लटका हुआ पाया गया। इसके बाद सूचना सिटी चौकी पुलिस को दी गई। चौकी प्रभारी गुरदीप सिंह टीम के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए क्षेत्रीय अस्पताल ऊना भेजा गया।

### स्कूली छात्रा से छेड़छाड़ करने का मामला दर्ज



**अनंत ज्ञान, बड़सर।** पुलिस थाना बड़सर के तहत स्कूली नाबालिक छात्रा से छेड़छाड़ पर पोक्सो एक्ट का मामला दर्ज हुआ है। स्कूल में पढ़ने वाली नाबालिग छात्रा के परिजनों ने थाना में यौन उत्पीड़न का मामला दर्ज करवाया है। परिजनों ने गांव के ही एक व्यक्ति पर बेटी से छेड़छाड़ करने के आरोप लगाए हैं। पुलिस ने मामला दर्ज कर छात्रा का मेडिकल करवाकर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि, अभी तक इस मामले में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं हुई है। पुलिस अधीक्षक हमीरपुर भगत सिंह ठाकुर ने कहा कि मामले में पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया गया है। बड़सर पुलिस की एक टीम इस सारे मामले की जांच में जुटी है, आरोपी बहुत जल्दी सलाखों के पीछे होगा।

### भांग की खेती करने के आरोप में मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, बैजनाथ।** पुलिस थाना बैजनाथ के तहत भांग की खेती करने का मामला सामने आया है। उधर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। जानकारी के अनुसार पोलिंग में धनू राम व तोलू राम दोनों निवासी पोलिंग के खिलाफ अपने निजि खेतों में अवैध रुप से भांग की खेती करने पर ये मामला दर्ज किया गया है। पुलिस थाना बैजनाथ में एनडीपीएस एक्ट में मामला दर्ज किया गया है। धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

### रेहड़ी-फड़ी व ढाबा मालिकों को पहचान पत्र लगाने के निर्णय का यूपी सरकार से कोई लेना-देना नहीं

# नेम प्लेट पर विक्रमादित्य का यूटर्न

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

लोक निर्माण एवं शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने उत्तर प्रदेश की तर्ज पर रेहड़ी-फड़ी व ढाबा मालिकों को नेम प्लेट लगाने के मामले में यूटर्न ले लिया है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश का इस योजना से कोई लेना-देना नहीं है। हमने सिर्फ फूड क्वालिटी को लेकर कदम उठाने की बात कही है। मामला इतना भड़क गया है कि विक्रमादित्य को पार्टी हाई कमान ने दिल्ली तलब किया है।

गौरतलब है कि वीरवार को मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने सोशल मीडिया पर पोस्ट डालकर बताया था कि पिछले कुछ दिनों में हिमाचल प्रदेश में हुई घटनाओं के मद्देनजर राज्य में शांति बनाए रखना राज्य सरकार और हम सभी की जिम्मेदारी है।

उच्च न्यायालय ने समय-समय पर कहा है कि राज्य में नगर निगम सीमा के अंतर्गत टाउन वेंडिंग कमेटियों का गठन किया जाना चाहिए, ताकि उचित वेंडिंग जोन बनाए जा सकें। हमने यह भी कहा है कि हिमाचल प्रदेश में बाहर से आने वाले लोगों का स्वागत है, लेकिन राज्य की आंतरिक सुरक्षा बनाए रखना महत्वपूर्ण है, क्योंकि हमें राज्य में नशीली दवाओं के खतरे को फैलने से रोकना है, हमें कानून और व्यवस्था बनाए रखनी है, भोजनालयों में स्वच्छता के मुद्दों को भी ध्यान रखना है। उच्च न्यायालय ने भी इस बारे में चिंता व्यक्त की है। हाल ही में हमने जो बैठकें की हैं, उनमें यह निर्णय लिया गया है कि विक्रेताओं की पहचान की जाए, चाहे वे हिमाचल के हों या बाहर के। हिमाचल प्रदेश की आंतरिक सुरक्षा और राज्य के लोगों की चिंताओं के कारण यह कानून सभी पर लागू होता है। जब हमने विधानसभा में यह मुद्दा उठाया तो मुख्यमंत्री ने भी कहा कि इसके लिए एक समिति बनाई गई है जिसमें सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों के नेता हैं और हम इसका (रेहड़ी-फड़ी) दीर्घकालिक समाधान निकालेंगे।



अनंत ज्ञान फॉलोअप

प्रदेश की सुरक्षा के साथ कोई समझौता नहीं किया जाएगा। वहीं कांग्रेस नेता और हिमाचल प्रदेश प्रभारी राजीव शुक्ला ने कहा कि विक्रमादित्य ने कहा है कि ऐसा इसलिए किया जा रहा है ताकि यह सुनिश्चित हो सके कि केवल अधिकृत व्यक्ति ही दुकानें लगा सकें। हिमाचल प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष ने फेरीवालों को नियंत्रित करने और उन्हें लाइसेंस देने के लिए एक सर्वदलीय समिति बनाई है। इसे उत्तर प्रदेश से जोड़ना ठीक नहीं है।

### नेमप्लेट पर अभी नहीं लिया निर्णय : सरकार

**सरकार** को एक स्ट्रीट वेंडर नीति के संबंध में समाज के विभिन्न वर्गों से अनेक सुझाव प्राप्त हुए हैं। अभी तक सरकार ने विक्रेताओं को अपने स्टॉल पर नेमप्लेट या अन्य पहचान पत्र अनिवार्य रूप से लगाने का कोई निर्णय नहीं लिया है। उन्होंने कहा कि सरकार राज्य के स्ट्रीट वेंडरों की चिंताओं को दूर करने के लिए प्रतिबद्ध है और कोई भी निर्णय लेने से पहले सभी सुझावों पर सावधानीपूर्वक विचार करेगी। सरकार के एक प्रवक्ता ने कहा कि इस मामले के समाधान के लिए कांग्रेस और भाजपा दोनों विधायकों की एक समिति पहले ही गठित की जा चुकी है। समिति की अध्यक्षता संसदीय कार्य मंत्री हर्षवर्धन चौहान ने की और इसमें ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज मंत्री अनिरुद्ध सिंह, लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह और विधायक अनिल शर्मा, सतपाल सत्ती, रणधीर शर्मा और हरीश जनारथा शामिल हैं।

## मां चिंतपूर्णी महोत्सव के निमंत्रण-पत्र से कालिया व विवेक का नाम गायब

**अनंत ज्ञान, गगरेट**

मां चिंतपूर्णी के नाम से पहली बार आयोजित हो रहे जिला स्तरीय मां चिंतपूर्णी महोत्सव में जिला प्रशासन द्वारा छपवाए गए निमंत्रण-पत्रों से विपक्षी विधायक का नाम अगर गायब हो तो यह बात आसानी से समझी जा सकती है, लेकिन सत्तारूढ़ दल के विधायकों के नाम को निमंत्रण-पत्र से गायब हों यह बात समझ नहीं आ रही। बेहद आकर्षक छपवाए गए निमंत्रण-पत्रों पर न तो गगरेट के विधायक राकेश कालिया का नाम छप पाया, जबकि वह चौथी बार विधायक बने हैं और सत्तारूढ़ दल के वरिष्ठ नेताओं में उनका नाम शुमार है और न ही कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक विवेक शर्मा के नाम को इस निमंत्रण-पत्र पर स्थान मिल पाया है। ऐसे में पहली बार आयोजित हो रहे जिला स्तरीय मां चिंतपूर्णी महोत्सव के साथ एक विवाद जुड़ गया है।

इस समारोह में एक से बढ़कर एक कलाकार आएंगे पर आयोजक समिति का पूरा ध्यान केंद्रित रहा लेकिन सत्तारूढ़ दल के विधायकों के नाम आखिर निमंत्रण-पत्र पर छपने से कैसे छूट गए शायद इस ओर किसी का ध्यान नहीं गया।

जनता में यह चर्चा आम है कि क्या वास्तव में आयोजक समिति सत्तारूढ़ दल के विधायकों का नाम छापना भूल गई या फिर दस्तन यह गलती की गई है। कालिया का संबंध उस पुजारी परिवार से भी है जिसे बाबा माईदास का वंशज कहा जाता है और जिनके जिम्मे मां चिंतपूर्णी की पूजा-पाठ का जिम्मा है। पुश्त-दर-पुश्त कालिया के घर भी विधानसभा क्षेत्र चिंतपूर्णी में हैं। बड़ी बात यह है कि जिस कांग्रेस पार्टी की सरकार प्रदेश में सत्तासीन है उसी सत्तारूढ़ पार्टी के राकेश कालिया व विवेक शर्मा लोकतांत्रिक तरीके से चुने हुए विधायक हैं। हालांकि, आयोजकों की मानें तो सभी विधायकों व पूर्व विधायकों को निमंत्रण-पत्र भेजे गए हैं, लेकिन निमंत्रण-पत्र पर सत्तारूढ़ दल के विधायकों के नाम क्यों नहीं हैं, इसका जवाब किसी के पास नहीं है। चाहिए तो यह था कि मां चिंतपूर्णी के नाम से पहली बार आयोजित हो रहे जिला स्तरीय मां चिंतपूर्णी महोत्सव के निमंत्रण-पत्र पर जिले के तमाम विधायकों के नाम छापे जाते, क्योंकि ये विधायक अपने-अपने क्षेत्र की जनता का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं और यह किसी राजनीतिक दल का विशेष कार्यक्रम नहीं है।

## भ्रष्टाचार में लिप्त प्रधान और दो वार्ड सदस्य सस्पेंड

**अनंत ज्ञान, नाहन**

जिला सिरमौर के विकास खंड शिलाई की ग्राम पंचायत लाणी बोराड़ के प्रधान सहित पंचायत के 2 वार्ड सदस्यों को उनके पदों से सस्पेंड कर दिया गया है। इन सभी पर वित्तीय अनियमितताओं और कर्तव्यों के निर्वहन में लापरवाही के चलते निलंबन की ये गाज गिरी है। इस संबंध में जिला पंचायत अधिकारी सिरमौर अभिषेक मित्तल ने संबंधित जनप्रतिनिधियों के निलंबन के आदेश जारी किए हैं। इसके साथ-साथ चल-अचल संपत्ति तत्काल प्रभाव से ग्राम पंचायत सचिव को सौंपने के भी निर्देश दिए हैं।




प्राप्त जानकारी के अनुसार पंचायत प्रधान रमेश पर ग्राम पंचायत की संपत्ति के दुरुपयोग का आरोप लगा है, जबकि वार्ड सदस्य कपिल राणा पर पंचायत कार्यों में लापरवाही और साक्ष्यों से छेड़छाड़ का संदेह जताया गया है। वहीं, आशा देवी के खिलाफ जारी आदेश में 150 बैग सीमेंट और अन्य सामग्री के गायब होने के साथ-साथ करीब डेढ़ लाख रुपए की सामग्री के अनुचित उपयोग का आरोप लगा है। बताया जा रहा है कि जांच के बाद तीनों पंचायत प्रतिनिधियों को नोटिस जारी कर जवाब-तलब किया गया। जवाब संतोषजनक न पाए जाने के बाद ये कार्रवाई अमल में लाई गई है। जिला पंचायत अधिकारी अभिषेक मित्तल ने पुष्टि करते हुए बताया कि प्रधान सहित दोनों वार्ड सदस्यों के खिलाफ हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम के तहत नियमित जांच होगी। जांच के दौरान इनका पद पर बने रहना जांच प्रक्रिया पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है, लिहाजा तीनों को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

## मस्जिद विवाद पर बयान देने के बाद कांप रही मंत्रियों की टांगें : जयराम ठाकुर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने प्रधानमंत्री के जन्मदिन के अवसर पर सेवा पखवाड़ा के तहत शिमला में एक मालरोड पर आयोजित प्रदर्शनी का उद्घाटन किया। इस प्रदर्शनी में जहां मोदी सरकार के ऐतिहासिक कार्यों की झलक देखी जा सकती है। वहीं, मोदी के जीवन से जुड़ी प्रेरक बातों का भी अक्स है। नरेंद्र मोदी ने चार बार गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में काम करते हुए गुजरात को विकास की नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया। इसके बाद भारत के प्रधानमंत्री के रूप में काम करते हुए भारत के ऐतिहासिक विकास की गाथा लिखी। भारत को दुनिया के अग्रणी देशों की प्रथम पंक्ति में ला खड़ा किया। भारत के हर वर्ग का सर्वांगीण विकास किया। जयराम ने इस प्रदर्शनी के लिए पार्टी के सभी साथियों को साधुवाद देने के साथ-साथ प्रदर्शनी को एक बार सभी से अवश्य देखने का आग्रह किया। यह प्रदर्शनी हिमाचल के सभी लोकसभा क्षेत्रों में आयोजित होगी।

इस मौके पर उनके साथ हिमाचल भाजपा के प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन, प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कार्यक्रम प्रभारी रशिम धर सूद, प्रदेश कोषाध्यक्ष कमल सूद, मीडिया प्रभारी कर्ण नंदा, प्रेम ठाकुर, सुनील धर, संजय सूद, राजीव पंडित, संगीत सूद, तरुण राणा, बिलाल अहमद आदि उपस्थित रहे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा है कि मस्जिद विवाद में कांग्रेस का दोहरा चरित्र सामने आ रहा है। एक तरफ मंत्री बयान पर बयान दिए जा रहे हैं और दूसरी और दिल्ली से दबाब पड़ते ही इनकी टांगे लड़खड़ा रही हैं। कोई बाहरी मुस्लिम नेता यहां आकर माहौल खराब कर जाता है और जिनके इशारे पर कानून व्यवस्था चलती है, वह मुख्यमंत्री चुप्पी साधे हुए हैं। जयराम ने कहा कि जिस अवैध मस्जिद को पुलिस-प्रशासन द्वारा सील किया गया है उसमें जबरन घुसकर और वहां का वीडियो बनाकर एआईएमआईएम नेता ने शिमला में कायम हो रही शांति को भंग करने की कोशिश की है।

## महिला विकास निगम महिलाओं के उत्थान के लिए कृतसंकल्प : शांडिल

**अनंत ज्ञान, सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने कहा कि राज्य महिला विकास निगम महिलाओं के सामाजिक एवं आर्थिक उत्थान के लिए कृतसंकल्प है और निगम की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से महिलाओं को लाभ पहुंचाकर आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में कार्य किया जा रहा है। शांडिल आज सोलन के कंडाघाट में हिमाचल प्रदेश महिला विकास निगम के निदेशक मंडल की 49वीं बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ने कहा कि महिला उद्यमियों, महिला सहकारी समितियों एवं अन्य महिला संगठनों को स्वरोजगार स्थापित करने में आर्थिक सहायता प्रदान करना, महिलाओं की व्यवसायिक कार्य कुशलता बढ़ाने के लिए प्रशिक्षण सुविधा उपलब्ध करवाना और महिलाओं की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार के लिए निरंतर कार्य करना निगम का मुख्य उद्देश्य है। उन्होंने कहा कि एक महिला के सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के माध्यम से परिवार और समाज का हित सुनिश्चित बनाया जा सकता है। महिला परिवार की धुरी है और महिलाओं की मजबूती देश और प्रदेश के हित में है। उन्होंने निदेशक मंडल को निर्देश दिए कि निगम की योजनाओं का बेहतर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित बनाएं, ताकि पात्र महिलाएं इन योजनाओं का लाभ उठा सकें। उन्होंने पात्र महिलाओं को जागरूक करने के लिए जागरूकता शिविर आयोजित करने तथा प्रचार समाग्री जन-जन तक पहुंचाने के निर्देश भी दिए। डॉ. शांडिल ने स्वरोजगार योजना के तहत ऋण सीमा को एक लाख रुपए से बढ़ाकर 3 लाख रुपए करने का मामला प्रदेश सरकार को प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने महिला विकास निगम द्वारा दिए जाने वाले ब्याज मुक्त अध्ययन ऋण को अधिक से अधिक महिलाओं को उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर आशीष सिंहमार, रूपाली ठाकुर, सीमा शर्मा आदि उपस्थित थे।



बैठक की अध्यक्षता करते सामाजिक कल्याण मंत्री कर्नल शांडिल।



## प्रदेश में श्रमिकों के लिए भी जारी होगा हेल्पलाइन नंबर

**बिलासपुर।** हिमाचल प्रदेश भवन और अन्य निर्माण श्रमिक कल्याण बोर्ड के अध्यक्ष नरदेव सिंह कंवर वीरवार को बिलासपुर पहुंचे। बिलासपुर पहुंचने पर उन्होंने सर्किट हाउस में प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि जल्द ही हिमाचल प्रदेश में श्रमिकों के लिए एक हेल्पलाइन नंबर जारी करने जा रहा है। इन हेल्पलाइन नंबर के माध्यम से श्रमिक अपनी समस्याओं को बताएंगे। उन्होंने कहा कि इस सारे मामले को लेकर वह प्रतिदिन अधिकारियों से पूरी फीडबैक लेंगे और शाम के समय में वह प्रतिदिन श्रमिकों की समस्याओं का हल निकालेंगे और उनसे फोन पर संपर्क पर भी करेंगे।

उन्होंने कहा कि श्रमिकों को सरकार की प्रत्येक योजनाओं की जानकारी हो और उनको इसका लाभ मिले, इसके लिए वह पूरे प्रदेशभर का दौरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि वह 68 विधानसभा क्षेत्रों का दौरा करने जा रहा है और प्रत्येक क्षेत्र में अधिकारियों को आदेश जारी किए गए हैं कि वह जागरूकता शिविरों का आयोजन करें और वह प्रत्येक शिविरों में स्वयं जाएंगे और श्रमिकों को उनके कानून और सुविधाओं के लिए बारे में जागरूक किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जरूरतमंद और योग्य निर्माण श्रमिकों तक बोर्ड द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक कल्याण योजनाओं की वित्तीय सहायता प्रदान करना बोर्ड की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि बोर्ड श्रमिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है और उनके उत्थान के लिए विभिन्न योजनाओं का सफलतापूर्वक कार्यान्वयन सुनिश्चित किया जा रहा है।

## बेटे ने दान की पिता की आंखें दो लोगों को मिलेगी रोशनी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**



डॉ. विनय गुप्ता अशोक कुमार को प्रशस्ति पत्र देते हुए।

शिमला के इंदिरा गांधी मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल (आईजीएमसी) में कुल्लू निवासी अशोक कुमार ने दरियादिली दिखाकर अपने 62 वर्षीय मृत पिता की आंखें दान की। ऐसा करके उन्होंने समाज में मिसाल कायम की है। अब उनके पिता की आंखें दो लोगों के जीवन की रोशनी बनेगी।

अशोक ने बताया कि उनके पिता लंबे समय से फेफड़ों के रोग से ग्रसित थे। लंबे समय तक इलाज चला रहा। इसी बीच कुछ दिन पहले 11 सितंबर को सीटीवीएस विभाग में दाखिल उनके पिता ने अंतिम सांस ली। विभाग के डाक्टरों ने उन्हें नेत्रदान के बारे में जानकारी दी तो उन्होंनें बिना आनाकानी किए पिता की आंखे दान करने का फैसला लिया।

उन्होंने बताया कि उनके पिता समाज सेवा में हमेशा तत्पर रहते थे, ग्रामीण क्षेत्रों में साक्षरता अभियान के तहत लोगों को नुक्कड़ नाटक के जरिए शिक्षा का महत्व बताते थे। पिता जी हमेशा से परोपकार के कामों में आगे रहते थे। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि नेत्रदान हर कोई व्यक्ति कर सकता है, यह काम दूसरों की जिंदगी में उजाला ला सकता है। मरने के बाद नेत्रदान जरूर करना चाहिए ताकि जरूरतमंदों को इसका फायदा मिल सके। बेहतरीन स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाने के लिए उन्होंने सीटीवीएस विभाग के डॉक्टर सुधीर मेहता वह डॉक्टर सीमा का धन्यवाद किया। नेत्रदान करने के बाद नेत्र रोग विभाग की ओर से डॉक्टर विनय गुप्ता ने संबंधित परिवार को प्रशस्ति पत्र जारी किया गया।

**बड़बोलापन** — कंगना के साथ वाक युद्ध के बीच योगी मॉडल ने खींचा ध्यान

# विक्रमादित्य की बेबाकी से फिर सांसत में कांग्रेस

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

पार्टी लाइन से हटकर अपनी सोच जाहिर करने और उस पर अमल करने की बेबाकी एक बार फिर से चर्चा में है। कभी अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पहुंच तो कभी हिमाचल में मोहब्बत की दुकान के बयान पर एआईएमआईएम के सांसद असदुद्दीन ओवैसी को हैदराबाद की चिंता करने की नसीहत।

वहीं, अपनी बढ़िया कार्यशैली के अलावा मुद्दों पर पार्टी लाइन से हटकर अतीत में मंत्री पद त्याग कर अपनी राजनीतिक नाराजगी जाहिर कर चुके मंत्री विक्रमादित्य सिंह मुद्दों पर खुलकर बोलते हैं। प्रदेश के विकास के लिए केंद्र से अच्छे रिश्तों के पैरोकार विक्रमादित्य विकास के साथ अपने तेवरों से भी प्रदेश की राजनीति की धुरी बने हुए हैं। भले ही इन दिनों लोकसभा में प्रदेश की हॉटसीट मंडी से जीती कंगना रनौत तथा हारे विक्रमादित्य सिंह के बीच बयानों का सिलसिला जारी हो लेकिन अल्पसंख्यक समुदाय की पसंद रही कांग्रेस की लाइन से हटकर विक्रमादित्य का आईडी प्रदर्शित करने के कानून से चर्चा में आ गए हैं। उधर, मस्जिद मामला उठाने पर कांग्रेस सरकार के मंत्री अनिरुद्ध सिंह को भाजपा दबाव में बता रही है तो वहीं, विक्रमादित्य ने पार्टी लाइन से हटकर हिमाचल में भोजनालय, फास्ट फूड स्टॉल तथा रेहड़ी-फड़ी वालों को यूपी की तर्ज पर अपनी पहचान बताने की बात कह नई चर्चा को हवा दे दी है। इससे पहले अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में राष्ट्रीय भाजपा ने विक्रमादित्य सिंह को न्योता दिया दिया तथा वह समारोह का हिस्सा बने।

> प्रदेश की राजनीति में मशहूर हुए मजबूत तेवर

विधानसभा सत्र में विक्रमादित्य सिंह ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के लिए केंद्र का आभार जताया था। हालांकि, उन्होंने यह भी कहा था कि भले ही आशानुरूप सहयोग नहीं मिला है, लेकिन जितना मिला है उसके लिए केंद्र का आभार व्यक्त करता हूं। हाल ही में विक्रमादित्य सिंह ने ट्विटर पर पोस्ट करते हुए लिखा कि हिमाचल और हिमाचलियत के हित सर्वश्रेष्ठ, सर्वत्र हिमाचल का संपूर्ण विकास, जय श्री राम! समय के साथ हर कानून में तबदीली लाना आवश्यक है। वक्फ बोर्ड में भी बदलते समय के साथ सुधार की आवश्यकता है। उनके ताजा कदम के अनुसार अब हिमाचल प्रदेश में योगी मॉडल की तरह हर भोजनालय और फास्टफूड रेहड़ी पर मालिक की आईडी लगाई जाएगी, ताकि लोगों को किसी भी तरीके की परेशानी न हो। इसके लिए शहरी विकास विभाग और नगर निगम की बैठक में निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

जय श्री राम के सोशल मीडिया स्टेट्स तथा खुद को हिमाचल का बेटा/सेवक कहकर विक्रमादित्य ने पार्टी को कई बार सांसत में डाला है। ऐसा भी नहीं कि वह विपक्ष को नहीं घेरते। उन्होंने जामा मस्जिद के नमाजियों की दिक्कत को लेकर भाजपा के 22 जून 2021 को तत्कालीन भाजपा सरकार के शहरी विकास, नगर एवं ग्राम योजना, आवास, संसदीय मामले, विधि व सहकारिता मंत्री सुरेश भारद्वाज के लिखे पत्र को सोशल मीडिया में पोस्ट कर लिखा कि पैरवी भाजपा के मंत्री खुद करते हैं और आरोप सरकार पर लगाते हैं। (अनंत ज्ञान)

## कंडक्टर ने महिला के खिलाफ दर्ज करवाया जान से मारने की धमकी देने का मामला

**अनंत ज्ञान, नादौन।** उपमंडल नादौन के प्राइवेट बस परिचालक त्रिलोकी नाथ गांव गौना ने नादौन थाना में महिला के खिलाफ मामला दर्ज करवाया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि 19 सितंबर को समय करीब 4.50 बजे शाम को यह अपनी बस की चैकिंग के लिए गौना बाजार में खड़ा था तो उसी समय एक प्राइवेट नंबर की कार वहां पर रुकी और उस कार के चालक ने 3-4 सवारियों को अपनी कार में बैठा लिया, जिसमें महिला भी शामिल थी। जिस पर शिकायतकर्ता ने उस कार चालक से पूछा कि बस का टाइम चला है आप निजी गाड़ी में सवारियों को न बिठाएं जिस पर उस कार के चालक ने शिकायतकर्ता के साथ विनम्रता से बात करते हुए महिला सवारियों को अपनी कार से उतरने के लिए कहा और उसके बाद वह चालक अपनी कार लेकर वहां से चला गया।

शिकायकर्ता भी वहां से अपने घर चला गया। उसके बाद 21 सितंबर को इस विवाद के संदर्भ में बात करने के लिए गौना में प्रधानाचार्य के कार्यालय में शिकायतकर्ता को बुलाया गया था जहां पर ज्योति नाम की एक महिला ने ऊंची आवाज में शिकायतकर्ता को जान से मारने की धमकियां देते हुए कहा कि वह अपने रिस्तेदारों को बुलाकर शिकायतकर्ता को मरवा देगी तथा उसकी बस को भी जला देगी। जिस कारण शिकायतकर्ता को उस महिला से जान का खतरा है। पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि शिकायत के आधार पर नादौन थाना में मामला दर्ज हुआ जिसमें छानबीन की जा रही है।



## न्यूज ब्रीफ

### पीहड़ी के स्टूडेंट्स का खेलों में उत्कृष्ट प्रदर्शन



**अनंत ज्ञान, डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीहड़ी के छात्र-छात्राओं का खेलों में शानदार प्रदर्शन रहा। हाल ही में हुए अंडर-14 खेल प्रतियोगिता में छात्रों ने गुम्मर में ब्लॉक स्तर पर खो-खो में प्रथम स्थान हासिल किया। इस बीच छात्राओं ने भी खो-खो में प्रथम स्थान हासिल किया। इसके साथ-साथ कबड्डी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। अंडर-19 छात्राओं ने थिल में जोनल खेलों में बैडमिंटन में प्रथम स्थान हासिल किया व खो-खो में भी प्रथम स्थान हासिल किया तथा कबड्डी में द्वितीय स्थान प्राप्त किया। प्रधानाचार्य सुनील कुमार, एसएमसी प्रधान विजय सिंह व सदस्यों तथा अभिभावकों ने खिलाड़ी छात्र-छात्राओं का स्कूल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया। उन्होंने खेलों में अच्छा प्रदर्शन करने के लिए उन्हें बधाई दी। प्रधानाचार्य ने इन सबका श्रेय विद्यालय के डीपीई वीरेंद्र कुमार को दिया।

### मॉक ड्रिल में सिखाए आपदा से बचाव के उपाय



**अनंत ज्ञान, कांगड़ा।** राजकीय महाविद्यालय मटौर में उपमंडलाधिकारी कांगड़ा के निर्देशानुसार 14 बीएन एन डी आर एफ के सदस्यों द्वारा विभिन्न प्राकृतिक और मानव निर्मित आपदाओं के प्रबंधन हेतु मॉक ड्रिल के माध्यम से जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें एसडीएम कार्यालय से आए संजय कुमार, अनिल तलकोतरा (डिप्टी कमांडेंट), आदेश कुमार (इंस्पेक्टर), मोहित (सब इंस्पेक्टर) एनडीआरएफ बतौर अतिथि उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में आदेश कुमार और मोहित द्वारा हार्ट अटैक (हृदयाघात), के दौरान सीपीआरएफ देना, गले में किसी चीज के फंसने पर एफ बीए ओ देना, दुर्घटना के समय रक्त प्रवाह को रोकने, आग लगने पर अग्निशमन यंत्रों का प्रयोग करने, घायलों को ले जाने के लिए स्ट्रेचर बनाने, भूकंप में बचने, बाहर निकलने व घायलों को बचाने के गुर मौखिक रूप से व मूक अभिनय (मॉक ड्रिल) दोनों माध्यमों से विद्यार्थियों के साथ साझा किए।

### सकरी में मनाया किशोर स्वास्थ्य कल्याण दिवस



**अनंत ज्ञान, जवाली।** वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सकरी में खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमन ढुआ के निर्देशानुसार किशोर स्वास्थ्य कल्याण दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता प्रधानाचार्य संजय बागी ने की, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की ओर से स्वास्थ्य खंड नगरोटा सूरियां से स्वास्थ्य पर्यवेक्षक सुभाष चंद और स्वास्थ्य कार्यकर्ता विक्की चौधरी ने बच्चों को शारीरिक, मानसिक बदलावों के बारे जानकारी दी। उन्होंने बताया कि हम भी इसी स्टेज से गुजरे हैं। यह बदलाव हार्मोन के कारण लड़के-लड़कियों सभी में होते हैं और शरीर पूरा आकार लेता है, अपनी साफ-सफाई का खास ख्याल रखें, नियमित भोजन करें,जंक फूड न लें, समय पर सोएं। अपनी पढ़ाई पर पूरा ध्यान दें, सादा भोजन करें, तली भुनी खाद्य सामग्री से परहेज करें, नशे से दूर रहें, नशा बांटने वाले गिरोह से सावधान रहें अगर कोई दिक्कत आए तो अपने माता-पिता, अध्यापकों, पुलिस को सूचित करें।

# फतेहपुर में शुरू होंगे करोड़ों के कार्य

## विधायक भवानी पठानिया ने अधिकारियों सहित किया जगहों का दौरा, जल्द काम शुरू करने के दिए निर्देश

**अनिल छांगू, जवाली**

विधानसभा फतेहपुर के विकास को पंख लगेंगे। फतेहपुर के रैहन कस्बा को पुलिस थाना मिला है। फतेहपुर मे 50 बिस्तर का 6 मंजिला अस्पताल का भवन ऑपरेशन थिएटर, प्रसव भवन, लैब, बाकी टेस्ट की व्यस्थाओं के साथ तैयार होगा।

फतेहपुर हलके के विधायक एवं हिमाचल प्रदेश योजना आयोग के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया ने विकास कार्यों को लेकर अधिकारियों सहित दौरा कर काम शुरू करने के आदेश दिए हैं। विधायक एवं हिमाचल प्रदेश योजना आयोग के उपाध्यक्ष भवानी सिंह पठानिया ने संबंधित विभागों के अधिकारियों सहित इन जगहों का दौरा किया व जल्द काम शुरू करने के आदेश दिए। इस से पूर्व गत दिन पुलिस चौकी से रैहन, पुलिस थाना बने थाने का भी विधायक पठानिया ने विधिवत लोकार्पण किया। (अनंत ज्ञान)



### रैहन में बनेंगे इंडोर स्टेडियम व स्विमिंग पूल

**रैहन** में 3 मंजिला लाइब्रेरी बनेगी, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों के लिए रीडिंग रूम, डिजिटल और बुक्स सेक्शन के साथ टीचिंग हॉल होगा। रैहन में ही इंडोर स्टेडियम व स्विमिंग पूल का निर्माण कार्य भी शुरू होने जा रहा है। इसी के साथ देहरी कॉलेज में छात्रों के लिए 750 की क्षमता वाला ऑडिटोरियम और नया एडमिनिस्ट्रेटिव ब्लॉक बनने जा रहा है। इसी के साथ फतेहपुर पीडब्ल्यूडी रेस्ट हाउस को भी संजीवनी मिली है। यहां अब नया 4 कमरे का ब्लॉक बनने जा रहा है। रैहन में सीवरेज प्लान के लिए 20 करोड़ रुपए खर्चे जा रहे हैं।

## दशहरा उत्सव के लिए प्लांट का आवंटन आज

**जयसिंहपुर।** 10 से 12 अक्तूबर तक मनाए जाने वाले राज्य स्तरीय दशहरा उत्सव के लिए अब प्लॉट आवंटन 27 सितंबर को होगा। उपमंलाधिकारी जयसिंहपुर एवं राज्यस्तरीय दशहरा उत्सव समिति के अध्यक्ष संजीव ठाकुर ने बताया कि दशहरे के सफल आयोजन के लिए डोम, तहबाजारी व झूले लगाने के लिए मैदान का आवंटन खुली नीलामी से एसडीएम सभागार में सुबह साढ़े ग्यारह बजे किया जाएगा । आवंटन के लिए आरक्षित राशि अठारह लाख रुपये निर्धारित की गई है। नीलामी में भाग लेने वाले प्रत्येक बोलीदाता को दो लाख रुपये नकद राशि तथा बैंक ड्राफ्ट अध्यक्ष राज्यस्तरीय दशहरा समिति के नाम नीलामी से पूर्व जमा करवानी होगी। सफल बोलीदाता को बोली की समस्त राशि उसी दिन शाम पांच बजे से पहले दशहरा उत्सव समिति के कार्यलय में जमा करवानी होगी, अन्यथा राशि को जब्त कर लिया जाएगा और अगले बोलीदाता को मौका दिया जाएगा।

# पीजी और सरकारी हॉस्टलों में रह रहे विद्यार्थी रात 8 बजे के बाद बाहर न घूमें

## बिना किसी कारण घूमते पाए गए तो होगी कार्रवाई: एसएचओ

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

नगरोटा बगवां पुलिस थाना क्षेत्र के अंतर्गत निजी पीजी और सरकारी हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों को थाना प्रभारी चमन लाल ने सख्त हिदायतें देते हुए कहा कि ये विद्यार्थी रात 8 बजे के बाद बिना किसी कारण बाहर घूमते पाए गए तो उन पर और पीजी मालिक व सरकारी हॉस्टल के वार्डन पर कार्रवाई अमल में लाई जा सकती है। उन्होंने कहा कि निजी व सरकारी हॉस्टलों में विद्यार्थी रह रहे हैं, वे भी अपना नाम व पता वार्डन और निजी पीजी मालिक को दर्ज करवाएं। सरकारी हॉस्टल और निजी पीजी में रह रहे विद्यार्थी पीजी मालिक और सरकारी हॉस्टल के वार्डन की अनुमति के बिना शहर में रात 8 बजे के बाद न घूमें। उन्हें किसी जरूरी कार्य हेतु अपने परिसर से बाहर आना पड़े तो वे जिम्मेदार अधिकारियों से लिखित रूप से साथ अनुमति लाएं। उन्हें पुलिस के पूछने पर बाहर आने का अनुमति पत्र दिखाना आवश्यक होगा।



चमन लाल
एसएचओ

नगरोटा बगवां पुलिस थाना प्रभारी चमन लाल ने बताया कि नगरोटा बगवां के मला रेलवे फाटक के समीप 25 सितंबर को एक अज्ञात व्यक्ति जख्मी हालत में मिला था। उसे एंबुलेंस से सिविल अस्पताल नगरोटा बगवां पहुंचाया गया था, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित किया था। अज्ञात व्यक्ति का शव टांडा मेडिकल कॉलेज के शव गृह में रखा गया है। उन्होंने लोगों से अपील करते हुए कहा कि कोई उसकी पहचान करता है तो इसकी सूचना नगरोटा बगवां पुलिस थाना को दें।

### 15 अक्तूबर से पहले थाने में पंजीकरण करवाएं प्रवासी

**एसएचओ** ने कहा कि 15 अक्तूबर से पहले इस क्षेत्र में रह रहे प्रवासी अपना पंजीकरण थाने में करवाएं अन्यथा कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहें। जो भी प्रवासी नगरोटा व आसपास के पंचायती क्षेत्र में नगर परिषद नगरोटा बगवां के अंतर्गत रह रहे हैं, उन्हें जल्द से जल्द अपना पंजीकरण थाने में आकर करवाना होगा। जो भी प्रवासी 10 साल से ज्यादा समय से रह रहे हैं, वे अपने परिवार का पंजीकरण भी 15 दिन के भीतर करवाएं। पंचायत प्रधान भी सुनिश्चित करें कि उनकी पंचायत में रह रहे प्रवासी सभी वार्ड के सदस्यों को अपना नाम दर्ज कराएं।

## धीरा में वॉलीबाल और कबड्डी प्रतियोगिता 28 से

**डरोह।** फ्रेंड्स क्लब धीरा की ओर से कबड्डी एवं वॉलीबाल प्रतियोगिता 28 से 30 सितंबर तक एसडीएम कार्यालय परिसर धीरा में करवाई जा रही है। वॉलीबाल की ओपन प्रतियोगिता होगी, जिसमें केवल जिला कांगड़ा के खिलाड़ी ही भाग ले सकेंगे। इसमें प्रथम पुरस्कार 5100, द्वितीय पुरस्कार 3100 जबकि तृतीय पुरस्कार 1100 रुपए रखा गया है। इसका प्रवेश शुल्क 600 रुपए प्रति टीम होगा। वॉलीबाल प्रतियोगिता 29 सितंबर को डे-नाइट होगी। कबड्डी प्रतियोगिता में अंडर-14, अंडर -19 एवं ओपन मैच होंगे। अंडर -14 में प्रथम पुरस्कार 1100 जबकि द्वितीय पुरस्कार 500 रुपए होगा। इनका प्रवेश शुल्क मात्र 300 रुपए रहेगा। अंडर-19 में प्रथम पुरस्कार 3100, जबकि द्वितीय पुरस्कार 2100 रुपए होगा। इनका प्रवेश शुल्क मात्र 600 रुपए होगा। कबड्डी ओपन में प्रथम पुरस्कार 5100 जबकि द्वितीय पुरस्कार 3100 रुपए रखा गया है। इनका प्रवेश शुल्क 600 रुपए प्रति टीम होगा।

# समाजसेवी डॉ. आकाशदीप शोध कार्य के लिए सम्मानित



**अनंत ज्ञान, पालमपुर**

पालमपुर के समाजसेवी युवा डॉक्टर आकाशदीप जरियाल को राजस्थान में पंडित दीनदयाल उपाध्याय समारोह समिति जयपुर द्वारा सम्मानित किया गया हैं। उन्हें यह सम्मान बुधवार को केंद्रीय पर्यटन संस्कृति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत व देश के प्रसिद्ध उद्योगपति व समाजसेवी कुलेहरिया, प्रो. मोहन लाल छिपा ने प्रदान किया। युवा डॉ. आकाशदीप जरयाल ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पत्रकारिता पर हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला से शोध कार्य पूरा किया है। उनके शोध कार्य करने पर उन्हें प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।

### राजस्थान में केंद्रीय पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री शेखावत ने दिया सम्मान

आकाशदीप जरयाल ने विगत दो दशक से अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ, हिंदू जागरण मंच में उल्लेखनीय कार्य करने के बाद प्रदेश भारतीय जनता पार्टी में खेल प्रकोष्ठ प्रदेश संयोजक के तौर पर कार्य कर युवाओं को जोड़ा। प्रदेश भाजपा कार्य समिति के सदस्य के तौर पर कार्य करते हुए सामाजिक कार्यों में अपनी भागीदारी बढ़-चढ़ कर निभाई। डॉ. आकाशदीप जरयाल पिछले 26 वर्षों से संगठनों में सक्रिय रूप से अपना योगदान से दे रहे हैं।





# नवरात्र के लिए सौंदर्य टिप्स



**शहनाज हुसैन**
*अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त सौंदर्य विशेषज्ञ*

**नवरात्र** से पावन त्योहारों की शुरुआत मानी जाती है और नवरात्रे कुछ ही दिन बाद शुरू होने वाले हैं। नवरात्र के बाद दशहरा, धनतेरस, दिवाली, करवा चौथ, भाई दूज, छठ पूजा सहित अनेक त्योहार मनाए जाएंगे। इन त्योहारों की धूम के बीच महिलाएं सबसे खूबसूरत दिखना पसंद करती हैं। नवरात्र में मौसम तेजी से करवट लेता है और इस मौसम में ठंड तेजी से बढ़ना शुरू हो जाती है। ऐसे में वातावरण में तापमान गिरने से नमी में कमी आ जाती है और त्वचा से जुड़ी अनेक सौंदर्य समस्याएं खड़ी हो जाती हैं। नवरात्र में ज्यादातर महिलाएं व्रत रखती हैं, जिससे उनके स्वास्थ्य पर असर पड़ता है और चेहरा बुझ-बुझा सा दिखने लगता है। लेकिन अगर आप अपनी सभी व्यस्तताओं को निभाते हुए भी अपनी आभा और आकर्षण बरकरार रखना चाहती हैं तो आपको कुछ घरेलू उपाय करने होंगे।

***हल्का मेकअप करें :*** *हमेशा यह ध्यान रखें की अगर आपका उत्सव खुले में आयोजित किया जा रहा है तो तो मात्र बेसिक तक ही सीमित रहें तथा हल्के मेकअप पर भरोसा करें क्योंकि ज्यादा मेकअप गर्मी या मौसम की मार से पिघल कर फैल जाएगा और आपका मूड खराब हो सकता है तथा आप उत्सव का पूरा आनंद नहीं उठा पाएंगी। खुले उत्सव में शिरकत करने जाती बार आप प्राइमर, फाउंडेशन या कन्सीलर, आई मेक अप तथा सामान्य लिपस्टिक तक सीमित रखिए, जिससे आप का मेकअप खराब न हो तथा आप उत्सव का भरपूर आनंद उठा सकें।*



***वाटर प्रूफ मेकअप पर करें भरोसा:*** *नवरात्र में अगर आप किसी पार्टी या गरबा डांस में जा रही हैं तो केवल वाटर प्रूफ मेकअप ही करें। वाटर प्रूफ मेकअप से आई लाइनर, लिपस्टिक, फॉउंडेशन बनी रहेगी तथा आप उत्सव का आनंद उठा सकेंगी। अगर आप परंपरागत स्कर्ट के साथ बैकलेस ब्लाउज/चोली पहन कर किसी उत्सव, गरबा या डांडिया में जा रही हैं तो अपनी पीठ पर वैक्स या पोलिश करवाना कभी मत भूलिएगा, लेकिन पीठ पर वैक्स या पोलिश उत्सव से कुछ दिन पहले करबा लीजिए, ताकि अगर किसी किस्म के फोड़े-फुंसी आदि की समस्या आए तो उसका समय रहते उपचार कर लिया जाए।*

***त्वचा के अनुरूप ही करें मेकअप:*** *अपने चेहरे या त्वचा पर मेक अप लगाने से पहले कुछ सावधानियां बरतेंगी तो आप का मेकअप आपकी त्वचा के अनुरूप आपके सौंदर्य को निखारने में अहम भूमिका अदा करेगा, जिससे आप खिली-खिली नजर आएंगी। त्वचा की टोनिंग क्लींजिंग प्रक्रिया का महत्वपूर्ण हिस्सा है। अच्छी टोनिंग से त्वचा पर जमे तैलीय पदार्थ, गंदगी, अवशेष आदि को हटाने में मदद मिलती है, जिससे त्वचा को कोमल, पोषित, नमीयुक्त रखा जा सकता है तथा त्वचा का पीएच संतुलन बरकरार रहता है।*



### ऐसे बरकरार रखें प्राकृतिक आभा

**नवरात्र** के दौरान अपनी प्राकृतिक आभा एवं सौंदर्य बनाए रखने के लिए सबसे पहले अपनी त्वचा को साफ करें तथा उस पर तरल मॉइस्चराइजर लगा लीजिए। चेहरे के दाग धब्बों को फांउडेशन लगाने से पहले संगोपक से ढक लीजिए या धब्बों पर हल्के रंग का फाउंडेशन लगाएं। मेरी राय में भारतीय त्वचा पर मटमैला रंग काफी जंचता है। यदि आपकी त्वचा अत्यधिक गोरी है तो गुलाबी रंगत वाली मटमैली टोन का उपयोग करें। यदि आपकी त्वचा में पीलापन है तो गुलाबी रंगत वाली टोन का उपयोग न करें, बल्कि बिस्कुट रंगत को टोन का उपयोग करें। सांवले रंग में भूरे रंग की टोन उपयुक्त है। मेरे विचार में ज्यादातर भारतीय त्वचा के रंग पीले की अपेक्षा मटमैले तथा बिस्किट फाउंडेशन में ज्यादा आकर्षक दिखते हैं।

# सप्ताहभर में गायब हो जाएंगी चेहरे की झुर्रियां

## चेहरे पर एलोवेरा जेल में मिलाकर लगाएं ये दो चीजें



**बढ़ती उम्र के साथ चेहरे पर झुर्रियां और फाइन लाइंस नजर आना सामान्य बात है, लेकिन अगर समय से पहले चेहरे पर झुर्रियां दिखने लगें, तो यह एक चिंता का विषय बन जाता है। आमतौर पर गलत खानपान खराब जीवनशैली और तनाव के कारण चेहरे पर उम्र से पहले ही झुर्रियां दिखने लगते हैं। इसकी वजह से चेहरा बूढ़ा और बेजान नजर आने लगता है। ऐसे में, कई लोग झुर्रियों से छुटकारा पाने के लिए तरह-तरह के स्किन केयर और ब्यूटी प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करते हैं, लेकिन फिर भी कुछ खास फायदा नहीं मिल पाता है। इनमें हानिकारक केमिकल्स मौजूद होते हैं, जो आपकी त्वचा को नुकसान पहुंचा सकते हैं। ऐसे में आप चाहें तो झुर्रियों से छुटकारा पाने के लिए कुछ घरेलू उपायों को आजमा सकते हैं। इन्हीं घरेलू उपाय में एलोवेरा भी शामिल है। एलोवेरा में ये दो चीजें मिलाकर झुर्रियों से छुटकारा पाया जा सकता है।**

***एलोवेरा और शहद***

*चेहरे से झुर्रियां हटाने के लिए आप एलोवेरा और शहद का इस्तेमाल कर सकते हैं। दरअसल, इन दोनों में एंटी-बैक्टीरियल, एंटी-इन्फ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण भरपूर मात्रा में होते हैं, जो झुर्रियों और फाइन लाइंस को कम करने में मदद करते हैं। साथ ही, त्वचा को कोमल और मुलायम भी बनाते हैं। इसके लिए आप एक चम्मच एलोवेरा जेल लें। इसमें एक चम्मच शहद डालकर अच्छी तरह मिक्स कर लें। अब इस मिश्रण को अपने चेहरे पर लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करें। करीब 15 मिनट बाद पानी से मुंह धो लें। इसके नियमित इस्तेमाल से आपको कुछ ही दिनों में फर्क नजर आने लगेगा।*



***एलोवेरा और जायफल***

*झुर्रियों की परेशानी को दूर करने के लिए एलोवेरा और जायफल का प्रयोग किया जा सकता है। यह कॉन्बिनेशन डेड स्किन को साफ कर दाग-धब्बों और झुर्रियों को हटाने में मदद करता है। इसके लिए जायफल को पीसकर रख लें। अब इसमें दो चम्मच एलोवेरा जेल और आधा चम्मच गुलाब जल मिलाएं। इन सभी चीजों को अच्छे से मिक्स करने के बाद चेहरे पर लगाएं। करीब 15 मिनट बाद चेहरे को गुनगुने पानी से धोकर साफ कर लें। सप्ताह में 2 से 3 बार इसका इस्तेमाल करने से झुर्रियां कम होने लगेंगी।*

# ये उपाय करने से लंबे हो जाएंगे बाल

## रेशम जैसे लहराएंगे आपके बाल, जड़ से हो जाएंगे मजबूत



**आजकल के समय में बालों का ध्यान रखना काफी जरूरी हो गया है। दरअसल, बदलते मौसम और प्रदूषण का असर सीधा बालों पर पड़ता है, जिसकी वजह से बाल काफी कमजोर हो जाते हैं और धीरे-धीरे टूटने लगते हैं। ऐसे में बालों को मजबूत बनाने और उनकी चमक बरकरार रखने के लिए महिलाएं खासतौर पर काफी पैसे खर्च करती हैं। अगर आप भी घर बैठे लंबे और घने बाल पाना चाहती हैं तो हमारे बताए हुए टिप्स फॉलो करें। यहां हम आपको कुछ ऐसी ही टिप्स देने जा रहे हैं, जिनको फॉलो करने के बाद आपके बाल रेशम जैसे लहराएंगे और साथ ही में वो जड़ से मजबूत भी होंगे। इन टिप्स को फॉलो करने का असर आपको कुछ ही दिनों में दिखने लगेगा। तो चलिए बिना देर किए आपको भी बताते हैं कि कैसे आप अपने बालों को बिना पैसे खर्च किए मजबूत बना सकती हैं।**

**स्कैल्प की मालिश :** नियमित रूप से अगर आप स्कैल्प की मालिश करेंगी तो इससे सिर का रक्त संचार बढ़ेगा। रक्त संचार बढ़ने के बाद बालों की जड़ें और मजबूत होंगी, जिसकी वजह से हेयर ग्रोथ में भी इजाफा होगा। ऐसे में बिना सोचे हफ्ते में कम से कम तीन बार गुनगुने तेल से स्कैल्प की अच्छी तरह मालिश करें।



**सफाई का रखें ध्यान:** जिन महिलाओं के बाल लंबे होते हैं, वो अक्सर बाल धोने में आलस दिखाती हैं। जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। अगर आप बालों को नियमित रूप से धोकर साफ रखेंगी तो बाल कम झड़ेंगे। बस ध्यान रखें कि सफाई के चक्कर में हर रोज भी बाल न धोएं, इससे उनकी प्राकृतिक चमक खोने लगेगी।

**तौलिए से रगड़ें नहीं:** महिलाएं अक्सर अपने बाल धोने के बाद उसे तौलिए से रगड़ कर सुखाती है, जबकि ये काफी गलत तरीका है। बालों को हमेशा प्राकृतिक रूप से ही सूखने दें। वरना आपके बाल कमजोर हो जाएंगे। तौलिए की जगह आप माइक्रो फाइबर के कपड़े का इस्तेमाल बाल सुखाने में कर सकती हैं।

**गीले बालों में आराम से कंघी करें:** बाल धोने के बाद महिलाएं अक्सर जल्दबाजी के चक्कर में कंघी करने लगती हैं, जबकि ऐसा नहीं करना चाहिए। हमेशा जब बाल सूख जाएं, तभी कंघी करें। अगर गीले बालों में कंघी करनी पड़ रही है तो हल्के हाथ से ही कंघी करें, ताकि बाल ज्यादा उलझे नहीं। गीले बालों में कंघी करने से ये उलझेंगे और काफी ज्यादा टूटेंगे भी।

## न्यूज ब्रीफ

### छात्रों को भारतीय सेना में सेवाएं देने के लिए किया प्रेरित



**अनंत ज्ञान, भरेड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय महल में ब्रिगेडियर वीरेंद्र कुमार ने प्रतिभाशाली बच्चों को इनाम देकर सम्मानित किया व भारतीय सेना में सेवाएं देने के लिए प्रेरित किया। इस उपलक्ष पर प्रधानाचार्य सीमा डोगरा ने मुख्यातिथि को सम्मानित किया। ब्रिगेडियर वीरेंद्र कुमार हर वर्ष मेधावी बच्चों को सम्मानित करते हैं तथा विद्यालय को कंप्यूटर सिस्टम व ऑडियो विजुअल क्लासरूम भी प्रदान कर चुके हैं। कर्नल एसएस रावत की अध्यक्षता में 4 एचपी इंडीपेंडेंट कंपनी एनसीसी हमीरपुर ने कंपनी स्तर पर चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें गवर्नमेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल महल की एनसीसी प्रथम वर्ष की कैडेट दिव्यांशी ने प्रथम स्थान हासिल कर 1000 की इनामी राशि प्राप्त की। विद्यालय परिवार ने कर्नल एसएस रावत का धन्यवद किया। इस अवसर पर रुतिका, सेवानिवृत्त प्रवक्ता कमलेश भोगल, भारतीय सेना से सेवानिवृत्त विनोद कुमार तथा विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

### झनिक्कर में बच्चों का स्वास्थ्य जांचा



**टोणी देवी।** राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आंगनबाड़ी केंद्र झनिक्कर में डॉक्टर रमाकांत द्वारा बच्चों का स्वास्थ्य जांचा गया। इसमे बच्चों का वजन लिया गया और ऊंचाई मापी गई। सभी बच्चे स्वस्थ पाए गए। डॉ. रमाकांत ने अभिभावकों को खानपान संबंधी जानकारियां दीं व एनीमिया बारे लोगों को जागरूक किया गया। इस अवसर पर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता कुसुमलता व सहायिका आदि उपस्थित रहीं।

### बच्चों को पौष्टिक आहार लेने की दी सलाह



**नादौन।** भगवती पब्लिक स्कूल जलाड़ी के छात्रों को पोषण माह के तेहत डॉ पल्लवी आर्युवेदिक स्वास्थ्य अधिकारी ने पौष्टिक आहार यानी संतुलित आहार शरीर को स्वस्थ रखने के लिए जरूरी होता है और (सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी) दीपिका कुमारी ने तंबाकू, ड्रग्स व निकोटिन के इस्तेमाल से होने वाले नुकसान के बारे में बच्चों को जागरूक किया। दीपिका कुमारी ने बताया कि तंबाकू, शराब का सेवन बहुत सारी बीमारियों का कारण बनता है। इससे फेफड़े का कैंसर स्थाई दिल की बीमारी तथा विभिन्न प्रकार के कैंसर होते हैं। ड्रग्स एक धीमा जहर है जो सेवन करने वाले व्यक्ति को धीरे धीरे मौत के मुंह में धकेलता है। स्कूल की प्रिंसीपल आरती कटोच ने बताया कि हमें पौष्टिक आहार खाना चाहिए। जिसमें सभी तरह के पोषक तत्व पर्याप्त मात्रा में मौजूद हों। यह आहार शरीर को स्वस्थ रखने में मदद करता है और हमें कभी भी नशा नहीं करना चाहिए। नशे की लत हर किसी के लिए बहुत हानिकारक है।

### भलेठ स्कूल के छात्रों का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में चयन



**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** जिला स्तरीय माइनर अंडर-19 टूर्नामेंट जो राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बणी में आयोजित किया गया, इसमें राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भलेठ के खिलाड़ी वीर कटोच, सुजल, कृष और प्रिंस ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में भाग लिया और उपविजेता रहे। विद्यालय के दो खिलाड़ियों वीर कटोच और सुजल का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए भी चयन हुआ है। इस सराहनीय प्रदर्शन के लिए प्रधानाचार्य मंजरी वी महाजन ने विद्यार्थियों और समस्त स्टाफ को बधाई दी और उम्मीद जताई कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन करते हुए वे जिला हमीरपुर का नाम रोशन करेंगे। विद्यार्थियों ने अपनी जीत का श्रेय प्रधानाचार्य, शारीरिक शिक्षा प्राध्यापक सुरेश कुमार एवं भाषा अध्यापक होशियार सिंह को दिया।

### सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम ने जांचा स्वास्थ्य



**अनंत ज्ञान, सुजानपुर।** पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र अनुराग ठाकुर के मार्गदर्शन मे प्रयास संस्था द्वारा संचालित अस्पताल सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की हमीरपुर व सुजानपुर टीम ने ग्राम पंचायत जंगल रोपा व सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोट के गांव ठाना मे निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया। जंगल रोपा ग्राम पंचायत मे सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम फार्मासिस्ट सावी, लैब टेक्नीशियन मनीषा, पायलट नवीन ने डॉ पंकज के नेतृत्व में व सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र की ग्राम पंचायत कोट, गांव ठाना मे स्टाफ नर्स पूजा, लैब टेक्नीशियन प्रवीण, पायलट रजनीश ने डॉ. शिवानी चौहान के नेतृत्व मे लोगों के स्वास्थ्य की निशुल्क सामान्य स्वास्थ्य जांच और रक्त की जांच की। इस स्वास्थ्य शिविर में मरीजों को निशुल्क उपचार सलाह एवं दवाइयों का वितरण किया। अस्पताल सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा ने हमीरपुर व सुजानपुर विधानसभा क्षेत्र मे 189 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की व 82 लोगों की रक्त जांच भी की।

### फार्मेसी विभाग ने मनाया वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे




**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** करियर प्वाइंट विश्वविद्यालय में वीरवार को वर्ल्ड फार्मासिस्ट डे के रूप में मनाया गया। असिस्टेंट प्रोफेसर रुतिका ने बताया कि इस कार्यक्रम में मुख्यातिथि के तौर पर डॉ. ललित कालिया बीएमओ भोरंज उपस्थित हुए तथा डॉ. दिनेश कुमार ड्रग इंस्पेक्टर व फार्मासिस्ट स्वाति शर्मा भी विशेष रूप से उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने बताया कि फार्मासिस्ट मरीजों की देखभाल में महत्वपूर्ण योगदान करता है, जैसे दवा के उपयोग की निगरानी, दुष्प्रभावों की पहचान और उपचार की समीक्षा करते हैं। इस दिन को मनाने का उद्देश्य मरीजों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के साथ-साथ समाज के कल्याण में सुधार के लिए फार्मासिस्ट्स द्वारा निभाई जाने वाली महत्वपूर्ण भूमिकाओं और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाना है। इस साल फार्मासिस्ट डे की थीम फार्मासिस्टः वैश्विक स्वास्थ्य आवश्यकताओं को पूरा करना विषय पर है। डॉ. दिनेश कुमार ड्रग इंस्पेक्टर ने ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक एक्ट के बारे में जानकारी दी। औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम, 1940 भारत की संसद का एक अधिनियम है। इस अधिनियम का प्राथमिक उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत में बेची जाने वाली औषधियां और सौंदर्य प्रसाधन सुरक्षित, प्रभावी हों और राज्य गुणवत्ता मानकों के अनुरूप हों। इस कार्यक्रम में विश्वविद्यालय के कुलसचिव गुलशन संधू, डीन अकेडमिक प्रोफेसर (डॉ) संजय ठाकुर, डायरेक्टर रिसर्च डॉ. कुलदीप कुमार, डीन स्टूडेंट वेलफेयर डॉ. सौरभ कुमार, फार्मेसी विभाग के डीन डॉ. अरविंद शर्मा, डॉ. कमलजीत व विभाग के सभी प्रोफेसर मौजूद रहे।

# उपभोक्ताओं को झटका : समय पर बिलिंग नहीं होने से आने लगे भारी भरकम बिल

## उपमंडल एक में बिलिंग शेड्यूल बिगड़ा, 30 दिन की बजाए करीब 40 दिन के बिलिंग शेड्यूल से भेजे बिल

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**


उपभोक्ताओं को समय पर बिजली के बिल नहीं मिलने की वजह से परेशानियों से दो-चार होना पड़ रहा है। हमीरपुर के अणू स्थित सब डिवीजन के तहत आने वाले उपभोक्ता ज्यादा परेशान हैं। स्पॉट बिलिंग का शेड्यूल बिगड़ चुका है। कैश कलेक्शन सेंटर बंद हो चुके हैं। दो माह बाद भी बिल समय पर नहीं मिल रहा।

जिस कंपनी के पास बिलिंग का जिम्मा संभाला गया है, वहां स्टाफ की कमी हो गई है। मगर 30 दिन की बजाए 37 या 40 दिन के बिल भी भेजे जा रहे हैं। अब उसमें बिलिंग शेड्यूल खराब हो गया। जीरो बिल की जगह पेमेंट करने वाले बिल जारी हो रहे हैं और ऐसा लापरवाही की वजह से होने लगा है। इस बार झनियारी इलाके में काफी लोग परेशान हैं।

**यह है उपभोक्ताओं की परेशानी की वजह :** सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि अंतिम तिथि के 2 दिन पहले ऑनलाइन बिल भेजे जा रहे हैं। स्पॉट बिलिंग हो नहीं रही। अब यदि 27 तारीख को जमा होने वाला बिजली का बिल 25 तारीख को उपभोक्ताओं को ऑनलाइन भेजा जाएगा, तो फिर परेशानी तो होगी ही, जबकि यह शेड्यूल 15 दिन पहले भेजे जाने की व्यवस्था है।



एक उपभोक्ता को भेजा गया बिल।



State Govt. Undertaking)
or 1912
Shimla-9.crgr@hpseb.in 0177-2626104
, Sharma Sadan, Khalini Shimla-2
77-2624525

Consumer Info

| | |
|---|---|
| Bill No. | 170000927908 |
| Issue Date | 26.09.2024 |
| Last Reading Date | 18.08.2024 |
| Current Reading Date | 19.09.2024 |
| Cash/Draft Due Date | 28.09.2024 |
| Chq. Clrnce. Due Date | 28.09.2024 |
| Billing Days | 32 |

यही है सबसे बड़ी समस्या इशू डेट, लास्ट रीडिंग, करंट रीडिंग और ड्यू डेट।

अनंत ज्ञान एक्सक्लूसिव

कई उपभोक्ताओं ने बताया कि उनके बिल 24 और 25 सितंबर को काटे गए हैं, यानी स्पॉट बिलिंग ही इतनी लेट की गई जिस कारण अब जीरो बिल भी इसलिए चुकाने पड़ रहे हैं, क्योंकि उनमें यूनिट ज्यादा जोड़े गए हैं। इसमें होशियारी इस बात की हुई है। बिलिंग 24 सितंबर को हुई और रजिस्टर पर एंट्री 17 या 19 सितंबर की दिखाई गई है। यही गड़बड़झाला है, इसी से उपभोक्ताओं को परेशानी पैदा हुई है।

**अणू सब-डिवीजन में सबसे ज्यादा उदाहरण :** जिन उपभोक्ताओं के मीटर डेड हो चुके हैं, उन्हें लम-सम बिल आ रहा है, लेकिन यह प्रक्रिया लंबे समय तक नहीं चल सकती। उन्हें रिप्लेस करने के मामले में भी यहां कोताही बरती जा रही है। अणू सब डिवीजन में इसके कई उदाहरण मिल रहे हैं क्योंकि मीटर चेंज ऑर्डर ठंडे वेस्ट में डाले जा रहे हैं। अब होगा क्या, जब ऑडिट होगा, तो उपभोक्ता की रिकवरी निकलेगी, जो उसे देनी ही होगी। (अनंत ज्ञान)

### गड़बड़झाले की हो छानबीन

हमीरपुर लोकल सबडिवीजन में भी ऐसे ही दिखते हैं, यहां भी यदि मशीन खराब होती है तो फिर इसका मैटेरियल दो-दो महीने लेट मिल रहा है। अब स्पॉट बिलिंग करने वाले व्यक्ति के पास एक ही मशीन थमाई गई है। इसलिए यहां भी विलिंग सर्कल बिगड़ने की गुंजाइश बनी हुई है। शहर के सब डिवीजन में तकरीबन 25000 उपभोक्ता हैं, जबकि अणू के पास 10000 से ज्यादा उपभोक्ता हैं। घर-घर जाकर बिल देने में भी इस काम में जुटे कर्मचारी कंजूसी बरत रहे हैं। उपभोक्ताओं को कम से कम एक सप्ताह का समय तो मिलना ही चाहिए अब गड़बड़झाला क्यों और कैसे हो रहा, अधिकारियों को इसकी छानबीन करनी चाहिए।

> यदि ऐसा है, तो फिर कार्रवाई होगी। इसमें सुधार किया जाएगा।
> **नरेंद्र अबरोल, एक्सईएन**

# साइबर ठगों से रहें सावधान, तुरंत हेल्पलाइन नंबरों पर करें शिकायत

**एएसपी मनमोहन सिंह ने किया आगाह**

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश पुलिस के साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन मध्य रेंज मंडी के एएसपी मनमोहन सिंह ने सभी लोगों से साइबर ठगों से सावधान रहने और किसी भी तरह की साइबर ठगी का शिकार होने पर तुरंत साइबर हेल्पलाइन नंबर पर शिकायत दर्ज करवाने की अपील की है।

उन्होंने बताया कि साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर या साइबर क्राइम थाना मंडी के दूरभाष नंबर 01905-226900 पर या ईमेल आईडी पीएससाईबर-सीआर एट द रेट एचपी.जीओवी.इन पर शिकायत दर्ज करवा सकते हैं। मनमोहन सिंह ने बताया कि पिछले कुछ दिनों में मिली साइबर ठगी की शिकायतों में यह पाया गया है कि साइबर अपराधी अलग-अलग तरीके अपनाकर आम लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि कई साइबर ठग किसी भी व्यक्ति के मोबाइल फोन पर पैसे क्रेडिट होने के फर्जी मैसेज भेजते हैं तथा बाद में उस व्यक्ति को फोन करके बताते हैं कि गलती से पैसे उनके खाते में चले गए हैं, इसलिए इन पैसों को वापस कर दें। इस तरह के फर्जी मैसेज मिलने पर कुछ लोग बिना सोचे-समझे और बैंक बैलेंस चेक किए बगैर ही पैसे भेज देते हैं और ठगी का शिकार हो जाते हैं।

किसी भी अनजान नंबर से प्राप्त होने वाले मैसेज और कॉल को पहले अच्छी तरह जांच लेना चाहिए। यह सुनिश्चित करें कि यह मैसेज आपको बैंक की तरफ से आया है या किसी निजी नंबर से। इसके बाद अपना बैंक बैलेंस भी अवश्य चेक करें।

### सोशल मीडिया में ट्रेडिंग के नाम पर भी हो रही ठगी

एएसपी मनमोहन सिंह ने बताया कि कई साइबर ठग फेसबुक और व्हाट्सऐप पर ट्रेडिंग के विज्ञापन के नाम पर भी लोगों को अपने जाल में फंसा रहे हैं। बीते दिनों साइबर क्राइम थाना मंडी में इस तरह का एक मामला दर्ज हुआ है। एएसपी ने बताया कि शिकायतकर्ता ने फेसबुक पर ट्रेडिंग का एक विज्ञापन देखा और उस पर क्लिक किया, जिससे वह एक फर्जी व्हाट्सऐप ट्रेडिंग ग्रुप से जुड़ गया। इस फर्जी व्हाट्सएप ग्रुप में 200 से अधिक लोग जुड़े हुए थे। उक्त ग्रुप में शिकायतकर्ता को सस्ते दामों पर शेयर खरीदने तथा आईपीओ इत्यादि खरीदने के लिए जाल में फंसाकर शिकायतकर्ता से कुल 45 लाख रुपए विभिन्न खातों में डलवा लिए।

## भोरंज स्कूल के पास तंबाकू बेचते पकड़ा दुकानदार

**अनंत ज्ञान, भोरंज।** थाना भोरंज की एक गश्त टीम ने बुधवार शाम को निरीक्षक निर्मल सिंह थाना प्रबंधक अधिकारी थाना भोरंज के नेतृत्व में राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भोरंज के समीप मौजूद थी तो उसी समय गुप्त सूचना प्राप्त हुई कि राजिंद्र कुमार पुत्र निक्का राम गांव भोरंज अपनी करियाना की दुकान के अंदर खुली बीड़ी-सिगरेट व तंबाकू बेचता है।

उक्त दुकान की तलाशी नियमानुसार ली गई तो तलाशी के दौरान दुकान के काउंटर पर 9 अदद कूल लिप तंबाकू पैकेट, 2 अदद पता छाप तंबाकू पैकेट व 13 अदद कुवेर तंबाकू के पैकेट बरामद हुए। थाना प्रभारी निर्मल सिंह ने दुकानदार के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है।

# जाहू पंचायत गंदगी फैलाने वाले लोगों और दुकानदारों से वसूलेगी जुर्माना

**एसके शर्मा, जाहू**

जाहू पंचायत के सभी पदाधिकारियों ने पंचायत प्रधान अनुराधा शर्मा की अगुवाई में उपप्रधान चमन लाल, वार्ड सदस्य राजकुमारी, सिमरो देवी, कर्मी देवी, जोगिंद्र सिंह, जगदीश चंद्र, मजुला देवी, सुदेश कुमारी, उषा देवी व पंचायत सचिव माया देवरी के द्वारा 'स्वच्छता ही सेवा है' अभियान के तहत जाहू पंचायत के मुख्य रास्तों व अन्य जगहों पर साफ-सफाई की।



जाहू पंचायत के पदाधिकारी साफ-सफाई करते हुए।

जाहू पंचायत के सभी वार्डों का निरीक्षण किया गया और ग्रामीणों का अपने घर के आसपास व पानी की नालियों को साफ-सुथरा रखने का आह्वान किया गया। इसके अतिरिक्त जाहू बाजार का भी निरीक्षण किया गया।

जाहू पंचायत प्रधान अनुराधा शर्मा ने बताया कि जाहू पंचायत को स्वच्छ रखने के लिए सभी दुकानदारों से आह्वान किया कि पानी की नालियों में कचरा न फेंकें, अपने दुकान के आगे कूड़ादान रखें और उसी में कूड़ा डालें। अगर जाहू बाजार में किसी दुकानदार और लोगों के द्वारा गंदगी फैलाने का मामला सामने आया तो उसे 500 से लेकर एक हजार रुपए तक का जुर्माना डाला जा सकता है। (अनंत ज्ञान)

## हमीरपुर से नादौन वाया प्लासी कंडरोला पुतड़ियाल बस चलाने की लोगों ने की मांग

**वीरेंद्र गोस्वामी, बड़ा।** उपमंडल नादौन की पंचायत प्लासी कंडरोला, पुतड़ियाल, बरदियाड के पंचायत वासियों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से शाम साढ़े चार के बाद हमीरपुर से नादौन बाया रंगस, प्लासी कंडरोला, पुतड़ियाल, बरदियाड़, लाहड़, बड़ा होकर बस चलाने की जोरदार मांग की है। उक्त क्षेत्र के लोगों का कहना हैं उन्हें शाम चार बजे के बाद कोई भी बस सुविधा न होने के कारण उन्हें अपने गंतव्य स्थानों को आने-जाने के लिए बड़ी परेशानी होती हैं। इस क्षेत्र से लगभग साढ़े पांच बजे एक निजी बस जाती थी, लेकिन वह भी कुछ समय से बंद पड़ी है। ग्राम पंचायत पुड़ियाल के उपप्रधान संजीव कुमार ने बताया कि उन्होंने इस निजी बस को सुचारु रूप से चलाने के लिए कई बार मांग उठाई, लेकिन क्षेत्रवासियों की इस मांग को आज दिन तक नजर अंदाज किया गया। उपप्रधान ने बताया कि इन क्षेत्रों से काफी संख्या में कर्मचारी हमीरपुर में काम करते हैं। इस निजी बस के बंद होने से उन्हें भी बड़ी परेशानी हो रही हैं। क्षेत्रवासियों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से जोरदार मांग करते हुए आग्रह किया है कि इन क्षेत्रों के लिए हमीरपुर से साढ़े चार बजे के बाद बस सुविधा प्रदान की जाए ताकि क्षेत्रवासियों की समस्या का समाधान हो सके।

## पंचायत समिति नादौन ने किया मुख्यमंत्री के आर्थिक सुधारों का समर्थन

**अनंत ज्ञान, नादौन।** पंचायत समिति नादौन की बैठक वीरवार को समिति के अध्यक्ष कमल शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इसमें समिति के सदस्यों और मुख्य कार्यकारी अधिकारी एवं खंड विकास अधिकारी निशांत शर्मा के अलावा खंड चिकित्सा अधिकारी, सीडीपीओ, एचडीओ, तहसील कल्याण अधिकारी तथा ब्लॉक स्तर के अन्य वरिष्ठ अधिकारियों ने भी भाग लिया। बैठक में समिति के सदस्यों ने मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा प्रदेश के हित में किए जा रहे आर्थिक सुधारों और दीर्घकालीन निर्णयों का समर्थन किया। समिति के सदस्यों ने कहा कि प्रदेश पर कर्ज के बोझ को कम करने के लिए राज्य सरकार ने कर्मचारियों को 5 तारीख को वेतन प्रदान करने का अच्छा निर्णय लिया है, क्योंकि इससे हर माह प्रदेश की करोड़ों रुपए की बचत होगी। पंचायत समिति ने मुख्यमंत्री राहत कोष में दान की गई एक लाख रुपए की राहत राशि को भी कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की। बैठक में मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में हृदय रोगों से संबंधित मशीनें स्थापित करने और विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति की मांग से संबंधित प्रस्ताव भी पारित किया गया। पंचायत समिति से पर्यटन विभाग के नाम स्थानांतरित हुई भूमि के बदले पंचायत समिति को भी नादौन में जमीन उपलब्ध करवाने की मांग मुख्यमंत्री के समक्ष उठाने से संबंधित प्रस्ताव को भी पारित किया गया।

## छात्राओं ने हॉस्टल के सामने किया प्रदर्शन

### एनआईटी में छात्रों को धमकाने व छेड़छाड़ करने वाले छात्र के खिलाफ मामला दर्ज

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

एनआईटी हमीरपुर में इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग (डुअल डिग्री) विभाग की एक छात्रा के साथ उसी की कक्षा में पढ़ने वाले छात्र पिछले कुछ दिनों से परेशान कर रहा था। बुधवार देर रात को भी छात्र ने उक्त छात्रा को वीडियो कॉल की और अभद्र भाषा का प्रयोग किया। यह वीडियो कॉल लड़कियों में भी वायरल हुआ, जिस पर होस्टल की अन्य लड़कियों ने छात्रा के साथ बुधवार रात को ही होस्टल के सामने लड़के के खिलाफ प्रदर्शन किया। बुधवार रात को पुलिस एनआईटी परिसर पहुंची और मामले की छानबीन की। इस मामले में छात्रा ने



हॉस्टल के बाहर प्रदर्शन करती छात्राएं।

**छात्र को हॉस्टल से निकाला पुलिस जांच में जुटी**

बयान पुलिस ने लिए, जिससे सारे घटनाक्रम के बारे में पता चला। फिलहाल एनआईटी हमीरपुर की तरफ से कार्रवाई की गई और छात्र को एनआईटी से निकाल दिया है।

वहीं, वीरवार को एनआईटी के डीन छात्र कल्याण ने भी पुलिस में शिकायत पत्र दिया है। इसमें लिखा है कि छात्र लड़की को धमकियां दे रहा था और बतमीजी कर अभद्र शब्दों का प्रयोग किया।

पुलिस अधीक्षक भगत सिंह ठाकुर ने बताया कि छात्रा की लिखित शिकायत पत्र पर हमीरपुर थाना में मामला दर्ज किया गया है। उन्होंने बताया कि पुलिस इस मामले की जांच कर रही है।

## सुक्खू सरकार सुविधाएं बंद करने वाली देश की इकलौती सरकार : राणा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** पूर्व विधायक राजेंद्र राणा ने कहा है कि सुक्खू सरकार देश की पहली ऐसी सरकार है, जिसने प्रदेश में हर वर्ग की सुविधाएं बंद करने का रिकॉर्ड काम किया है और पौने 2 साल में ही जनता के भरोसे को तार-तार कर दिया है। राजेंद्र राणा ने कहा कि सत्ता संभालने के बाद सुक्खू सरकार ने सबसे पहले तो पूर्व भाजपा सरकार द्वारा खोले गए संस्थान बंद कर दिए, फिर युवाओं के लिए नौकरियों के दरवाजे बंद कर दिए और जिन युवाओं ने नौकरियों के लिए साक्षात्कार दिए थे, उन साक्षात्कार के नतीजे रोक दिए।



सरकार ने कर्मचारियों के एरियर और महंगाई भत्ते के भुगतान बंद कर दिए। राज्य परिवहन निगम की बसों में जिन्हें निशुल्क यात्रा की सुविधा मिलती थी, वह भी बंद कर दी। पूर्व भाजपा सरकार द्वारा दी गई बिजली फ्री की सुविधा के साथ-साथ निशुल्क पेयजल सुविधा बंद कर दी। चुनावों से पहले महिलाओं को 1500 रुपए भत्ता देने का जो लॉलीपॉप दिया गया था, वह भी फाइलों में बंद कर दिया तथा जो 10 गारंटियां जनता को दी गई थी, वह डस्टबिन में बंद कर दीं।

## एसडीएम ने माइनिंग लीज का किया निरीक्षण

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

भोरंज के एसडीएम संजय स्वरूप ने जाहू में सुनैहल खड्डु की माइनिंग लीज का निरीक्षण करके लीज क्षेत्र में ही खनन करने की हिदायत दी। इस अवसर पर उन्होंने खड्डु में हो रहे खनन को भी देखा।

इस दौरान खनन विभाग व पुलिस विभाग के कर्मचारी भी उपस्थित रहे। भोरंज एसडीएम संजय स्वरूप ने कहा कि क्षेत्र में कार्य में लगे बाहरी राज्यों की



मजदूरों व अन्य लोगों का पंजीकरण करवाना बहुत जरूरी है। समय रहते ठेकदार, भवन मालिक बाहरी राज्यों के लोगों का पुलिस थाने व पुलिस चौकी में पंजीकरण करवाएं अन्यथा प्रशासन सख्त कार्रवाई करेगा।

इसके उपरांत एसडीएम संजय स्वरूप ने जाहू क्षेत्र के तीन निजी स्कूलों की बसों का निरीक्षण किया तथा बच्चों की सुरक्षा को सुनिर्शिचत करने के सख्त आदेश दिये। इस दौरान उप मंडल स्तरीय सड़क सुरक्षा कमेटी के सदस्य एवं भोरंज स्कूल के प्रधानाचार्य अनिल डोगरा भी उपस्थित रहे।

## सरकारी डिपो के तेल में नहीं मिली मिलावट

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** नागरिक आपूर्ति और उपभोक्ता मामले विभाग के जिला नियंत्रक अरविंद शर्मा ने कहा है कि जिला हमीरपुर की उचित मूल्य की दुकानों में वितरित किए जा रहे सरसों के तेल में कोई भी मिलावट नहीं पाई गई है और इन दुकानों से लिया गया तेल का कोई भी सैंपल फेल नहीं हुआ है। बड़सर में सरसों के तेल के सैंपल फेल होने और तेल में मिलावट के समाचारों के संबंध में जिला नियंत्रक ने बताया कि यह सैंपल अनियंत्रित खुले बाजार में किसी कंपनी द्वारा बिक्री किए जाने वाले सरसों के तेल का था। यह सैंपल उचित मूल्य की दुकान से नहीं लिया गया था। अरविंद शर्मा ने बताया कि विभाग ने हिमाचल प्रदेश राज्य नागरिक आपूर्ति निगम के गोदाम से सरसों के तेल का सैंपल लिया है। इसके अलावा बड़सर ब्लॉक की बलयाह खुर्द और मैहरे स्थित उचित मूल्य की दुकान से भी सैंपल लिए गए हैं। इन सैंपलों को खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग की शिमला स्थित प्रयोगशाला में विश्लेषण हेतु भेजा गया है। जिला नियंत्रक ने बताया कि प्रदेश सरकार और विभाग उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से राशन कार्ड धारकों को गुणवतायुक्त आवश्यक वस्तुएं वितरित करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिला नियंत्रक ने सभी उचित मूल्य की दुकानों के संचालकों को निर्देश दिए हैं कि वे उचित मूल्य की दुकानों पर केवल ब्रांडेड, विश्वसनीय और गुणवत्तायुक्त आवश्यक वस्तुएं की ही बिक्री करें। उन्होंने खाद्य सुरक्षा विभाग के अधिकारियों से भी जिले की उचित मूल्य की दुकानों पर खाद्य वस्तुओं की समय-समय पर सैंपलिंग का आग्रह किया है।

**मुकाबले** टौणी देवी में तीन दिवसीय अंडर-19 लड़कों के जिला स्तरीय टूर्नामेंट का शुभारंभ

# मुख्यातिथि ने पाठशाला को गोद लेने की घोषणा की

**संजीव चौहान, टौणी देवी**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला टौणी देवी में तीन दिवसीय अंडर-19 लड़कों के जिला स्तरीय टूर्नामेंट का शुभारंभ रंगारंग प्रस्तुतियों और उत्साह भरे वातावरण के बीच हुआ। मुख्य अतिथि विधायक रणजीत सिंह राणा ने टूर्नामेंट की विधिवत शुरुआत की, जिसमें उन्होंने प्रतिभागी खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया, गुब्बारे उड़ाकर और बाल बास्केट में डालकर शुभारंभ किया और खिलाड़ियों द्वारा की गई परेड की सलामी ली।

इस अवसर पर बच्चों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। लोक नृत्य के माध्यम से बच्चों ने स्टेडियम में उपस्थित सभी दर्शकों की भरपूर तालियां बटोरीं। मुख्य अतिथि ने कहा कि खेल का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है, क्योंकि यह न केवल हमें एक अच्छा इंसान बनने की प्रेरणा देता है, बल्कि शरीर और मन को स्वस्थ भी रखता है।



जिला स्तरीय टूर्नामेंट के शुभारंभ पर सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करती छात्राएं।

उन्होंने पाठशाला प्रबंधन द्वारा मैदान में नवनिर्मित कारगिल शहीद स्मारक, बैडमिंटन कोर्ट, बास्केटबाल और वॉलीबाल कोर्ट सहित अन्य खेल सुविधाओं की सराहना की। उन्होंने कहा कि अच्छे खेल मैदानों की कमी के कारण अक्सर बच्चों की खेल प्रतिभाएं दब जाती हैं और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का मौका नहीं मिलता, लेकिन अब ऐसे मैदान पर बच्चे अपनी प्रतिभा निखार सकते हैं और जिला, प्रदेश तथा राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना सकते हैं।

इस अवसर पर उन्होंने पाठशाला को गोद लेने की घोषणा करते हुए यहां सभी काम करवाने के साथ-साथ मैदान में हाई मास्क लाइट लगाने, स्कूल भवन के लिए रंग-रोगन करवाने और सांस्कृतिक कार्यक्रम के लिए बच्चों को 10,000 रुपए देने की घोषणा की।

इससे पहले, प्रधानाचार्य रजनीश रांगड़ा ने मुख्य अतिथि को स्कूल और जिला खेलकूद एसोसिएशन की ओर से स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में जिले के 29 विभिन्न स्कूलों के 294 विद्यार्थी बास्केटबाल, ताइक्वांडो और योग जैसी खेल गतिविधियों में भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष राजिंदर वर्मा, राकेश शर्मा, कोऑर्डिनेटर प्रवीण पठानिया, प्रबंधन समिति के अध्यक्ष रमन मल्कानिया, सेक्टर प्रभारी सुरेश ठाकुर, सुरेश कुमार, गुलशन प्रधान, रविंदर ठाकुर प्रधान, सुभाष, संजय सहित अन्य अतिथि, विभिन्न विद्यालयों के प्रतिनिधि, रेफरी, निर्णायक और शिक्षक उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

## 13 मतदान केंद्रों में आंशिक संशोधन का प्रस्ताव

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर।** हमीरपुर के पांच विधानसभा क्षेत्रों के 13 मतदान केंद्रों के भवनों या नाम में आंशिक संशोधन का प्रस्ताव है। मतदान केंद्रों के युक्तिकरण के संबंध में वीरवार को विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक के दौरान जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि ये मतदान केंद्र प्राइमरी स्कूलों या मिडल स्कूलों में थे, लेकिन इन स्कूलों के बंद होने के कारण मतदान केंद्रों के भवनों या नाम में संशोधन किया जाना है। उन्होंने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 36-भोरंज के मतदान केंद्र मतलाणा, जिजवीं और टूह, विधानसभा क्षेत्र 37-सुजानपुर के मतदान केंद्र भेरड़ा और बजरोल-2, विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के मतदान केंद्र भरनोट और सनेड, विधानसभा क्षेत्र 39-बड़सर के मतदान केंद्र खजियां-1, खजियां-2, कोहडरा और सकरोह, विधानसभा क्षेत्र 40-नादौन के मतदान केंद्र जियाणा और प्लासी के भवनों या नाम में संशोधन किया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि मतदान केंद्र मतलाणा को महिला मंडल भवन मतलाणा में, मतदान केंद्र जिजवीं को आंगनबाड़ी केंद्र दलालड़ में, मतदान केंद्र टूह को सहकारी सभा भवन टूह में, मतदान केंद्र भेरडा को प्राइमरी स्कूल भेरड़ा में, मतदान केंद्र बजरोल-2 को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बजरोल में, मतदान केंद्र भरनोट को आंगनवाड़ी केंद्र भरनोट में, मतदान केंद्र सनेड़ को प्राइमरी स्कूल सनेड़ में, मतदान केंद्र खजियां-1 को आंगनबाड़ी केंद्र खजियां में, मतदान केंद्र खजियां-2 को आंगनबाड़ी केंद्र खजियां में, मतदान केंद्र कोहड़रा को प्राइमरी स्कूल कोहड़रा में, मतदान केंद्र सकरोह को आंगनबाड़ी केंद्र घुमारवीं में, मतदान केंद्र जियाणा को आंगनबाड़ी केंद्र जियाणा में और मतदान केंद्र प्लासी को आंगनबाड़ी केंद्र प्लासी में स्थानांतरित करने का प्रस्ताव है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी संबंधित एसडीएम और निर्वाचन विभाग के अधिकारियों को इन सभी 13 मतदान केंद्रों में सभी आवश्यक सुविधाओं का प्रावधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए हैं। बैठक में एडीएम राहुल चौहान, निर्वाचन विभाग के तहसीलदार उपेंद्रनाथ शुक्ला, नायब तहसीलदार राजेश कौंडल, अन्य अधिकारी तथा विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

‘**हमें** केवल कार्य करने का अधिकार है। कर्म ही हमारा कर्तव्य है। कर्म के फल का स्वामी भगवान है, हम नहीं। –**सुभाष चंद्र बोस**

## संपादकीय

# बेहतर शिक्षा पद्धति

शिक्षा बिना कुछ संभव नहीं है। वास्तव में शिक्षा एक ऐसी प्रक्रिया है, जिसमें व्यक्ति को ज्ञान, कौशल, मूल्यों और आदतों का अधिग्रहण करने में मदद मिलती है और इसी शिक्षा के बूते व्यक्ति अपने जीवन में सफल और संतुष्टि का अनुभव करता है। हिमाचल की सुक्खू सरकार शिक्षा की गुणवत्ता सुधारने के लिए संजीदा है और इसके लिए करोड़ों रुपए खर्च किए जा रहे हैं। किसी भी देश और प्रदेश के आगे बढ़ाने में समाज के शिक्षित लोगों की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। पहाड़ी राज्य हिमाचल प्रदेश में साक्षरता दर भले ही बेहतर हो, लेकिन यहां गुणात्मक शिक्षा लंबे वक्त से दूर हो चुकी है, यह मानना पड़ेगा। अगर प्रदेश का युवा अच्छे से शिक्षित होगा, तो निश्चित तौर पर उसे अपने करियर को आगे बढ़ाने में बेहतर मौके मिल सकेंगे। हिमाचल प्रदेश सरकार उत्कृष्ट शिक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराने के लिए राज्य में पांच राजीव गांधी मॉडल डे बोर्डिंग स्कूल खोलने जा रही है। देश के पहले प्रधानमंत्री पंडित जवाहरलाल नेहरू का मानना था कि आज के बच्चे कल का भविष्य भारत बनाएंगे।

जिस तरह से हम उनका पालन पोषण करेंगे, वही देश का भविष्य तय करेंगे। इसी मूल मंत्र को कायम रखते हुए सुक्खू सरकार हिमाचल प्रदेश में बच्चों को गुणात्मक शिक्षा देने के लिए प्रतिबद्धता के साथ काम कर रही है। सरकार शिक्षा के क्षेत्र में व्यापक सुधार कर रही है और इसीलिए उसने पहली कक्षा से अंग्रेजी की पढ़ाई शुरू करने का फैसला भी लिया है। नि:संदेह इससे बच्चों को बेहतर शिक्षा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी। स्कूलों और समाज के बीच बेहतर तालमेल के लिए ‘अपना विद्यालय–मेरा विद्यालय–मेरा सम्मान’ योजना को सरकार मूर्त रूप दे रही है। बेहतर शिक्षा के लिए मुख्यमंत्री से लेकर खंड स्तरीय अधिकारी एक–एक शिक्षण संस्थान को गोद लेने जा रहे हैं। दूसरी तरफ समुदाय को स्कूलों से भी जोड़ा जा रहा है। इसमें पात्र और इच्छुक व्यक्ति नि:शुल्क शिक्षा प्रदान किए जाने की व्यवस्था भी सरकार कर रही है। हर उपमंडल में उपमंडल अधिकारी को सभी प्राइमरी स्कूलों का महीने में एक दिन अनिवार्य रूप से रिव्यू करना जरूरी कर दिया है। स्कूलों में न केवल विद्यार्थियों, बल्कि अध्यापकों की परफॉर्मेंस का भी रिव्यू हो रहा है। सरकार के ये प्रयास फलीभूत हो रहे हैं। अब हिमाचल के शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उत्तर प्रदेश की शिक्षा पद्धति की बारीकियों को परखा और जाना।


उन्हें उत्तर प्रदेश की कुछ योजनाएं अच्छी लगी हैं। निश्चित तौर पर इन्हें वह हिमाचल में लागू करना चाहेंगे। हालांकि, हिमाचल और उत्तर प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था में काफी अंतर है। हिमाचल प्रदेश में शिक्षा की दर लगभग 83 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत से अधिक है। गैर जरूरी स्कूलों को बंद और मर्ज करने के बाद शिक्षक–छात्र अनुपात भी बेहतर हो गया है, जिससे छात्रों को व्यक्तिगत ध्यान मिलता है। व्यावसायिक शिक्षा के अवसर अधिक हैं, जिससे छात्रों को रोजगार के अवसर मिलते हैं। कुल मिलाकर हिमाचल में शिक्षा की गुणवत्ता बेहतर है, जिससे छात्रों को अच्छी शिक्षा मिल रही है। अगर सरकार इसमें और सुधार लाना चाहती है तो उसमें बुराई क्या है। विपक्ष का काम तो सरकार की योजनाओं की आलोचना करना होता है, लेकिन सरकार को अपने स्टैंड पर कायम रहना चाहिए। वहीं, उत्तर प्रदेश में शिक्षा की दर लगभग 69 प्रतिशत है, जो राष्ट्रीय औसत से कम है। वहां शिक्षक–छात्र अनुपात कम है, जिससे छात्रों को व्यक्तिगत ध्यान नहीं मिलता है। व्यावसायिक शिक्षा के अवसर भी कम हैं, जिससे छात्रों को रोजगार के अवसर नहीं मिलते हैं।

हालांकि, हिमाचल और उत्तर प्रदेश शिक्षा क्षेत्र में एक साथ मिलकर काम करें तो दोनों राज्यों को कई फायदे हो सकते हैं। दोनों राज्यों के शिक्षक एक–दूसरे के स्कूलों में जाकर पढ़ा सकते हैं, जिससे वे नई शिक्षण तकनीकों और विधियों से परिचित हो सकेंगे। दोनों राज्य अपने शिक्षा संसाधनों को साझा कर सकते हैं, जैसे कि पुस्तकालय, प्रयोगशालाएं और इंटरनेट सुविधाएं आदि। शोध और विकास भी कर सकते हैं, जिससे नई शिक्षण तकनीकों और विधियों का विकास हो सकेगा। इन कदमों से हिमाचल और उत्तर प्रदेश के शिक्षा क्षेत्र में सुधार हो सकता है और छात्रों को बेहतर शिक्षा मिल सकती है। राज्य की शिक्षा व्यवस्था समावेशी समानता और भविष्य निर्माण के साथ नई तकनीक के प्रति सजग और भारतीय जीवन मूल्यों के प्रति संवेदनशील होनी चाहिए। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक और निर्माता

**यश** राज चोपड़ा भारतीय हिंदी सिनेमा के प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक, पटकथा लेखक एवं फिल्म निर्माता हैं। यश चोपड़ा को हिंदी सिनेमा का ‘किंग ऑफ रोमांस’ कहा जाता है। दीवार, कभी–कभी, डर, चांदनी, सिलसिला, दिल तो पागल है, वीर जारा जैसी अनेक बेहतरीन और रोमांटिक फिल्में बनाने वाले यश चोपड़ा ने पर्दे पर रोमांस और प्यार को नए मायने दिए हैं। यश चोपड़ा का जन्म लाहौर में हुआ था, जो अब पाकिस्तान में है। स्वतंत्रता के बाद वह भारत आ गए। उनके बड़े भाई बीआर चोपड़ा बॉलीवुड के जाने–माने निर्माता निर्देशक थे। बड़े भाई की प्रेरणा पर ही उन्होंने भी फिल्मों में हाथ आजमाया और आज यश चोपड़ा का परिवार बॉलीवुड के प्रतिष्ठित बैनरों में से एक है। उनके बेटे आदित्य चोपड़ा और उदय चोपड़ा भी फिल्मों से ही जुड़े हुए हैं। यश चोपड़ा ने अपने भाई के साथ सह निर्देशक के तौर पर काम करना शुरू किया। अपने भाई बीआर चोपड़ा के बैनर तले उन्होंने लगातार पांच फिल्में निर्देशित की। इन फिल्मों में ‘एक ही रास्ता’, ‘साधना’ और ‘नया दौर’ शामिल हैं। यश चोपड़ा को अब तक 11 बार फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। उन्हें 1964 में प्रदर्शित फिल्म ‘वक्त’ के लिए सर्वश्रेष्ठ निर्देशक के लिए फिल्म फेयर पुरस्कार से सम्मानित किया गया। 2001 में वह फिल्म जगत के सर्वोच्च सम्मान ‘दादा साहब फालके’ पुरस्कार से भी सम्मानित किए गए। 2005 में उन्हें भारत सरकार द्वारा ‘पद्म भूषण’ से भी सम्मानित किया गया। ■



**यश राज चोपड़ा**
**जन्म :** 27 सितंबर, 1932
**मृत्यु :** 21 अक्तूबर, 2012

## अपनी बात

**पर्यटन** किसी भी देश की समृद्धि का प्रतीक हो सकता है। यह सांस्कृतिक आधार पर तो लोगों को प्रभावित करता ही है, साथ ही देश की आर्थिक स्थिति को बढ़ावा देने में योगदान देता है। पर्यटन के महत्व के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए ही एक दिन विश्व पर्यटन दिवस के तौर पर मनाया जाता है। विश्व पर्यटन दिवस हर साल 27 सितंबर को दुनिया भर में मनाया जाता है। इसे मनाने का उद्देश्य पर्यटन के महत्व और इसके सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक योगदान के प्रति जागरूकता फैलाना है। पर्यटन न केवल विभिन्न संस्कृतियों और स्थानों को जोड़ता है, बल्कि यह वैश्विक अर्थव्यवस्था का एक प्रमुख हिस्सा भी है, जो कई देशों के लिए आय और रोजगार का एक महत्वपूर्ण स्रोत है। विश्व पर्यटन दिवस एक ऐसा अवसर है, जो हमें पर्यटन के महत्व को समझने और इसके विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूक होने का मौका देता है। पर्यटन केवल यात्रा और मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से हम पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के साथ–साथ स्थानीय समुदायों के विकास में भी अपना योगदान दे सकते हैं। पर्यटन दिवस सितंबर माह में मनाया जाता है। **रमेशना बाहड़ी, भड़वाल**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री *editoranantgyaan@gmail.com* पर या व्हाट्सऐप नंबर 8894521702 पर भेज सकते हैं।**

# अपने जीवंत साहित्य से हमेशा जिंदा रहेंगे डॉ.प्रत्यूष

अपनों के खो जाने की पीड़ा कोई उन्हीं के दिलों में झांक कर देखे जिनके अपने, अपनों से बिछड़े हों। जिन्हें जरा देर से आने पर भी दिल धड़क जाता है, सांसें रुकती सी महसूस होती हैं। वही अगर एक दिन दो दिन या फिर कुछ दिनों तक न दिखें, तो क्या होता है दिल पर। यह तो वही बता सकता है, जो ऐसे हालात से गुजरे हों। उनकी आवाज को तरस जाता है आदमी, जिनकी सिर्फ और सिर्फ एक आवाज से ही घर झूम उठता है, आंखों में चमक आ जाती है और समूचा घर रोशन हो जाता है बिना रोशनी जलाए हुए। उनके गुस्से में कहे हुए लफ्जों को सुनने के लिए भी दिल कसमसा उठता है कुलबुलाता है, लेकिन करें तो क्या करें, वक्त पर किसी का वश भी तो नहीं चलता न? कुछ कुछ ऐसा ही होता है हम सबके साथ जब हमारा अपना कोई हमारे सामने ही बस आंखों से इतनी दूर चला जाता है जहां हमारी नजर कभी नहीं पहुंच पाती। उनसे मेरा मिलना स्कूल में लाइब्रेरी की पुस्तकों में उनकी पहाड़ी हिमाचली पुस्तक ‘मनें दी भड़ास’ द्वारा हुआ। पुस्तक में उनका वास्तविक नाम श्रीकांत प्रत्यूष गुलेरी है। ‘है’ इसलिए लिख रहा हूं क्योंकि वह अपने जीवंत साहित्य के माध्यम से हमेशा जिंदा रहेंगे। वरिष्ठ साहित्यकार जनाब प्रत्यूष गुलेरी जी का पूरा नाम श्रीकांत प्रत्यूष गुलेरी है। जबकि साहित्यिक क्षेत्र में और आमजन के वह प्रत्यूष गुलेरी रहे।

**लेखक : राजेंद्र पालमपुरी**
वरिष्ठ साहित्यकार, हिप्र



गुलेर रियासत के राजपुरोहित जनाब कीर्तिधर और सहधर्मिणी श्रीमती सत्यवती जी के घर 9 जून सन 1947 को प्रदेश के जिला कांगड़ा के गुलेर में जन्मे थे वरिष्ठ साहित्यकार जनाब प्रत्यूष गुलेरी। अपनी शिक्षा के अनुरूप प्रत्यूष गुलेरी जी हरिपुर वरिष्ठ उच्च विद्यालय में बतौर भाषा अध्यापक यानी हिंदी भाषा शिक्षक के पद पर आसीन हुए। तत्पश्चात वह प्राध्यापक बने और राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में अपने गौरवमय पद की गरिमा बढ़ाई। जहां पहले से ही इनके बड़े भ्राता जनाब डॉक्टर पीयूष गुलेरी जी सेवारत थे। मैंने जब इनकी हिमाचली पहाड़ी में लिखी पुस्तक ‘मनें दी भड़ास’ पढ़ी थी, उस वक्त भी जनाब प्रत्यूष गुलेरी जी राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला में ही कार्यरत थे। व्यक्तिगत तौर पर वे मिलनसार और हंसमुख व्यक्तित्व के स्वामी रहे, यह हम सभी जानते हैं। साहित्यिक प्रसिद्धि प्राप्त यह साहित्यकार सदैव हंसता खेलता रहा, इसमें संदेह नहीं किया जा सकता है।

प्राय: हम इनके साथ असंख्य कवि सम्मेलनों, गोष्ठियों और अन्य महत्वपूर्ण कार्यक्रमों में मिलते रहे। जिसमें 16 जून से जून 18, 2022 तक प्रदेश की राजधानी शिमला में अंतरराष्ट्रीय साहित्य उत्सव ‘उन्मेष’ की स्मृतियां सदैव प्रत्यूष गुलेरी जी की याद दिलाती रहेंगी। बल्कि तत्पश्चात हमारा साहित्यिक रूप से परस्पर मिलना इनके देहावसान तक रहा। प्रत्यूष गुलेरी जी ने जहां हिंदी हिमाचली (पहाड़ी बोली) और डोगरी में अपनी कलम की पैनी धार से हमें आनंदित किया, वहीं अपनी कहानी उपन्यास, शोध, निबंध और बाल कविताओं से भी हमेशा याद रखे जायेंगे जनाब प्रत्यूष गुलेरी जी। जिसमें कविता, कहानी, निबंध, उपन्यास, शोध, संपादन और अनुवाद विशेष हैं। कहानी की बात पर इनके कहानी संग्रह–स्मृति, लौट आओ पापा, अपनी अपनी अनकही तो कविता संग्रह में–गांव की मिट्टी, मां पुराण और अन्य कविताएं (हिंदी) गीतां री सीर, मनें दी भड़ास, वक्ते दी गल्ल, घोड़े गीतां दे (हिमाचली) बगैरह शामिल हैं। उपन्यास विद्या में भी प्रत्यूष गुलेरी जी ने ‘सच के सामने’ उपन्यास लिखकर अपने पाठकों के लिए बेहद खूबसूरत प्रस्तुति दी। ‘गुलेर के राजकवि–बृज राज और उनका काव्य’ पर प्रत्यूष गुलेरी जी ने शोध प्रबंध किया। जबकि निबंध लेखन में उन्होंने ‘निहारे री पछाण’(हिमाचली) और ‘हिमाचल की संस्कृति धरोहर’ पर लेखन किया। बाल साहित्य की बात की जाए, तो प्रत्यूष गुलेरी जी ने तीन कहानी संग्रह–गुलेर का राजा हरि चंद, आधी पूंछ वाला राक्षस और दादी की दिलेरी लिखे, जो बेहद प्रशंसनीय हैं।

इसके अतिरिक्त उन्होंने ‘मेरी 57 बाल कविताएं’ भी बच्चों के लिए लिखीं। संपादन–कहा जाता है कि साहित्यिक दृष्टि से यह एक टेढ़ा काम है, किंतु प्रत्यूष गुलेरी जी ने राम रस लहरी, निति शतक, मंगल शतक (तीनों ही ब्रज भाषी हिंदी कवि ब्रज राज की कृतियां) चंद्रधर शर्मा की चर्चित कहानियां, गुलेरी रचना संचयन, हिमाचली लोक कथाएं, हिमाचली प्रतिनिधि काव्य संग्रह (हिंदी), चुणियां हिंदी दीयां कहाणियां (संपादन एवं अनुवाद) और हिमाचली लोक कथा आदि का संपादन बड़ी आत्मीयता और आत्मविश्वास से किया। यही उनकी सौम्यता रही और भव्यता भी जिसे भुलाया जाना कदापि संभव नहीं। सन 2007 में प्रत्यूष गुलेरी जी साहित्य अकादमी दिल्ली में प्रदेश के मनोनीत प्रतिनिधि सदस्य थे। इसी वर्ष के जुलाई मास में आठवें विश्व हिंदी सम्मेलन जो कि न्यूयॉर्क अमेरिका में आयोजित होना तय था, के लिए हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व भी किया डॉक्टर प्रत्यूष गुलेरी जी ने जो कि हम सब साहित्यकारों के लिए गौरवान्वित करती बात है।

यहां यह बात भी सामने लाना बेहद जरूरी हो जाता है कि अपनी मां बोली हिमाचली (पहाड़ी) को आठवीं अनुसूची में प्रविष्ठि के लिए डॉक्टर प्रत्यूष गुलेरी ने हमेशा वकालत की। इसके लिए हमें प्रदेश के उस समय के भाषा एवं संस्कृति मंत्री मरहूम जनाब लाल चंद जी प्रार्थी और शिक्षा मंत्री प्रोफेसर एनसी पराशर जी के प्रयत्नों को भी याद रखना होगा। जिसके चलते आज हम प्रदेश के इकलौते सरकारी साप्ताहिक गिरीराज में ‘पहाड़ी भाषा कनें साहित्य लोक मंच’ जैसा परिशिष्ठ देखने को मिलता है। कहा जाए तो प्रादेशिक साहित्यकारों के लिए यह उन साहित्यकारों का ‘तोहफा’ है जो अब इस फानी जहान से रुखसत ले चुके हैं और जिनमें जनाब प्रत्यूष गुलेरी जी का नाम भी हमेशा शामिल और शीर्ष पर रहेगा। इसी बात के चलते जनाब प्रत्यूष गुलेरी जी को हिमाचल अकादमी की ओर से शोध समीक्षा–साहित्य पुरस्कार, भाषा सम्मान (साहित्य अकादमी दिल्ली) सौहार्द पुरस्कार (उत्तर प्रदेश हिंदी संस्थान), डॉक्टर यशवंत सिंह परमार राज्य पुरस्कार (हिमाचल प्रदेश सिरमौर कला संगम), श्रीमती चमेली देवी महेंद्र स्मृति सम्मान (भारतीय बाल कल्याण संस्थान कानपुर), शैलेश मटियाणी कथा सम्मान, लघु कथा शिरोमणि पुरस्कार, सृजन श्री सम्मान (प्रमोद वर्मा स्मृति संस्थान छत्तीसगढ़) और मंगल सम्मान (केरल हिंदी साहित्य अकादमी) आदि भी शामिल हैं।

यहां यह बात भी बताता चलूं कि पुरस्कारों की सूची में शामिल कुछ नाम छूट गए हों, तो क्षमार्थी रहूंगा। अपने कार्यालय इंस्टाग्राम अकाउंट- सीएमओ हिमाचल–में मुख्यमंत्री जनाब सुखविंद्र सिंह सुक्खू जी ने शोक संदेश में लिखा–‘वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 प्रत्युष जी के आकस्मिक निधन पर गहरा दुख पहुंचा है। उनकी लेखनी में हिमाचल की मिट्टी, संस्कृति और पहाड़ों की गूंजती धड़कन थी। अपनी अद्वितीय रचनाओं से उन्होंने साहित्य को नए आयाम दिए। उनका निधन समाज के लिए एक ऐसी अपूर्णीय क्षति है, जिसकी भरपाई असंभव है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें और शोक संतृप्त परिवार को इस कठिन समय में संबल और धैर्य दें।’उनका मिलना और फिर अचानक 16 सितंबर 2024 को हमेशा हमेशा के लिए हम सबसे बिछुड़ जाना असहनीय है, दर्दनाक है, बेहद दुखद है। अंत में यही कहूंगा, आपको सादर नमन श्रद्धांजलि।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

नजरिया

# पर्यटन लाखों लोगों के लिए रोजगार का जरिया

संयुक्त राष्ट्र विश्व पर्यटन संगठन (यूएनडब्ल्यूटीओ) ने विश्व पर्यटन दिवस की शुरुआत की और 1980 से हर साल 27 सितंबर को विश्व पर्यटन दिवस मनाया जाता है। इसी दिन यूनाइटेड नेशंस वर्ल्ड टूरिज्म ऑर्गेनाइजेशन के कानूनों को अपनाया गया था। विश्व पर्यटन दिवस 2024 की थीम पर्यटन और शांति है। इस थीम का उद्देश्य है कि पर्यटन समुदायों को बदल सकता है। रोजगार पैदा कर सकता है। समावेश को बढ़ावा दे सकता है और स्थानीय अर्थव्यवस्थाओं को मजबूत कर सकता है। देश के लिए बहुमूल्य विदेशी मुद्रा की कमाई में पर्यटन उद्योग का खासा महत्व है। पर्यटन आज लाखों लोगों को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रोजगार उपलब्ध करा रहा है।

**लेखक : रमेश सर्राफ धमोरा**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

भारत दुनिया के उन चुनिंदा देशों में से है जहां कलात्मक, धार्मिक और प्राकृतिक सौंदर्य से भरपूर दर्शनीय स्थलों एवं कृतियों की कमी नहीं है। यही कारण है कि हजारों मील दूर रहने वाले विदेशी भी यहां आते हैं। देशी पर्यटक बड़ी तादाद में कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक फैले देश के विभिन्न पर्यटन केंद्रों पर देखे जा सकते हैं। भारत में पर्यटन सबसे बड़ा सेवा उद्योग है। जहां इसका राष्ट्रीय सकल घरेलू उत्पाद में 6.23 प्रतिशत और भारत के कुल रोजगार में 8.78 प्रतिशत योगदान है। भारत में वार्षिक तौर पर 50 लाख विदेशी पर्यटकों का आगमन और 56 करोड़ घरेलू पर्यटकों द्वारा भ्रमण परिलक्षित होता है। विश्व पर्यटन दिवस एक वार्षिक आयोजन है। जिसका उद्देश्य वैश्विक उद्योग के रूप में पर्यटन के महत्व तथा इसके सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक प्रभाव के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना है। विशेषज्ञों द्वारा संभावना जताई जा रही है कि आगामी दस वर्षों में पर्यटन आधारित अर्थव्यवस्था में भारत का स्थान विश्व में तीसरा हो जाएगा।

देश में इस दौरान लगभग एक करोड़ नए रोजगार का इस क्षेत्र में सृजन होने की उम्मीद है। वर्ल्ड ट्रैवल एंड टूरिज्म कौंसिल द्वारा जारी रिपोर्ट में इस आशय की संभावनाओं की ओर इशारा किया गया है। अभी देश में लगभग चार करोड़ लोग टूर एंड टूरिज्म इंडस्ट्री के माध्यम से प्रत्यक्ष अथवा अप्रत्यक्ष तौर पर आजीविका हासिल कर रहे हैं। देश की अर्थव्यवस्था के विभिन्न पहलुओं पर नजर रखने वाले अर्थशास्त्रियों और नीति निर्धारकों ने लगभग एकमत से स्वीकार किया है कि देश में उपलब्ध पर्यटन क्षमता का समुचित रूप से इस्तेमाल नहीं किया जा रहा है। इस दिशा में अधिक प्रभावी व कारगर कदम उठाए जाने की आवश्यकता है। उसी नीति के तहत विभिन्न पर्यटन केंद्रों को प्रमुख छोटे–बड़े शहरों से जोड़ने के लिए दूरसंचार, सड़क और वायु परिवहन की अधिकाधिक सुविधा उपलब्ध कराने के लिए भारी निवेश की व्यवस्था की जा रही है।

इसके अलावा परंपरागत पर्यटक केंद्रों के आसपास बुनियादी सुविधा व नए पर्यटन केंद्रों को विकसित करने पर जोर दिया जा रहा है। इस पूरे परिक्षेय में स्पष्ट होता है कि आगामी वर्षों में पर्यटन प्रबंधन तथा पर्यटक से जुड़े अन्य क्षेत्रों के विशेषज्ञों की बड़ी संख्या में मांग होगी। यह अवसर सरकारी से ज्यादा निजी क्षेत्रों में होने की अधिक संभावना जताई जा रही है। **( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

गज़ल

### चांद पर



राजेंद्र पालमपुरी

*आओ बनाएं बस्तियां अब चांद पर,*
*खुद रहेंगी हस्तियां अब चांद पर ।।*
*चांद को अब चांद न कह पाओगे,*
*बहुत लिख लीं मस्तियां अब चांद पर ।।*
*दाग कह हमने किया है दागदार,*
*कर सही लो दुरुस्तियां अब चांद पर ।।*
*हो सके तो लो खरीदें तुम भी यार ।*
*हैं जमीनें सस्तियां अब चांद पर।।*
*अपनी हद में हम रहें या न रहें,*
*मिल करेंगे कुश्तियां अब चांद पर ।।*
*मैंने तो कब का बना डाला महल,*
*क्या कसेंगे फब्तियां अब चांद पर ।।*

# विश्व पर्यटन दिवस पर्यटन के महत्व को समझने का मौका

**विश्व पर्यटन दिवस पर विशेष**

विश्व पर्यटन दिवस हर साल 27 सितंबर को दुनिया भर में मनाया जाता है। इसे मनाने का उद्देश्य पर्यटन के महत्व और इसके सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और आर्थिक योगदान के प्रति जागरूकता फैलाना है। विश्व पर्यटन दिवस एक ऐसा अवसर है, जो हमें पर्यटन के महत्व को समझने और इसके विभिन्न पहलुओं के बारे में जागरूक होने का मौका देता है। पर्यटन एक प्रमुख आर्थिक गतिविधि है जो पिछले कुछ वर्षों में काफी विकसित हुई है। यह एक ऐसी गतिविधि है जिसे विकसित और विकासशील दोनों देशों में मान्यता दी जा सकती है। सामान्य शब्दों में, पर्यटन एक व्यक्ति का एक स्थान से दूसरे स्थान पर जाना और उस स्थान की सुंदरता को देखना या मौज–मस्ती करना है। इसके अलावा, यात्रा की अवधारणा को एक विलासिता माना जाता है और केवल उच्च आय वाले लोग ही इस विलासिता को वहन कर सकते हैं।

पहले हमारे पूर्वज समुद्री मार्ग से यात्रा करते थे क्योंकि यह सुविधाजनक और सबसे सस्ता माध्यम था, लेकिन इसमें समय लगता था। तकनीकी उन्नति के कारण अब हम बिना समय बर्बाद किए आसानी से किसी भी स्थान पर जा सकते हैं। हम कुछ ही घंटों में हजारों मील की यात्रा कर सकते हैं। तकनीकी उन्नति ने पृथ्वी को एक वैश्विक गांव में बदल दिया है। इसके अलावा, आधुनिक साधन हमारे पूर्वजों द्वारा इस्तेमाल किए जाने वाले साधनों की तुलना में अधिक सुरक्षित हैं। किसी देश पर पर्यटन का प्रभाव किसी भी देश के लिए पर्यटन बहुत सारा पैसा कमाता है, खासकर भारत जैसे देश के लिए। ताजमहल (दुनिया के सात अजूबों में से एक) की वजह से हर साल सरकार को राजस्व की एक बड़ी रकम मिलती है। साथ ही, पर्यटन की वजह से अन्य उद्योग भी फलते–फूलते हैं।



**लेखक : संजय गोस्वामी**
स्वतंत्र टिप्पणीकार

ऐसे उद्योगों में परिवहन, वन्यजीव, कला और मनोरंजन, आवास आदि शामिल हैं। इसके अलावा, इससे अंतत: क्षेत्र में रोजगार और अन्य अवसरों का सृजन होता है, लेकिन कुछ कमियां भी हैं, जो देश की जीवनशैली और सांस्कृतिक मूल्य को प्रभावित कर सकती हैं। यात्रा करना एक थका देने वाली और मुश्किल चीज है और हर कोई यात्रा नहीं कर पाता, लेकिन साथ ही, यह एक मजेदार गतिविधि है जो आपकी थकान को दूर भगाती है। यात्रा करने से जीवन में स्वाद आता है, क्योंकि आप अलग–अलग जगहों पर जाते हैं, जहां अलग–अलग संस्कृति और जीवनशैली होती है। साथ ही, यह किसी जगह की संस्कृति और परंपरा के बारे में जानने का एक आसान तरीका है। इसके अलावा, कई क्षेत्रों के लिए, पर्यटन उनकी आय का मुख्य स्रोत है। पर्यटन केवल यात्रा और मनोरंजन का साधन नहीं है, बल्कि इसके माध्यम से हम पर्यावरण की रक्षा और संरक्षण के साथ–साथ स्थानीय समुदायों के विकास में भी अपना योगदान दे सकते हैं। पर्यटन, शाब्दिक रूप से कहें तो, अपने आनंद या व्यवसाय के लिए किसी स्थान की यात्रा करने की क्रिया है।

पर्यटन उद्योग दुनिया के सबसे बड़े उद्योगों में से एक है और किसी भी देश के लिए विदेशी मुद्रा का एक प्रमुख स्रोत है। पर्यटन नौकरियों के सृजन, आकर्षण, रेस्तरां, मनोरंजन, समुदाय में बेहतर सेवाओं, अर्थव्यवस्था के विविधीकरण और क्रॉस–सांस्कृतिक विविधता के माध्यम से किसी देश को विकसित करने में मदद करता है। हालांकि, हाल ही में महामारी के कारण पर्यटन उद्योग बहुत प्रभावित हुआ है। दुनिया बंद होने के कारण, यात्रा पूरी तरह से प्रतिबंधित थी और यहां तक कि सब कुछ धीरे–धीरे सामान्य होने के बावजूद, लोग यात्रा करने से हिचकिचा रहे हैं। फिर भी, पर्यटन उद्योग राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण बना हुआ है और पर्यटन उद्योग द्वारा बहुत सारे रोजगार उत्पन्न होते हैं, इसलिए यह गरीबी को कम करता है और विकास को बनाए रखता है। स्थानीय हस्तशिल्प और सांस्कृतिक गतिविधियां सभी पर्यटन से लाभान्वित होती हैं। यह अंतरराष्ट्रीय समझ के साथ–साथ राष्ट्रीय अखंडता को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

पर्यटन का एक और बड़ा लक्ष्य लोगों को राहत और विश्राम की भावना प्रदान करना है, जब वे एक ही नीरस कार्य दिनचर्या से थक जाते हैं। कई लोगों के लिए, यह भागने का एक तरीका है। हो सकता है कि कभी–कभी, उन्हें बस एक सप्ताहांत की छुट्टी की जरूरत होती है। विमानन, परिवहन, हस्तशिल्प और बागवानी जैसे कई क्षेत्र भी पर्यटन से लाभान्वित होते हैं। यह किसी देश के सकल घरेलू उत्पाद के साथ–साथ उसके आर्थिक विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान देता है। पर्यटन के माध्यम से, किसी देश की संस्कृति और विरासत को विदेशों में भी बढ़ावा मिलता है। भारतीय पर्यटन उद्योग के लिए अब चीजें उज्ज्वल दिखने लगी हैं। हालांकि, भारतीय पर्यटन उद्योग प्रदूषण से भी प्रभावित हुआ है।

मथुरा रिफाइनरी द्वारा उत्सर्जित अपशिष्टों के कारण आगरा में ताजमहल का रंग कुछ कम हुआ है। दूसरी ओर, राम भगवान का अयोध्या में भव्य मंदिर बनने से अयोध्या का काया कल्प भी हुआ है आज समुद्र तट पर्यटकों द्वारा छोड़े गए कचरे और अपशिष्टों के डंपिंग ग्राउंड बन गए हैं। प्राकृतिक पर्यावरण और विरासत स्थल तब तक आकर्षण का स्रोत बने रहते हैं जब तक कि उन्हें उनके क्षरण या प्रदूषण से नियंत्रण से परे नुकसान न हो। जब तक नियंत्रित नहीं किया जाता, तब तक भारी मात्रा में पर्यटकों की आवाजाही इन दुष्प्रभावों को जन्म देती है। पर्यटकों की भीड़ के दौरान स्थानीय लोगों की असुविधाओं को कम करने के लिए रिसॉर्ट की पर्यटक वहन क्षमता को संतुलित किया जाना चाहिए। पर्यटकों के लिए आवश्यक सेवाओं, सुविधाओं की मौजूदा स्थिति का सर्वेक्षण और स्वस्थ और टिकाऊ पर्यटन के विकास के उपायों जैसे कदमों की एक श्रृंखला को अपनाने की योजना बनाना आज एक सख्त जरूरत बन गई है।

**( ये लेखक के निजी विचार हैं )**

# समाज और राष्ट्र के निर्माण में अहम हैं भारतीय संस्कार

भारतीय संस्कृति और संस्कार प्राचीन काल से ही विश्वभर में अपने विशेष गुणों और मान्यताओं के लिए प्रसिद्ध रहे हैं। यह संस्कार न केवल हमारे समाज की नींव हैं, बल्कि व्यक्तियों के जीवन में अनुशासन, नैतिकता और संयम की भावना भी उत्पन्न करते हैं। भारतीय संस्कृति की विशेषता यह है कि यह अपनी परंपराओं को पीढ़ी दर पीढ़ी आगे बढ़ाने की क्षमता रखती है।

हालांकि, वर्तमान युग में तेजी से बदलती जीवनशैली, वैश्वीकरण और तकनीकी विकास के कारण युवा पीढ़ी पर इसका प्रभाव कुछ हद तक बदल गया है। आइए, जानते हैं कि भारतीय संस्कार और युवा पीढ़ी का क्या संबंध है और आज के समय में यह किस प्रकार प्रासंगिक हैं।

**भारतीय संस्कारों का महत्व :** भारतीय संस्कृति में संस्कार का अर्थ व्यक्ति के शारीरिक, मानसिक और आध्यात्मिक विकास के लिए किए जाने वाले विशेष कर्मों और अनुशासन से है। भारतीय जीवन शैली में 16 प्रमुख संस्कार माने गए हैं, जिनमें जन्म से लेकर मृत्यु तक विभिन्न संस्कार शामिल हैं। इनका उद्देश्य व्यक्ति को समाज और परिवार के प्रति जिम्मेदार और नैतिक रूप से सशक्त बनाना है। संस्कार परिवार और समाज की जड़ों से जुड़े रहते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि व्यक्ति अपने कर्तव्यों और अधिकारों के प्रति जागरूक रहे।



**लेखक : रेखा चंदेल**
बिलासपुर, हिप्र

**युवा पीढ़ी पर संस्कारों का प्रभाव :** वर्तमान युग में, जब तकनीक और आधुनिकता ने जीवन के लगभग हर पहलू को प्रभावित किया है, युवा पीढ़ी के लिए पारंपरिक संस्कारों और मूल्यों को समझना और अपनाना एक चुनौती बन गया है। इंटरनेट और सोशल मीडिया ने दुनिया भर की संस्कृतियों को मिलाने का काम किया है, जिससे भारतीय युवाओं पर पश्चिमी संस्कृति का प्रभाव बढ़ा है। आजकल के युवा स्वतंत्रता और व्यक्तिगत इच्छाओं को अधिक महत्व देते हैं, जिससे पारिवारिक और सामाजिक बंधनों में कमी आई है।

हालांकि, इसका मतलब यह नहीं है कि भारतीय संस्कार पूरी तरह से खो गए हैं। बहुत से युवा आज भी परिवार, समाज और धर्म की महत्ता को समझते हैं और उन मूल्यों को अपने जीवन में आत्मसात करने का प्रयास करते हैं।

**संस्कारों को समझने और अपनाने की चुनौती :** भारतीय संस्कारों को बनाए रखना आज की युवा पीढ़ी के सामने एक बड़ा प्रश्न है। शिक्षा और तकनीक के माध्यम से जहां एक ओर उनकी सोच का दायरा व्यापक हुआ है, वहीं दूसरी ओर संस्कारों को पुन: अपनाने में उन्हें मुश्किलें भी आती हैं, लेकिन यह भी देखा जा रहा है कि आजकल के कई युवा अपने संस्कृति और परंपराओं में गहरी रुचि लेते हैं। वे योग, ध्यान, भारतीय कला, संगीत और आयुर्वेद जैसी चीजों को अपने जीवन का हिस्सा बना रहे हैं, जो हमारे संस्कारों का ही अंग हैं।

आधुनिकता और संस्कारों के बीच संतुलन आधुनिकता और प्राचीन संस्कारों के बीच संतुलन बनाए रखना जरूरी है। युवा पीढ़ी को यह समझने की जरूरत है कि विकास और संस्कार एक–दूसरे के विरोधी नहीं हैं। संस्कार हमें हमारे जीवन की जड़ों से जोड़े रखते हैं और यह सुनिश्चित करते हैं कि हम नैतिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनें। इसलिए यह महत्वपूर्ण है कि आधुनिक युग में भी युवा पीढ़ी अपने संस्कारों को न भूलते हुए आगे बढ़े। भारतीय संस्कार और युवा पीढ़ी के बीच का संबंध एक बहुत ही संवेदनशील और महत्वपूर्ण विषय है। बदलते समय के साथ, भारतीय संस्कृति के मूल्यों को बनाए रखना एक चुनौती है, लेकिन यह असंभव नहीं है।

हमें अपने परिवारों, स्कूलों और समाज के माध्यम से युवा पीढ़ी में इन संस्कारों को जागरूक करने और अपनाने की प्रेरणा देने की जरूरत है। भारतीय संस्कार, यदि सही ढंग से समझाए और अपनाए जाएं, तो यह न केवल व्यक्तिगत विकास में मदद करेंगे, बल्कि समाज और राष्ट्र के निर्माण में भी अहम भूमिका निभाएंगे।

**( ये लेखिका के निजी विचार हैं )**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### शराब के नशे में दोस्त को जलाने की कोशिश

**कुल्लू।** कुल्लू जिले के अंतर्गत आने वाले माशना में एक व्यक्ति पर पैट्रोल छिड़क कर उसे जिंदा जलाकर मारने की कोशिश का मामला सामने आया है। घटना का शिकार हुआ पीड़ित व्यक्ति अस्पताल में उपचाराधीन है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार माशना निवासी बाल कृष्ण ने कहा कि वह बीते रोज रात करीब 10 बजे अपने दोस्त दोत राम के घर गया था। इस दौरान दोनों ने दोत राम के घर में शराब का सेवन किया। उन्होंने बताया कि शराब पीने के बाद किसी बात को लेकर दोनों के बीच में बहस हुई। इस दौरान दोत राम गुस्से में उठकर दूसरे कमरे में चला गया और वहां से पैट्रोल की कैनी उठाकर ले आया। इससे पहले की बाल कृष्ण कुछ समझ पाता दोत राम ने उसके ऊपर पैट्रोल छिड़क कर आग लगा दी। इस घटना में बाल कृष्ण का कमर से लेकर ऊपर शरीर का हिस्सा व सिर झुलस गया। घटना की खबर इलाके में फैल गई और वहां पर लोग एकत्रित हुए। शिकायतकर्ता के परिजनों ने अन्य लोगों की मदद से उसे अस्पताल पहुंचाया। पुलिस ने घटना के शिकार व्यक्ति के बयान दर्ज कर आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुल चंद्रन ने घटना की पुष्टि करते हुए कहा कि आरोपी के खिलाफ कानून के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

### तंबाकू से होने वाले नुकसान के बारे में बताया



**पतलीकूहल।** परी एंजल मॉडल स्कूल लरांकेलों में किशोर स्वास्थ्य एवं आरोग्य दिवस का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में नगर ब्लॉक से स्वास्थ्य अधिकारी ममता, मनाली से सीता जिन्होंने बच्चों को कई तरह की जानकारी दी जैसे कि किशोरावस्था में होने वाले बदलाव (फिजिकली), तंबाकू और ड्रग्स से होने वाले नुकसान और पोषक तत्व का महत्व हमारे जीवन में क्या है और इनके साथ आशा वर्कर्स पूनम देवी, किरणा कपूर और अन्य स्वास्थ्य अधिकारी सुनीता ठाकुर, सोहन लाल भी शामिल थे। इस उपलक्ष्य पर सातवीं से लेकर 10वीं कक्षा के बच्चों ने पेंटिंग बनाई। इस पेंटिंग का विषय था पोषक तत्वों का महत्व रहा। इस पेंटिंग प्रतियोगिता में बच्चों को उपहार दिए गए। इस कार्यक्रम में स्कूल के प्रबंधक कमल ठाकुर, प्रधानाचार्य प्रोमिला देवी और अध्यापक भी उपस्थित थे।

### राफ्टिंग प्वाइंट से अतिक्रमण को हटाया जाए

**कुल्लू।** राफ्टिंग एसोसिएशन बबेली के मुख्य सलाहकार जगरूप नेगी ने कहा कि राफ्टिंग अंतिम प्वाइंट वैष्णो देवी मंदिर के पास राफ्टिंग पार्किंग से रेहड़ी-फड़ी को जल्द उठाया जाए। साथ ही उन लोगों को सख्त हिदायत दी जाए कि दोबारा यहां रेहड़ी-फड़ी नहीं लगाई जाए। उन्होंने सभी ऑपरेटर्स और प्रशासन से आग्रह किया कि शुक्रवार को एसोसिएशन की बैठक में इस बारे निर्णय लिया जाए। वहां पर पर्यटकों को गाड़ी पार्क करने के लिए बहुत मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। पर्यटकों को अपने वाहन रोड में पार्क करने पड़ते हैं, जिस कारण उनके वाहनों के चालान होते हैं और सड़क में वाहन खड़े होने से दुर्घटना का खतरा बना रहता है। नेगी ने बताया कि कई बार यहां दुर्घटना भी हो चुकी हैं। पिछली बार भी प्रशासन ने इन्हें यहां से हटाने के निर्देश दिए थे। इस बार फिर यहां इन लोगों ने रेहड़ी-फड़ी लगा दी हैं, जो कि गंभीर मसला है। सभी राफ्टिंग प्वाइंट पर सब कमेटियों को मान्यता दी है।

### प्रदर्शनी लगाकर संतुलित आहार का दिया संदेश




**आनी।** पीएम श्री राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला आनी में पोषण सप्ताह के अंतर्गत सही पोषण देश रोशन थीम आधारित पोषण दिवस का आयोजन किया गया। हेल्थकेयर शिक्षिका यामिनी शर्मा के कुशल मार्गदर्शन में हेल्थकेयर के विद्यार्थियों ने बीथू के लड्डू, मूंग दाल हलवा, पॉप कॉर्न, अखरोट की चटनी, सीडू, सूजी हलवा आदि पारंपरिक व्यंजनों की प्रदर्शनी लगाई। स्टूडेंट्स ने मॉडल, चार्ट आदि की प्रदर्शनी द्वारा संतुलित आहार का संदेश दिया। कार्यकारी प्रधानाचार्य श्यामानंद ने सभी विद्यार्थियों तथा यामिनी शर्मा को पोषण दिवस के सफल आयोजन के लिए बधाई दी तथा विद्यार्थियों से जंक फूड के स्थान पर पोषक तत्वों से युक्त पारंपरिक आहार को अपने भोजन में शामिल करने की अपील की।

### समय पर मदद मिली, तो बची ट्रैकर की जान



**केलांग।** लाहौल घाटी के बारालाचा दर्रे की युनाम पीक के समीप रास्ता भटके एक ट्रैकर की पुलिस ने बचाव अभियान चलाकर जान बचाई है। यदि समय पर मदद नहीं मिलती, तो ट्रैकर की जान जा सकती थी। चोटी से सुरक्षित लाए ट्रैकर की पहचान राजमंगल सिंह पुत्र सुरेंद्र सिंह उम्र 33 साल आरओ 16बी कभीतिथि सरानी बतगंगा कोलकाता के रूप में हुई है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार लापता ट्रैकर एक समूह का हिस्सा था, जिसमें नौ ट्रैकर शामिल थे, जो बारालाचा के युनाम पीक में ट्रैकिंग कर रहे थे, जिसकी ऊंचाई 20,300 फुट है। एसपी मयंक चौधरी ने बताया कि सुबह सूचना प्राप्त हुई कि एक ट्रैकर रास्ता भटक गया है। सूचना मिलते ही सहायक उपनिरीक्षक रवि दत्त के नेतृत्व में एचएचसी विजय कुमार और कांस्टेबल मोहित घटनास्थल पर रवाना हुए। आवश्यक बचाव उपकरणों से लैस और ट्रैकरों के सहयोग से टीम ने युनाम पीक की ओर छह किलोमीटर की चुनौतीपूर्ण चढ़ाई चढ़ी। चुनौतीपूर्ण मौसम की स्थिति का सामना करते हुए लापता ट्रैकर को सफलतापूर्वक और सुरक्षित रूप से बचा लिया।

### धर्मशाला की टीम कुल्लू को मात देकर फाइनल में



**कुल्लू।** कुल्लू कॉलेज में हिमाचल प्रदेश इंटर कॉलेज फुटबाल छात्रा वर्ग चैंपियनशिप का सेमीफाइनल मुकाबला हुआ। धर्मशाला और कुल्लू कालेज के खिलाड़ियों के बीच करो या मरो का मैच देखने को मिला। लंबी जद्दोजह के बाद 1-0 से मेजबान कुल्लू को मात देकर फाइनल में पहुंच गया। शुक्रवार को फाइनल मुकाबला धर्मशाला और सुंदरनगर कॉलेज के बीच खेला जाएगा। प्रॉचार्य डॉ. मनदीप शर्मा बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। सेमी फाइनल के दो मुकाबला क्रमशः धर्मशाला बनाम कुल्लू और एमएलएमएस सुंदरनगर बनाम पीजी सेंटर शिमला के बीच खेले गए। धर्मशाला और कुल्लू कॉलेज के खिलाड़ियों के बीच सेमीफाइनल में करो या मरो का मैच देखने को मिला। दूसरे सेमीफाइनल मुकाबले में सुंदरनगर और पीजी सेंटर शिमला के बीच जबरदस्त भिड़त हुई। सुंदरनगर के खिलाड़ियों ने पीजी सेंटर शिमला को 2-0 से हराकर फाइनल में जगह बनाने में कामयाब रहे।

### स्मॉल सेविंग योजना में अधिक लोगों को जोड़ा जाए



**केलांग।** जनजातीय जिला लाहौल-स्पीति में लघु बचत के विस्तार के लिए तथा ग्रामीण स्तर पर लोगों को जोड़ने के लिए प्रदेश सरकार प्रयासरत है। यह उद्गार उदयपुर उपमंडल में राष्ट्रीय बचत राज्य सलाहकार बोर्ड हिमाचल प्रदेश के उपाध्यक्ष प्रकाश चंद करड़ ने एकदिवसीय जागरूकता शिविर के दौरान अध्यक्षता करते हुए कहे। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय बचत आंदोलन को प्रदेश के कोने-कोने तक पहुंचाना तथा जनसाधारण को बचत के महत्व के बारे में जागरूक कर अपनी आमदनी से कुछ न कुछ बचत करने की आदत को बनाने के लिए प्रेरित करना है। लोगों में बचत की भावना उत्पन्न कर प्रदेश व देश के विकास में सहभागिता सुनिश्चित बनाना ही मुख्य उद्देश्य है। इसके प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करने के लिए ग्रामीण स्तर पर लोगों को अधिक से अधिक जागरूक कर स्मॉल सेविंग योजना से जोड़ना है। इसके लिए प्रदेश सरकार की ओर से भी मुख्यमंत्री के कुशल नेतृत्व में कई मजबूत पग उठाए जा रहे हैं। उपाध्यक्ष ने लघु बचत को लेकर कहा कि महिला ऐजेंट्स को कमीशन के तौर पर 4 प्रतिशत तथा पुरुष एजेंट्स को एक प्रतिशत की दर से कमीशन दिया जा रहा है। महिलाओं की सहभागिता को और बढ़ाने के उद्देश्य से महिला एजेंट की कमीशन को बढ़ाने का मामला प्रदेश सरकार से भी उठाया जाएगा।

# बिजली महादेव रोप-वे को लेकर देवता आदेश सर्वोपरि : कंगना रनौत

## कहा- केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से रोप-वे के निर्माण को बंद करने का करेंगी आग्रह

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सांसद कंगना रनौत ने कहा कि बिजली महादेव रोप-वे को लेकर देवता आदेश सर्वोपरि।

उन्होंने कहा कि देव आज्ञा के बिना कुछ नहीं होगा और वह केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से रोप-वे के निर्माण को लेकर बात करेंगी और निर्माण नहीं करने का आग्रह करेंगी। यह बात उन्होंने कुल्लू के चंसारी पंचायत में आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान कही। इस दौरान सांसद ने चंसारी हाई स्कूल के निर्माणाधीन भवन के कार्य का जायजा लिया। इसके बाद सांसद ने बिजली महादेव मेले में सम्मिलित होकर देवता बिजली महादेव और देवता माहूटी नाग से आशीर्वाद लिया। देवता के कारकूनों ने सांसद कंगना रनौत को देवता की चादर भेंट की।



चंसारी पंचायत में आयोजित नागरिक अभिनंदन कार्यक्रम के दौरान कंगना रनौत।

सांसद ने क्षेत्र की जनता का वोट देने के लिए आभार प्रकट किया। इस कार्यक्रम में पूर्व सांसद एवं पूर्व विधायक महेश्वर सिंह, कुल्लू विस क्षेत्र से 2022 के प्रत्याशी नरोत्तम सिंह ठाकुर, भाजपा के युवा नेता दानवेंद्र सिंह और प्रदेश भाजपा सह प्रभारी अमित सूद सहित अन्य कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सांसद ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि आप लोगों ने मुझे वोट देकर संसद में भेजा है, इसके लिए मैं आप सभी का आभार प्रकट करती हूं। उन्होंने कहा कि कुल्लू-मनाली में मेरा विशेष स्नेह प्यार और ध्यान रहेगा। बिजली महादेव रोप-वे का जो मामला है, उसको लेकर उन्होंने पहले केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी से बात भी की थी, जिस समय बिजली महादेव रूप देख के लिए सॉयल सैंपल लेने के लिए टीम आई थी और उसके बाद काम बंद भी हुआ है।

### कुल्लू के विधायक सुंदर ठाकुर पर साधा निशाना

**इस** मौके पर कंगना ने कुल्लू के विधायक एवं सीपीएस सुंदर सिंह ठाकुर पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग अपने निजी स्वार्थ के लिए भी बिजली महादेव रोप-वे का निर्माण कर रहे हैं, अगर ऐसी स्थिति है, तो मैं फिर से केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी के पास जाऊंगी और उनसे बात करूंगी। यदि देवता नहीं चाहते हैं, तो हमें भी वह काम नहीं करना चाहिए। आधुनिककरण अपनी जगह है, लेकिन हमारे समाज में देवताओं का आदेश सर्वोपरि है। इसके अलावा खराहल घाटी के लिए सिंचाई पेयजल की योजना को लेकर भी केंद्र सरकार से समक्ष आवाज उठाऊंगी, जब मैं चुनाव के समय इस क्षेत्र में आई थी, तो चंसारी क्षेत्र के लोगों ने मेरे समक्ष संसारी हाई स्कूल में छात्रों को बैठने के लिए भवन की व्यवस्था नहीं है, इसको लेकर समस्या बताई थी। इस स्कूल के लिए सांसद निधि से 19 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की है।

# एलपीएस की डूबती नैया को सरकार ही लगा सकती है पार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

एशिया की दूसरी सबसे बड़ी सहकारी सोसायटी लाहौल आलू उत्पादक संघ (एलपीएस) पर कुप्रबंधन के कारण संकट के बादल छा गए हैं। देनदारी का भुगतान न होने पर कांगड़ा बैंक ने एलपीएस के मनाली स्थित होटल चंद्रमुखी पर ताला लगा दिया है। हालांकि नई कार्यकारिणी के चुनाव हो गए हैं, लेकिन मामला कोर्ट में होने के कारण चेयरमैन का चयन होना अभी बाकी है। हालात ऐसे हो गए हैं कि एलपीएस की डूबती नैया को अब सरकार ही पार लगा सकती है।

सोसायटी के लगातार कर्ज के बोझ तले दबने से सदस्य चिंतित हैं। कुछ किसान कुप्रबंधन को इस हालत का जिम्मेदार मान रहे हैं, जबकि कुछ सरकार से समय पर मदद न मिलने की बात कर रहे हैं। आर्थिक रूप से अंतिम सांसें गिन रही सोसायटी को अब सरकार के सहारे की सख्त जरूरत है। लाहौल घाटी के किसान पलजोर, सुरेश, बलबीर, अशोक, टशी व रिगजिन ने कहा कि 60 के दशक में सोसायटी के अस्तित्व में आने के बाद यह प्रदेश ही नहीं, बल्कि देश की जानी मानी सहकारी संस्थाओं में शुमार हुई।

> हमारे कार्यकाल में भी सोसायटी कर्ज में जरूर थी, लेकिन कार्यकारिणी के सदस्यों ने सूझबूझ का परिचय देते हुए समस्या का समाधान किया। प्रदेश सरकार के साथ तालमेल बिठाकर काम किया। सरकार के सहयोग व मदद के बिना सोसायटी की नैया पार लगना मुश्किल है।
>
> **कमल ठाकुर, पूर्व चेयरमैन एलपीएस।**

> 2019 में चेयरमैन बनते ही सोसायटी को घाटे से निकालने के प्रयास किए। हमारे कार्यकाल में सोसायटी ने कर्ज नहीं लिया, लेकिन पिछली देनदारी देने के हर संभव प्रयास किए। आमदनी बढ़ाने को लेकर भी सोसायटी के हित में निर्णय लिए।
>
> **सुदर्शन जसपा, पूर्व चेयरमैन एलपीएस।**

जनजातीय क्षेत्रों के लोगों की आर्थिकी बढ़ाने में कई वर्षों तक अहम भूमिका निभाती रही, जिस समय अटल टनल नहीं बनी थी, तब सोसायटी महीनों का राशन सस्ते दामों में घर-घर तक पहुंचाया करती थी, लेकिन कुप्रबंधन व कुशल व्यावसायिक प्रबंधन की कमी व वक्त के अनुसार न चलने के कारण वर्तमान में यह सोसायटी आर्थिक तंगी का शिकार हुई है।

# 29.46 ग्राम चिट्टे के साथ पंजाब के दो युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

कुल्लू जिला पुलिस की ओर से जिले में नशे को जड़ से खत्म करने के उद्देश्य से लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। इसी कड़ी में भुंतर पुलिस की टीम ने बजौरा फोरलेन पर पंजाब के दो युवकों को 29. 46 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार किया।

पुलिस की जानकारी के अनुसार भुंतर पुलिस की टीम जब बजौरा फोरलेन में गश्त पर थी, तो उस समय पंजाब के दो युवकों की शक के आधार पर तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान युवकों के कब्जे से 29.46 ग्राम चिट्टा बरामद हुआ। पुलिस ने नशा तस्करी के आरोप में दोनों युवकों को गिरफ्तार कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपियों की पहचान सिमोन (उम्र 28 साल) निवासी गुरदासपुर (पंजाब) और समरगिल (उम्र 21 साल) निवासी अमृतसर (पंजाब) के रूप में हुई है। उधर, एसपी कुल्लू डॉ. कार्तिकेयन गोकुलचंद्रन ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ भुंतर थाने में धारा 21, 29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया है और आरोपियों को न्यायालय में पेश करने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है। जिले में नशे और नशा तस्करों के खिलाफ पुलिस की ओर से विशेष मुहिम छेड़ी गई है। इस मुहिम के तहत पुलिस लगातार नशा तस्करों पर नकेल कसने का काम कर रही है।



# आज से होगा संगीत-नृत्य उत्सव

**कुल्लू।** भाषा एवं संस्कृति विभाग हिमाचल प्रदेश एवं चंडीगढ़ संगीत नाटक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में आज से 30 तक अटल सदन के अंतरंग सभागार में दोपहर 2 बजे से संगीत-नृत्य उत्सव का आयोजन किया जा रहा है।

जिला भाषा अधिकारी कुल्लू सुनीला ठाकुर ने कहा कि आज कलाकार-निलय खान एवं ग्रुप का सूफी गायन; कल सबरजीत कौर असीम का पंजाबी लोक गायन, 29 को गुरुकुल संगीत एवं नृत्य अकादमी समिति चंडीगढ़ का कथक नृत्य तथा 30 को तरसेम चंद कलहेरी एवं ग्रुप द्वारा पंजाबी लोक नृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। उन्होंने सभी कलाप्रेमियों से इस कार्यक्रम का आनंद उठाने के लिए आग्रह किया है। कार्यक्रम में प्रवेश निशुल्क रहेगा ।

# जिप के कार्यों में बेहतर सहयोग देने वाले विभाग होंगे सम्मानित : पंकज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

जिला परिषद कुल्लू की त्रैमासिक बैठक का आयोजन जिला परिषद हाल कुल्लू में किया गया। इस मौके पर जिले में मूलभूत समस्याओं को जिला परिषद सदस्यों ने प्रमुखता से उठाया और उनके समाधान को लेकर संबंधित विभागों के अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। बैठक में कुल 46 समस्याओं पर चर्चा हुई।

बैठक की अध्यक्षता जिला परिषद अध्यक्ष पंकज परमार ने की उन्होंने विभिन्न जिला परिषद सदस्यों की ओर से उठाए गए प्रश्नों तथा समस्याओं पर अधिकारियों द्वारा जानकारी दी। सदस्यों के प्रश्न का जवाब देते हुए लोक निर्माण विभाग के अधिशाषी अभियंता बीसी नेगी ने बताया कि भुंतर-मणिकर्ण रोड़ को डबल लेन करने के संबंधी 78.15 करोड़ रुपए की डीपीआर स्वीकृति के लिए केंद्र सरकार को भेजी गई है, जिसकी स्वीकृति मिलने के बाद कार्य आरंभ हो जाएगा। एक अन्य प्रश्न के उत्तर में जानकारी दी गई कि वन विश्राम गृह जरी की जर्जर हालत है तथा इस संबंध में उसे असुरक्षित घोषित कर तथा उसकी जगह नया भवन निर्माण करने के संबंध में संपूर्ण कार्रवाई अमल में लाई गई है। आगामी सभी औपचारिकताएं पूरी होने के पश्चात इस कार्य को आरंभ किया जाएगा। सदस्य विभा सिंह की ओर से पूछे गए प्रश्न के उत्तर में जानकारी दी गई कि सैंज से देहुरी तथा मन्याशी सड़क को दुरुस्त करने के लिए कदम उठाए जाएंगे। बैठक में उपाध्यक्ष वीर सिंह ठाकुर, सदस्य पूर्ण चंद्र ठाकुर, जीवन ठाकुर, गुलाब सिंह, रुक्मिणी देवी की ओर से विभिन्न महत्वपूर्ण मुद्दों पर विभागीय अधिकारियों से जानकारी हासिल की गई।



### प्रशस्ति पत्र देकर करेंगे सम्मानित

**इस** अवसर पर पंकज ने कहा कि जिला परिषद के कार्यों में बेहतर सहयोग देने वाले विभागों के अधिकारियों को जिला परिषद प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करेगा।

# साइबर सुरक्षा और निजी सुरक्षा के बारे में विशेषज्ञों ने शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

जिला मुख्यालय कुल्लू में स्थित अटल भवन के कान्फ्रेंस हॉल में समग्र शिक्षा अभियान के तहत पांच दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। समग्र शिक्षा कुल्लू के द्वारा राज्य स्तरीय सेवाकालीन प्रशिक्षकों के प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

अटल सुरंग भवन की कान्फ्रेंस हॉल में आयोजित प्रशिक्षण शिविर में निजी सुरक्षा एवं साइबर सुरक्षा के बारे में विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर सबसे पहले निजी सुरक्षा के बारे में जानकारी दी गई। निजी सुरक्षा से संबंधित विषय के विशेषज्ञ पराग कपूर ने सबसे पहले सीसीटीवी के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी देते हुए सीसीटीवी को कैसे ओर किस तरह से इस्तेमाल करना है इस बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही उन्होंने प्रशिक्षुओं को बताया कि दूरदराज के क्षेत्रों में वाईफाई के माध्यम से कैसे सीसीटीवी को उपयोग में लाना है और किस तरह से इसका रखरखाव करना है इसके बारे में जानकारी दी गई। साइबर सुरक्षा विषय पर साइबर विशेषज्ञ रोहित ने सभी को साइबर क्राइम के बारे में जानकारी दी। इसके साथ ही आए दिन होने वाले साइबर क्राइम, ऑनलाइन धोखाधड़ी, डेबिट कार्ड, क्रेडिट कार्ड और एटीएम कार्ड के साथ किए जाने वाले धोखे और इसके साथ ही ईमेल, फेसबुक, ऑनलाइन गेम्स और अन्य सोशल साइटों के माध्यम से किए जाने वाले फ्रॉड को रोकने के लिए किस तरह के सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं और किस तरह से अपने नंबरों और निजी जानकारी को अंजान लोगों से बचा कर रखना है उसके बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी।



इस अवसर पर जरड़ में स्थित डाइट के वाइस प्रिंसिपल एवं कार्यक्रम के को-ऑर्डिनेटर अमित मेहता ने समग्र शिक्षा अभियान के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि 5 दिवसीय राज्य स्तरीय सेवा कालीन प्रशिक्षकों के लिए विभिन्न विषयों पर आधारित प्रशिक्षण के चौथे दिन साइबर सुरक्षा और निजी सुरक्षा के बारे में विशेषज्ञों के द्वारा विस्तार से जानकारी दी। (अनंत ज्ञान)

# भजन प्रतियोगिता में आर्यभट्ट सदन ने मारी बाजी

**मनाली।** डीएवी पब्लिक स्कूल मनाली में प्रातः कालीन सत्र के दौरान विद्यालय के नवनिर्मित सभागार में अंतर-सदनीय आर्य समाज भजन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

चारों सदनों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक इस प्रतियोगिता में भाग लिया और प्रत्येक सदन के छात्र-छात्राओं ने अपने मधुर भजन से पूरे विद्यालय परिसर को गुंजायमान कर दिया। इस प्रतियोगिता में 'आर्यभट्ट सदन' ने प्रथम स्थान हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य आरएस राणा ने विजेताओं को बधाई दी और प्रत्येक सदन के द्वारा दी गई उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए उनकी सराहना की तथा सभी छात्रों को भविष्य में उत्साहपूर्वक प्रत्येक गतिविधि तथा प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया ।

# नशे से ग्रसित व्यक्ति को एक बीमार की तरह समझें : तोरुल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

डीसी तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में जिला रेडक्रॉस सोसायटी की वार्षिक आम बैठक बहुउद्देशीय हॉल, बचत भवन, ढालपुर कुल्लू में उपायुक्त-सह-अध्यक्ष, डीआरसीएस, कुल्लू तोरुल एस रवीश की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

बैठक में वर्ष 2023-24 के लिए वार्षिक रिपोर्ट, वार्षिक लेखा परीक्षा को अनुमोदित किया गया। वर्ष 2024-25 के लिए लेखा परीक्षा आयोजित करने के लिए चार्टर्ड अकाउंटेंट की नियुक्ति को मंजूरी प्रदान कि गई। डीसी ने बैठक में जानकारी दी कि रेडक्रॉस के अंतर्गत कुल्लू में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र, अर्ली इंटरवेंशन सेंटर तथा नशे की रुग्णता से ग्रस्त महिलाओं के लिए इरका केंद्र संचालित किया जा रहे हैं। नशे से ग्रसित होने को एक टेबू के रूप में न लेते हुए इसको एक बीमारी की तरह समझना चाहिए तथा सभी सदस्य अपने-अपने क्षेत्र में इस बात को सुनिश्चित करें कि अपने जिले एवं प्रदेश के बच्चों को इस बीमारी से बाहर निकालने के लिए ईलाज ही एकमात्र तरीका है। डीसी ने कहा कि रेडक्रॉस के माध्यम से गरीब तथा जरूरतमंद लोगों के कल्याण में सहयता कि जाती है तथा अब जिले में उपमंडल स्तर पर रेड क्रॉस इकाइयां गठित हो चुकी हैं। बंजार तथा निरमंड में रेड क्रॉस भवन के लिए भूमि चिन्हित की जा चुकी है जल्द ही यहां पर भवन का निर्माण आरंभ किया जाएगा।



**पहल** कुल्लू में सेब व अन्य फलदार पौधों की उन्नत किस्में पैदा कर रहे देवराज राणा

# टिशू कल्चर तकनीक से बढ़ रही बागवानों की आय

**कमलेश वर्मा, कुल्लू**

आज जहां देश में हर क्षेत्र नई प्रौद्योगिकी को बढ़ावा देने के लिए सरकार प्रोत्साहन दे रही है। वहीं, कृषि बागवानी क्षेत्र में नई तकनीक का प्रयोग बढ़ रहा है।

इसका उदाहरण जिला कुल्लू के बागवान देवराज राणा हैं, जो कि जैव प्रौद्योगिकी का प्रयोग कर टिशू कल्चर तकनीक से कुल्लू में सेब तथा अन्य फलदार पौधों की उन्नत किस्में पैदा कर जिले के बागवानों की आर्थिकी को बढ़ाने में मदद कर रहे हैं। बकौल देवराज राणा टिश्यू कल्चर एक ऐसी तकनीक है, जिसका उपयोग पौधों को फैलाने के लिए मूल पौधे से छोटे ऊतक के नमूने लेकर उन्हें एक प्रयोगशाला में नियंत्रित परिस्थितियों में उगाने के लिए किया जाता है। इस तकनीक का आमतौर पर सेब के पेड़ों के उत्पादन में उपयोग किया जाता है, क्योंकि यह उत्पादकों को बड़ी संख्या में रोग मुक्त पेड़ों का उत्पादन करने में सहायता करता है, जो आनुवंशिक रूप से मूल पौधे के समान होते हैं। इसमें सबसे पहले एक उपयुक्त एक्सप्लांट का चयन करना है, जिसके टिशू का एक छोटा टुकड़ा लेकर, जिसका उपयोग कल्चर शुरू करने के लिए किया जाता है। सेब के पेड़ों के मामले में, एक्सप्लांट आमतौर पर शूट टिप या पत्ती का एक छोटा सा हिस्सा होता है। एक्सप्लांट को कल्चर माध्यम में रखने से पहले, कल्चर को दूषित करने वाले किसी भी बैक्टीरिया या कवक को खत्म करने के लिए इसे स्टरलाइज किया जाता है। यह आमतौर पर सोडियम हाइपोक्लोराइट (ब्लीच) या इथेनॉल के घोल का उपयोग कर किया जाता है। फिर इसे कल्चर माध्यम में रखा जाता है, जो पोषक तत्वों से भरपूर घोल है, जो पौधे को बढ़ने के लिए आवश्यक विटामिन, खनिज और अन्य पोषक तत्व प्रदान करता है। पौधे की विशिष्ट आवश्यकताओं के आधार पर माध्यम की सटीक संरचना भिन्न हो सकती है, लेकिन आम तौर पर इसमें मैक्रोन्यूट्रिएंट्स (जैसे नाइट्रोजन, फास्फोरस और पोटेशियम), माइक्रोन्यूट्रिएंट्स (जैसे आयरन, जिंक और कॉपर) और ग्रोथ हार्मोन का मिश्रण शामिल होता है। कल्चर माध्यम में एक्सप्लांट रखे जाने के बाद, यह बढ़ना शुरू कर देगा। एक बार जब पौधे उपयुक्त आकार तक पहुंच जाते हैं, तो उन्हें रूटिंग माध्यम में स्थानांतरित कर दिया जाता है, जो जड़ों के विकास को प्रोत्साहित करता है। (अनंत ज्ञान)





बागवान देवराज राणा की टिशू कल्चर प्रयोगशाला (दाएं) तैयार किए गए सेब।

### एक करोड़ 98 लाख से प्रयोगशाला की स्थापित

**देवराज** राणा के अनुसार उन्होंने प्रदेश सरकार के बागवानी विभाग की मदद से विश्व बैंक से वित्तपोषित हिमाचल प्रदेश बागवानी विकास परियोजना के माध्यम से एक करोड़ 98 लाख रुपए की लागत से इस प्रयोगशाला को स्थापित किया। इसके लिए उन्हें सरकार से 60 लाख रुपए का अनुदान प्राप्त हुआ और आज वे प्रदेश भर के बागवानों को आधुनिक बागवानी के लिए मदद कर रहे हैं।

### पौधों का बगीचा किया तैयार

**लगघाटी** के एक किसान हीरा लाल ने देवराज राणा की टिशू कल्चर लैब से तैयार पौधों का बगीचा एक बीघा भूमि में लगाया था। वर्ष 2019 मार्च के महीने में लगाई गई नई वैरायटी के सेब ने 2020 व 21 में इन पौधों में सैंपल फल देना शुरू कर दिया। 2023 में 250 पौधों से 20 किलो के 200 क्रेट तैयार हुए हैं। इन सेब की मंडियों में अधिक डिमांड है। हीरा लाल ने बताया कि वर्षों पुरानी रॉयल के पेड़ भी उनके पास हैं, लेकिन इन 250 पौधों के मुकाबले वह इतनी फसल नहीं दे पाते हैं। अब आने वाले समय में बाकी जगहों पर भी इन वैरायटी के पौधों को लगाया जाएगा।



## न्यूज ब्रीफ

### संसाधनों का समुचित उपयोग उपलब्ध करवाया जाए



**सोलन।** जिला सोलन के धर्मपुर स्थित टीबी सेनीटोरियम की रोगी कल्याण समिति की 13वीं वार्षिक निकाय बैठक धर्मपुर में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने की। बैठक में संस्थान के प्रस्तावित व्यय का अनुमोदन किया गया। डीसी ने निर्देश दिए कि उपलब्ध संसाधनों का समुचित उपयोग उपलब्ध करवाया जाए। बैठक में शासी निकाय के सदस्य, टीबी सेनीटोरियम के चिकित्सक एवं अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### धर्मपुर के विद्यार्थी सीखेंगे बागवानी के गुर



**सोलन(** विद्यार्थियों को व्यावसायिक शिक्षा से जोड़ने के उद्देश्य से सोलन के धर्मपुर कॉलेज ने कृषि विभाग और बागवानी विभाग धर्मपुर के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए। समझौते के तहत कृषि विभाग, कार्यालय विषय वस्तु विशेषज्ञ, धर्मपुर छात्रों को कृषि संबंधी सलाहकार सेवाएं, ज्ञान और कौशल प्रदान करेगा तथा भविष्य में कॉलेज में प्राकृतिक खेती पर संवाद सत्र और वर्मी कंपोस्ट के लिए कार्यशाला आयोजित की जाएगी। कॉलेज के विद्यार्थी क्षेत्र भ्रमण (फील्ड ट्रिप) के अंतर्गत चांमिया वर्मी कंपोस्ट सहकारी सभा का भ्रमण करेंगे। एमओयू के अंतर्गत बागवानी विभाग, कार्यालय विषय वस्तु विशेषज्ञ, धर्मपुर सरकार की बागवानी नीति और विभिन्न स्कीमों की जानकारी स्टूडेंट्स को प्रदान करेगा। कॉलेज छात्रों को मशरूम की खेती, फूलों की खेती और मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण व महारत प्राप्त करने के लिए प्रेरित करेगा। प्रॉचार्य डॉ. राजेंद्र कश्यप के अनुसार कृषि और बागवानी विभाग के साथ किए गया ये समझौता ज्ञापन छात्रों के लिए स्वरोजगार सृजन में महत्वपूर्ण भूमिका अभिनीत करेगा।

### वीडियो मेकिंग में पलक ने झटका पहला स्थान



**सोलन।** राजकीय महाविद्यालय सोलन के प्राणीशास्त्र विभाग ने एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर बिग बटरफ्लाई माह सितंबर के उत्सव का समापन किया। कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. रीता शर्मा ने मुख्यातिथि की भूमिका निभाई। विभागाध्यक्ष डॉ. मंजू ठाकुर के अनुसार, तितलियां परागण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं, जो भोजन के उत्पादन के लिए आवश्यक प्रक्रिया है। बिग बटरफ्लाई माह को चिह्नित करने के लिए और छात्रों को तितलियों की दुनिया की ओर आकर्षित करने के लिए पूरे महीने विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन गतिविधियों में तितली को देखना और गिनना, तितली की पहचान, तितली की फोटोग्राफी और वीडियोग्राफी के साथ-साथ मानव जीवन में तितलियों की भूमिका और इसके विपरीत भूमिका के बारे में जागरूकता फैलाने के लिए पावर प्वाइंट प्रस्तुतियां शामिल थीं। वीडियो मेकिंग प्रतियोगिता में पलक ने पहला, स्वरित ने दूसरा और मनीष ने तीसरा पुरस्कार जीता। फोटोग्राफी प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय और तृतीय स्थान क्रमशः स्वरित, प्रीति और नेहा ने प्राप्त किया। साक्षी और रंजना ने सांत्वना पुरस्कार जीता।

### पर्यटन की अपार संभावनाओं से करवाया अवगत



**सोलन।** सोलन कॉलेज के बीवॉक विभाग की ओर से विश्व टूरिज्म सप्ताह के अंतर्गत तीन दिवसीय कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कॉलेज की प्राचार्य डॉक्टर रीता शर्मा ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। प्राचार्य डॉक्टर रीता शर्मा ने छात्रों को संबोधित करते हुए देश तथा विदेश में पर्यटन की अपार संभावनाओं से अवगत करवाया। कार्यक्रम के पहले दिन विभिन्न गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिनमें मेहंदी प्रतिस्पर्धा, बेस्ट आउट ऑफ वेस्ट, कैप्शन राइटिंग, कॉलेज मेकिंग, फोटोग्राफी, तथा पेंटिंग शामिल हैं। महाविद्यालय के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. नरेंद्र वर्मा, डॉक्टर चमन शर्मा आदि ने इन प्रतिस्पर्धा में निर्णायक की भूमिका निभाई। सभी प्रतिस्पर्धाओं का परिणाम आज घोषित किया जाएगा।

### महादेव मंदिर जाने वाले मार्ग की साफ-सफाई की




**अर्की।** लक्ष्य पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल अर्की में चल रहे सात दिवसीय राष्ट्रीय सेवा योजना शिविर के तीसरे दिन स्वयंसेवियों ने अर्की के प्रसिद्ध शिव गुफा मुटरू महादेव मंदिर व इसके आस पास के परिसर की साफ-सफाई की। एनएसएस अधिकारी निधि चौहान ने बताया कि इस दौरान स्वयंसेवियों ने अर्की के सामुदायिक भवन से मुटरू महादेव मंदिर गुफा की ओर जाने वाले मार्ग पर साफ-सफाई की। इस दौरान स्वयंसेवियों ने मार्ग पर बिखरे पॉलिथीन व अन्य कूड़ा-करकट एकत्रित कर कूड़ा संयत्र अर्की में पहुंचाया।

### पानी, शौचालय और सफाई को पाया चाक-चौबंद

**राजगढ़।** एसडीएम राजगढ़ राज कुमार ठाकुर ने उच्च पाठशाला भुईरा का औचक निरिक्षण किया। इस निरीक्षण का मकसद स्कूल में शिक्षा का स्तर जांचना और दूसरी सुविधाओं का जायजा लेना रहा। इस निरीक्षण के दौरान बच्चों के ज्ञान का आकलन किया। यहां पर चौथी और पांचवीं कक्षा में पढ़ रहे बच्चों के गणित और अंग्रेजी विषय में शैक्षणिक स्तर की जांच की गई। उन्होंने पीने के पानी की टंकी, शौचालय का भी जायजा लिया। पानी की टंकी और शौचालय में साफ-सफाई की व्यवस्था ठीक पाई गई। उन्होंने पूरे परिसर का भी निरीक्षण किया। इस दौरान सफाई व्यवस्था भी ठीक पाई। इस मौके पर एसडीएम ने अध्यापकों को शैक्षणिक स्तर सुधारने के लिए प्रयास करने व पढ़ाई में कमजोर बच्चों पर विशेष ध्यान देने व ऐसे बच्चों को अलग से बिठाने के लिए प्रबंध करने के निर्देश दिए । बच्चों के शैक्षणिक स्तर का मूल्यांकन करते हुए उनके सवाल-जवाब भी किए।

### ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए हुई चर्चा



**बीबीएन।** बद्दी एसपी कार्यालय में ट्रैफिक समस्याओं के निपटारण के लिए विशेष मीटिंग आयोजित हुई। यह बैठक पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज की अगुवाई में आयोजित हुई, जिसमें क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नालागढ़ व बद्दी, एचआरटीसी नालागढ़ के प्रबंधक और प्राइवेट बस ऑपरेटर्स के साथ विशेष मीटिंग का सफल आयोजन किया गया। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं से बचाव व यातायात व्यवस्था का सुचारू संचालन के लिए बातचीत हुई। इसके अतिरिक्त निर्माणाधीन राष्ट्रीय राजमार्ग पर ट्रैफिक से होने वाली समस्याओं के निपटारे के लिए तुरंत कार्रवाई के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस ट्रैफिक समाधान मीटिंग में पुलिस अधीक्षक इल्मा अफरोज के अलावा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अशोक वर्मा, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी नालागढ़ मदन शर्मा और सहायक क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी बद्दी कृष्ण चंद आदि शामिल थे। इस पहल का उद्देश्य आमजन को ट्रैफिक की वजह से आ रही समस्याओं से निपटारा दिलवाने के लिए उनकी शिकायतों के निवारण के प्रति विश्वास दिलाना है।

### रेहड़ी फड़ियों पर पहले से ही लग रही नाम पटिका




**सोलन।** मां शूलिनी रेहड़ी-फड़ी विकास समिति के प्रधान महिताप सिंह ने दावा किया कि सोलन में चल रही रेहड़ी-फड़ियों में पहले से संचालकों के नाम पटिका लगाने की व्यवस्था है। पिछले कल ही शहरी विकास मंत्री विक्रमदित्य सिंह ने रेहड़ी चालकों की पहचान पटिका लगाने की बात कही थी। महिताप सिंह ने मंत्री के बयान का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि नगर निगम ने लाइसेंस जारी होने के साथ नाम पटिका लगाना जरूरी किया है। अधिकतर अपनी रेहड़ियों में नाम पटिका लगा भी रहे हैं। व्यक्ति की पहचान होना जरुरी है। किसी भी पंथ समाज का व्यक्ति रेहड़ी-फड़ी संचालन कर सकता है। यदि लाइसेंस बना है, तो पहचान बताने में दिक्कत नहीं होनी चाहिए।

---

हिमाचल में इंडस्ट्री को मिल रही बिजली हरियाणा से 20 फीसदी, पंजाब से 10 व जम्मू से 40 फीसदी महंगी

# दूसरे राज्यों के मुकाबले बिजली शुल्क में हुई बढ़ोतरी

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

देश भर में हिमाचल प्रदेश की पहचान सरप्लस बिजली स्टेट के नाम से है। प्रदेश के पास सरप्लस बिजली होने से औद्योगिक इकाइयों ने बड़ी संख्या में निवेश किया था, लेकिन अब हालात काफी बदल चुके हैं। स्टेट के पास सरप्लस बिजली होने के बावजूद भी दूसरे राज्यों के मुकाबले इंडस्ट्री को महंगी मिल रही है। प्रदेश में औद्योगिक इकाइयों के पंजाब, हरियाणा व जम्मू के मुकाबले बिजली 20 फीसदी अधिक महंगी मिल रही है। यह बढ़ोतरी हिमाचल में बड़े उद्योगों को दी जा रही प्रति यूनिट एक रुपए की सब्सिडी वापस लेने से हुई है। सरकार की इस इस अधिसूचना के बाद उद्योग जगत में हड़कंप मचा हुआ है। प्रदेश का उद्योग जगत प्रदेश सरकार से एक रुपए प्रति यूनिट सब्सिडी की राहत की गुहार लगा चुका है। यहां तक की उद्योग जगत ने सरकार पर अब दबाव बनाने की रणनीति शुरू कर दी है। हिमाचल की तुलना में उत्तर प्रदेश में बिजली सस्ती होने के साथ-साथ कई अन्य सुविधाएं भी प्रदान की जा रही हैं। इससे प्रदेश में औद्योगिक निवेश प्रभावित होने की संभावना है। नए उद्योग तो दूर पुराने उद्योग पलायन कर सकते हैं।



इंडस्ट्री एरिया बद्दी।

### 60 फीसदी इंडस्ट्री कर रही बिजली की खपत

**हिमाचल** में कुल बिजली उत्पादन का 60 फीसदी प्रदेश की इंडस्ट्री में खपत होती है। बिजली महंगी होने से प्रदेश में स्टील उद्योग सबसे अधिक प्रभावित हुआ है। प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन एवं कालाअंब में सबसे अधिक स्टील उद्योग हैं। प्रदेश में बड़े स्टील उद्योगों की संख्या 25 से 30 है। प्रदेश में स्टील उद्योग से सरकार को साल में करीब 200 करोड़ों रुपए का राजस्व जीएसटी से मिलता है।

### दूसरे राज्यों के मुकाबले बिजली सस्ती: सचिव

**हिमाचल** प्रदेश इंडस्ट्री विभाग के सचिव राकेश कंवर का कहना है कि ऐसा नहीं है प्रदेश में आज भी दूसरे राज्यों के मुकाबले बिजली सस्ती है, जो नोटिफिकेशन सरकार द्वारा हाल ही में जारी की गई है। उसमें इन सभी बातों का ध्यान रखा गया है। कंवर ने कहा कि दिन, रात व पीक ऑवर में बिजली का लोड अलग-अलग रहता है, जिससे दूसरे राज्यों के मुकाबले प्रदेश में बिजली अभी सस्ती है।

### 95 फीसदी इंडस्ट्री 100 किलोवाट से अधिक

**प्रदेश** के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र बीबीएन में उद्योगों की संख्या करीब 2500 हैं, जिसमें 95 फीसदी इंडस्ट्री 100 किलोवाट से अधिक बिजली की खपत करती हैं। इनमें भी कई बड़े उद्योग ऐसे हैं, जहां पर 22 केवी से अधिक बिजली का उपयोग होता है। इन उद्योगों के अलावा बिजली की सबसे अधिक खपत पेपर मिल व धागा उद्योगों में भी होती है। अब इन उद्योगों को मिलने वाली बिजली भी महंगी हो गई है। हालांकि सरकार ने 22 केवी से कम बिजली का उपयोग करने वाले छोटे उद्योगों के लिए इस सबसिडी को तो जारी रखा ही है, साथ ही इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी को भी 16.5 फीसदी से घटाकर 10 फीसदी कर दिया गया है।

### उद्योग संघ ने जारी किए आंकड़े

| बिजली खपत | हिमाचल | जम्मू | हरियाणा | पंजाब |
|---|---|---|---|---|
| 100-1000केवीए | 7.40 प्रति यूनिट | 4.47 | 7.10 | 7.27 |
| 1000केवीए से अधिक | 7.76 | 4.45 | 6.98 | 7.35 |

# पडदुनी में बारिश से लोगों के घरों व दुकानों में घुसा पानी

**अनंत ज्ञान, नाहन**



जिला मुख्यालय नाहन के साथ लगते पडदुनि क्षेत्र में देर रात भारी बारिश ने कहर मचाया है। यहां भारी बारिश के चलते बरसाती नालों में आया पानी लोगों के घरों एवं दुकानों में घुस गया।

दूसरी और यहां सैकड़ों बीघा में लगी धान की नकदी फसल को भी बर्बाद कर गया। लोगों के घरों दुकानों में घुसे पानी ने यहां रखे सभी सामान जलमग्न कर दिया, जिससे लोगों को भारी नुकसान उठाना पड़ा। लोगों को डर के साए में रात बितानी पड़ी। लोगों के खेतों में खड़ी नकदी फसल को भी भारी बारिश ने खेतों में बिछाकर रख दिया है, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा है।

### सिरमौर में 39 सड़कें बंद

**नाहन।** जिला सिरमौर में भारी बारिश से आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। जिले में जगह-जगह भारी भूस्खलन से सड़कें बंद हो गई हैं। सुबह से ही कई सड़कों पर आवाजाही बंद रहने से वाहन चालकों के साथ-साथ यात्रियों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उधर, लोक निर्माण विभाग सड़कों को बहाल करने में जुटा है। जानकारी के मुताबिक वीरवार सुबह जिले में 39 सड़कों पर भूस्खलन के चलते आवाजाही ठप हो गई। इससे लोक निर्माण विभाग को लाखों रुपए की चपत लगी है। सबसे ज्यादा सड़कें शिलाई क्षेत्र में बंद हुई हैं। शिलाई में 28 सड़कों के अलावा संगड़ाह में 6, नाहन में 3 और पांवटा साहिब में 2 सड़कों पर आवाजाही ठप हुई है। बता दें कि इस बारिश के बाद लोगों को उमस भरी गर्मी से तो निजात मिल गई है, लेकिन चंद घंटों की बारिश से नुकसान भी झेलना पड़ रहा है। पांवटा साहिब और शिलाई उपमंडल में सड़कों के साथ-साथ फसलों, बिजली लाइनों व अन्य सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान हुआ है। प्रशासन इसका जायजा लेने में जुटा है।

# वर्तमान युग में डिजटलीकरण आवश्यक: अवस्थी

**अनंत ज्ञान, सोलन**

मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी ने कहा कि आधुनिक तकनीक के वर्तमान युग में डिजिटीकरण आवश्यक है और शिक्षा क्षेत्र में डिजटलीकरण शिक्षकों एवं छात्रों के लिए अत्यंत लाभकारी है। संजय अवस्थी गत सायं धुंधन में समग्र शिक्षा अभियान के तहत आयोजित स्मार्ट टेबलेट वितरण समारोह कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि शिक्षा एवं प्रशासनिक कार्यों में डिजटलीकरण को बढ़ावा देने के लिए प्रदेश में 17,510 प्राथमिक स्कूल में शिक्षकों को टैबलेट वितरित किए जा रहे हैं। संजय अवस्थी ने कहा कि इस नवीन पहल का उद्देश्य शिक्षण कार्यों में आधुनीकिकरण एवं तकनीक के उपयोग को बढ़ावा देना है। इस सुविधा से शिक्षा में गुणात्मक सुधार आएगा और शिक्षक, छात्रों तक शिक्षा संबंधी सामग्री प्रभावी तरीके से पहुंचा सकेंगे। टैबलेट के माध्यम से अध्यापक ऑनलाइन प्रशिक्षण कार्यक्रमों में भाग लेकर अपना ज्ञानवर्धन सुनिश्चित बनाएंगे तथा समय की बचत करने में सक्षम होंगे। इसी उद्देश्य पूर्ति के लिए 136 स्मार्ट टैबलेट धुंधन प्रारंभिक शिक्षा खंड में वितरित किए जा रहे हैं। मुख्य संसदीय सचिव ने कहा कि बेहतर भविष्य एवं उत्तरदायी युवा पीढ़ी के लिए यह आवश्यक है कि अभिभावक घर पर तथा शिक्षक शिक्षण संस्थानों में युवाओं को नैतिक मूल्यों एवं संस्कारों का ज्ञान प्रदान करें। शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य युवाओं का समग्र विकास सुनिश्चित बनाना है तथा इसके लिए युवा पीढ़ी को अपनी प्राचीन परंपराओं, संस्कारों एवं संस्कृति की जानकारी प्रदान करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि स्थानीय पंचायत की सभी मांगों को चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा। उन्होंने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनीं और संबंधित अधिकारियों को इनके निपटारे के निर्देश दिए। इससे पूर्व प्राथमिक शिक्षक संघ धुंधन के प्रधान नरेंद्र शर्मा ने मुख्यातिथि का स्वागत किया और संघ की मांगों से अवगत करवाया।



कार्यक्रम को संबोधित करते सीपीएस संजय अवस्थी।

# जन-जन को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करवाना सरकार का उद्देश्य : डॉ. शांडिल



शांडिल तीन आधुनिक टेस्ला एमआरआई मशीन का लोकार्पण करते हुए।

**अनंत ज्ञान सोलन**

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल ने सोलन के कुमारहट्टी स्थित महर्षि मारकंडेश्वर विश्वविद्यालय में तीन आधुनिक टेस्ला एमआरआई मशीन का लोकार्पण किया।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रदेश सरकार का मुख्य उद्देश्य सभी प्रदेशवासियों को उनके घरद्वार के समीप बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध करवाना है। प्रदेश सरकार गांव-गांव तक प्रत्येक नागरिक को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करने के लिए कार्य कर रही है। सभी विधानसभा क्षेत्रों में एक-एक आदर्श स्वास्थ्य संस्थान खोला जा रहा है। इन स्वास्थ्य संस्थानों में सभी प्रकार की स्वास्थ्य सुविधाएं होंगी। एमएमयू में आधुनिक सीटी स्कैन मशीन स्थापित होने से रोगियों को सुविधा होगी और गंभीर बीमारियों का समयबद्ध निदान सुनिश्चित होगा। कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी, महर्षि मारकंडेश्वर यूनिवर्सिटी कुमारहट्टी के रजिस्ट्रार अजय सिंगल, एमएमयू मेडिकल कॉलेज के प्रधानाचार्य रवि चंद उपप्रधानाचार्य डॉ. जेएस संधू, नर्सिंग कॉलेज की प्रधानाचार्य डॉ. जसवीर आदि उपस्थित रहे।

### ड्राई-डे को लेकर आदेश जारी

**सोलन।** डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने नगर निगम अधिनियम, 1994 की धारा 30-एक के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नगर निगम सोलन के वार्ड-5 के उपनिर्वाचन के संबंध में ड्राई-डे के विषय में आवश्यक आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के अनुसार नगर निगम के वार्ड नंबर-5 के लिए 29 को होने वाले उपचुनाव के दृष्टिगत नगर निगम की परिधि में मतदान की समाप्ति के लिए निर्धारित समय से 48 घंटे पूर्व से किसी भी प्रकार के मादक पदार्थ अथवा मदिरा की बिक्री पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। इन आदेशों के अनुसार मतदान क्षेत्र में उपरोक्त निर्धारित समयावधि में ड्राई-डे घोषित किया गया है। उपचुनाव के दृष्टिगत नगर निगम की परिधि में मतगणना पूर्ण होने तक किसी भी प्रकार के हथियार साथ लेकर चलने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। शस्त्र लाइसेंस धारकों पर भी यह प्रतिबंध लागू होगा। उपरोक्त प्रतिबंध की अवहेलना करने पर दोषी के खिलाफ शस्त्र अधिनियम और अन्य संबंधित प्रावधानों के तहत कार्रवाई की जाएगी।

### 8 छात्राएं खेलेंगी राज्य स्तर पर

**नाहन।** नाहन के करियर अकादमी स्कूल नाहन की 8 छात्राओं का चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ है। इन छात्राओं ने अंडर-19 जिला स्तरीय प्रतियोगिता में फुटबॉल और बास्केटबॉल स्पर्धा में हिस्सा लिया था, जहां बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर इनका चयन राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए हुआ। जिला स्तरीय प्रतियोगिता हाल ही में सिरमौर के मानपुर देवड़ा स्कूल (पांवटा साहिब) में संपन्न हुई। इसमें छात्राओं की फुटबॉल टीम रनरअप रही। इस टीम की 7 छात्राओं वंदना, अक्षिता पाराशर, अपूर्वा, सुहांशी, आशना, अमृता और नंदिनी का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन हुआ है। जबकि, एक अन्य छात्रा वर्षा गुरुंग बास्केटबॉल स्पर्धा में राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयनित हुई हैं।

# नालागढ़ की पंचायतों में विकास कार्यों पर खर्च होंगे 83 लाख 25 हजार रुपए: केएल

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**



नालागढ़ के पूर्व विधायक केएल ठाकुर ने कहा कि क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में विकास के लिए मार्च में 83 लाख 25 हजार रुपए विधायक निधि में डाले थे, जिसकी राशि जारी करवा दी गई है और पंचायत प्रतिनिधि व कर्मचारी जल्द सारी औपचारिकताएं पूरी कर काम शुरू करवाएं, ताकि जनता को इसका लाभ मिल सके।

जीपी बैरछा के गांव नंगल ढ़क्का में हरदीप सिंह तक पक्के रास्ते के निर्माण के लिए ढ़ाई लाख रुपए, जीपी जोघों के तहत कुंभ दास वास के पास पुली के निर्माण के लिए 4 लाख, जोघों सीसे स्कूल में कमरे के निर्माण के लिए 3 लाख व कुट्टल वास कांववाली तक रास्ता व पुली के लिए सवा 3 लाख, जीपी बरूणा के गांव माजरा में प्रेम सिंह व गुरचरण सिंह के घर के पास पुली के निर्माण के लिए 3 लाख, जीपी नंड के तहत नंड से करलाटा गांव तक इंटरलॉक टाइलें लगाने के लिए 5 लाख व खरपाना में देवी राम-भूरे लाल के पास रास्ता-डंगे के लिए 3 लाख, जीपी पोले दा खाला के तहत प्रकाश के घर तक लिंक रोड के लिए 40 हजार आदि के लिए स्वीकृत करवाए गए हैं।

# बालद नदी कैमिकल युक्त पानी से हुई प्रदूषित

**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

जैसे ही क्षेत्र में बारिश शुरू हुई थोड़ी देर बाद बालद नदी में झाग युक्त पानी के बड़े-बड़े गुब्बार हवा में उड़तेनजर आए।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय के पीछे बहती बालद नदी में केमिकल युक्त पानी से झाग नदी में बहती नजर आई। बद्दी-बरोटीवाला में कंपनियों के इतने हौसले बुलंद हैं कि क्षेत्र की नदियों में सरेआम कैमिकल छोड़कर नदियों को प्रदूषित किया जा रहा है। नदी में केमिकल युक्त पानी छोड़ने की सूचना मिलते ही प्रदूषण कंट्रोल बोर्ड की टीमें मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल शुरू की। इस बारे में जब प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड बद्दी के अधिकारी प्रवीण गुप्ता से बात की गई, तो उन्होंने बताया कि ऐसी कंपनियों के प्रति विभाग पूरी तरह गंभीर है। किस के द्वारा कैमिकल छोड़ा गया है, उसकी जांच की जा रही है।



### विभाग नहीं कर रहा कार्रवाई : स्थानीय लोग

**पर्यावरण** प्रेमी गुरदयाल ठाकुर, निर्मल सिंह, अरुण, कुलदीप, राजेश, जोगिंदर आदि ने इन कंपनियों के साथ सख्ती से पेश आने की मांग करते हुए कहा कि पर्यावरण के प्रति अवहेलना करने वालो के तुरंत बिजली कनेक्शन काटे जाने चाहिए, लेकिन बोर्ड भी इन कंपनियों पर कार्रवाई नहीं कर रहा है।

### 1800 रिक्तियों की भर्ती के लिए 29 को रोजगार मेला


**सोलन।** श्रम, रोजगार एवं विदेशी नियोजन विभाग द्वारा जिला सिरमौर के कफोटा क्षेत्र की तहसील कमरऊ के कफोटा स्कूल में 29 को रोजागार मेला आयोजित किया जा रहा है। यह जानकारी जिला रोजगार अधिकारी सोलन जगदीश कुमार ने दी। जगदीश ने कहा कि रोजगार मेले में लगभग 40 नियोक्ता लगभग 1800 रिक्तियों को भरे के लिए मेले में भाग लेने के लिए शामिल होंगे। उक्त पदों की विस्तृत जानकारी के लिए आवेदक विभागीय पोर्टल ईईएमआईएस पर लॉगइन प्राप्त कर सकते हैं। पंजीकरण के लिए उम्मीदवारों को ईईएमआईएस पर कैंडिडेट लॉगइन टैब के माध्यम से पंजीकृत करने के उपरांत अपनी रजिस्ट्रेशन प्रोफाइल पर अधिसूचित रिक्तियों के लिए अपनी शैक्षणिक योग्यता के आधार पर आवेदन कर सकते हैं। आवेदक का नाम रोजगार कार्यालय में पंजीकृत होना अनिवार्य है। जिला रोजगार अधिकारी ने कहा कि उम्मीदवार अपनी योग्यता संबंधी सभी अनिवार्य प्रमाण-पत्रों व दस्तावेजों सहित कफोटा स्कूल में 29 को प्रातः 10 बजे पहुंचकर रोजगार मेले में भाग ले सकते हैं। उम्मीदवार अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 99888-88261, 70188-04292, 70183-56848, 70187-36726, 70180-49996 तथा दूरभाष नंबर 01792-227242 व 01702-222274 पर संपर्क कर सकते हैं।

# स्कूलों को समायोजित न करने की मांग

**अनंत ज्ञान, अर्की**

पंचायत सेवड़ा चंडी के अंतर्गत सोहरा कनैता, कांगरी, परगांव, फलोदन, पजीणा और चलावणी आदि गांव के लोगो ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला व राजकीय माध्यमिक पाठशाला सौहरा कनेता को सरकार व विभाग की ओर से समायोजित न करने के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति अध्यक्ष रीता देवी की अगुवाई में पत्र उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा विभाग को लिख कर सौहरा, कनेता स्कूल को समायोजित न करने की मांग की है।

ग्राम वासियों ने कहा कि राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चंडी अर्की के अंतर्गत आने वाले उक्त दोनों विद्यालयों को समायोजित न किया जाए। उनका कहना था कि यह दोनों विद्यालय पंचायत के दुर्गम स्थानों में आते हैं, जहां इन दोनों विद्यालयों में तीन चार किलोमीटर दूर से विद्यार्थी शिक्षा ग्रहण करने आते हैं। ऐसे में यदि इन दोनो विद्यालयों को समायोजित कर दिया जाता है, तो दूसरे स्कूल के छात्रों को अतिरिक्त तीन-चार किलोमीटर की दूरी तय कर विद्यालय आना पड़ेगा। उनका कहना था कि विद्यालय के समायोजित होने से जहां बच्चों को बिना किसी परिवहन सुविधा के इतनी लंबी दूरी तय कर विद्यालय आना पड़ेगा। वहीं, बीच में पड़ने वाले सुनसान जंगलों में जंगली जानवरों का भी भय बना रहेगा। इस तरह इन बच्चों का शिक्षा ग्रहण करना बहुत ही कष्टदायक होगा क्योंकि इन छात्रों में तीन से पंद्रह वर्ष की आयु के बच्चे हैं। इन सभी ग्राम वासियों ने शिक्षा उपनिदेशक से आग्रह किया है कि उक्त परिस्थितियों को देखते हुए इन विद्यालयों को समायोजित करने के निर्णय को रद्द किया जाए।



# 29 को 'यूज हार्ट फॉर एक्शन' साइकिल इवेंट होगा : सीएमओ

**अनंत ज्ञान, नाहन**



मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. अजय पाठक ने बताया कि 29 को वर्ल्ड हार्ट-डे के अवसर पर शारीरिक व मानसिक कल्याण को बढ़ावा देने के लिए 'यूज हार्ट फॉर एक्शन' थीम पर आधारित साइकिल इवेंट का आयोजन किया जाएगा।

यह साइकिल इवेंट 29 को प्रातः 11:30 बजे मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय नाहन से प्रारंभ किया जाएगा। अजय पाठक ने बताया कि आजकल की भाग-दौड़ भरी जिंदगी के कारण गैर संचारी रोगों से देश में लगभग 63 प्रतिशत मौते हो रही हैं। बहुत से गैर संचारी रोग हमारी जीवन शैली से जुड़े हुए हैं उनके सामाजिक व आर्थिक प्रभाव हैं।

तंबाकू व शराब के उपयोग, खराब खाने की आदतें, शारीरिक गतिविधियां कम होने और वायु प्रदुषण जैसे प्रमुख व्यवहार जोखिम कारकों से जुड़े हैं। व्यायाम हमारे जीवन में बहुत जरुरी है, जो हमें अपनी शरीरिक क्षमता के अनुसार करना चाहिए।

### वार्ड सदस्यों की प्रकाशन की अधिसूचना जारी

**सोलन।** डीसी सोलन मनमोहन शर्मा ने हिमाचल प्रदेश पंचायतीराज अधिनियम, 1994 की धारा 126 व पंचायती राज (सामान्य) नियम, 1997 के नियम 124 में प्रदत्त शक्तियों के तहत विकास खंड कुनिहार, कंडाघाट व नालागढ़ के निर्वाचन क्षेत्रों से नव निर्वाचित वार्ड सदस्यों के प्रकाशन की अधिसूचना जारी की है। अधिसूचना के अनुसार विकास खंड कुनिहार की पंचायत बनोह खरड़हट्टी के वार्ड नंबर-7, लेखराम, गांव ज्यावला, डाकघर खरड़हट्टी, तहसील अर्की, जिला सोलन तथा पंचायत पट्टा के वार्ड नंबर-4, काथला के सुनील कुमार, गांव जाबल, डाकघर जयनगर, तहसील अर्की, जिला सोलन वार्ड सदस्य निर्वाचित हुए हैं। अधिसूचना के अनुसार कंडाघाट की पंचायत मही के वार्ड नंबर-5, हाथों की रीना देवी, डाकघर व तहसील कंडाघाट, जिला सोलन वार्ड सदस्य निर्वाचित हुई हैं। अधिसूचना के अनुसार नालागढ़ की पंचायत बधोखरी के वार्ड नंबर-4, बधोखरी के मस्त राम, तहसील नालागढ़, जिला सोलन वार्ड सदस्य निर्वाचित हुए हैं।

**चर्चा** तीन दिवसीय कार्यशाला का समापन, पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ व हिमाचल के नामी शायरों ने लिया भाग

# गजल एक ऐसी विधा, जो सीखे बिना नहीं आ सकती : अर्श

**अनंत ज्ञान, सोलन**

भंडारी अदबी ट्रस्ट पंचकूला के तत्वावधान में बज्म-ए-मुशायरा व गजल के स्वरूप पर सोलन में तीन दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया। इसमें पंजाब, हरियाणा, चंडीगढ़ व हिमाचल के नामी शायरों ने भाग लिया।

कार्यशाला के समापन समारोह के अवसर पर ट्राई सिटी चंडीगढ़ के जाने-माने शायर श्रीराम अर्श ने कहा कि गजल एक ऐसी विधा है, जो सीखे बिना नहीं आ सकती। हमारा उद्देश्य गजल की बारीकियों पर चर्चा करना था, जिस पर हम सफल भी रहे हैं। हिमाचल के नामी शायर जाहिद अबरोल ने कहा के गजल आज के दौर में बहुत प्रसिद्ध विधा है। गजल लिखने वाले शायरों को चाहिए कि वो इस विधा का बारीकियों से अध्ययन करें, ताकि उनकी शायरी और बेहतर हो सके। उर्दू अकादमी हरियाणा के डॉ. जतिंदर परवाज ने तीन दिवसीय वर्कशॉप का संचालन किया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि गजल की तकनीकी जानकारी प्राप्त किए बिना गजल लिखना संभव ही नहीं है।

शायरों को पुराने शायरों की लिखी हुई गजलों का अध्ययन करना चाहिए, तभी उनकी गजलों में निखार आएगा। भंडारी अदबी ट्रस्ट के चेयरमैन और मशहूर शायर अशोक नादिर ने सभी शायरों का इस वर्कशॉप में भाग लेने के लिए धन्यवाद किया और सभी मेहमानों को ट्रस्ट की तरफ से उपहार भी भेंट किए। उन्हें पौधा लगा हुआ गमला, नोट पैड, पेन और दूसरे उपहार दिए गए। तीन दिन चले इस कार्यक्रम में गजल के रूप स्वरूप पर चर्चा की। इस अवसर पर आए सभी शायरों ने अपना चुनिंदा कलाम पेश किया।

कार्यक्रम के आयोजक अशोक नादिर ने कहा कि वह भविष्य में भी इस तरह के कार्यक्रम का आयोजन करेंगे। इस कार्यक्रम पटियाला से परविंदर शौक, मनमोहन सिंह दानिश, जीरकपुर से सतीश अंजुम, ऊना से रीटा अबरोल आदि ने भाग लिया।



बज्म-ए-मुशायरा व गजल पर आयोजित तीन दिवसीय कार्यशाला में पहुंचे शायर।

## स्पोर्ट्स विंडो

### शतरंज संयोग से हुआ, लेकिन यह एक सुखद संयोग था: गुजराती



**नई दिल्ली।** ग्रैंडमास्टर विदित गुजराती बचपन में हर भारतीय बच्चे की तरह क्रिकेटर बनने का सपना देखते थे, लेकिन संयोग से उनकी दिलचस्पी शतरंज में होने लगी और अब उन्हें लगता है कि यह 'बहुत सुखद संयोग' था। गुजराती हाल में बुडापेस्ट में ओलंपियाड में ओपन वर्ग में ऐतिहासिक स्वर्ण पदक जीतने वाली पांच सदस्यीय भारतीय पुरुष टीम का हिस्सा थे। यह उपलब्धि और भी यादगार बन गई क्योंकि भारतीय महिला टीम ने भी स्वर्ण पदक जीता। गुजराती ने कहा, ''मैं शतरंज में संयोग से आया। जब मैं छह साल का था तो बहुत शरारती था। मेरे माता-पिता मुझे किसी गतिविधि में शामिल करना चाहते थे। मैं हर भारतीय बच्चे की तरह क्रिकेट खेलता था।'' उन्होंने कहा, ''वह मुझे एक क्लब में ले गए और वहां सीजन बॉल के साथ क्रिकेट खेला जाता था। इसलिए मेरे पापा ने कहा कि एक साल रुक जाओ और फिर क्रिकेट खेलो। तब तक कोई दूसरा खेल चुनो। इसलिए मैंने शतरंज खेलना शुरू कर दिया।''

### शाकिब अल हसन ने टी-20 अंतरराष्ट्रीय से लिया संन्यास



**कानपुर।** बांग्लादेश के ऑलराउंडर शाकिब अल हसन ने वीरवार को टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से तुरंत प्रभाव से संन्यास लेने की घोषणा की और साथ ही कहा कि अगर उनका घरेलू बोर्ड उनके लिए स्वदेश में विदाई मैच का आयोजन नहीं करता करता है, तो फिर भारत के खिलाफ यहां होने वाला दूसरा टेस्ट मैच उनका अंतिम टेस्ट होगा। इस 37 वर्षीय खिलाड़ी ने बांग्लादेश की तरफ से 129 टी-20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं। वह फ्रेंचाइजी लीग में इस प्रारूप में खेलना जारी रखेंगे। शाकिब ने भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट क्रिकेट मैच की पूर्व संध्या पर कहा, ''मैंने टी-20 विश्व कप में अपना अंतिम टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेल लिया है। हमने चयनकर्ताओं के साथ चर्चा की। 2026 में होने वाले विश्व कप को ध्यान में रखते हुए मेरे लिए संन्यास लेने का यह सही समय है। उम्मीद है कि बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड कुछ अच्छे खिलाड़ियों को ढूंढने में सफल रहेगा और हमारी टीम अच्छा प्रदर्शन करेगी।'' शाकिब ने बांग्लादेश की तरफ से 69 टेस्ट मैच में 4453 रन बनाने के अलावा 242 विकेट भी लिए हैं।

### भारत में महिला शतरंज को तय करना होगा लंबा रास्ता : आनंद



**मुंबई।** शतरंज ओलंपियाड में भारत की ऐतिहासिक दोहरी खिताबी जीत से बेहद खुश पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद ने कहा कि यह आशाजनक शुरुआत है, लेकिन देश में महिला शतरंज के लिए अब भी बहुत काम किया जाना बाकी है। भारत ने रविवार को इतिहास रचा जब उसकी पुरुष और महिला दोनों टीमों ने शतरंज ओलंपियाड में पहली बार स्वर्ण पदक जीते। हाल के दिनों में जहां पुरुषों के खेल की लोकप्रियता में वृद्धि हुई है और आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश जैसी युवा भारतीय प्रतिभाएं विश्व मंच पर धूम मचा रही हैं तो वहीं इसके विपरीत महिलाओं के खेल को इस गति से मेल खाने के लिए संघर्ष करना पड़ा है। आनंद ने कहा, ''यह एक बहुत अच्छी शुरुआत है। मुझे लगता है कि अब भी लंबा रास्ता तय करना है क्योंकि हमें लगातार प्रगति करते रहना चाहिए।'' उन्होंने कहा, ''और सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि अधिक से अधिक लड़कियों को खेलने के लिए प्रेरित किया जाए और मुझे लगता है कि यह परिणाम अधिक लड़कियों को खेलने के लिए प्रेरित करेगा, यही उम्मीद है।''

### श्रीकांत, त्रीशा-गायत्री मकाऊ ओपन के क्वार्टर फाइनल में

**मकाऊ।** भारत के स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी किदांबी श्रीकांत ने वीरवार को यहां हमवतन आयुष शेट्टी को सीधे गेम में हराकर मकाऊ ओपन सुपर 300 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। मई में लगी चोट से उबरने के बाद पहली प्रतियोगिता में हिस्सा ले रहे छठे वरीय श्रीकांत ने 2023 ओडिशा मास्टर्स के उप विजेता आयुष को 21-13, 21-18 से हराया। वह अब पुरुष एकल में एकमात्र भारतीय खिलाड़ी बचे हैं। विश्व चैंपियनशिप 2021 के रजत पदक विजेता श्रीकांत अगले दौर में हांगकांग के दूसरे वरीय एनजी का लोंग एंगस से भिड़ेंगे जिनके खिलाफ पिछले आठ मैच में उन्होंने चार जीत दर्ज की जबकि चार बार उन्हें हार का सामना करना पड़ा। महिला युगल में त्रीशा जॉली और गायत्री गोपीचंद की जोड़ी भी क्वार्टर फाइनल में पहुंचने में सफल रही।

## भारत vs बांग्लादेश दूसरा टेस्ट रोहित शर्मा और कोहली से बड़ी पारी की उम्मीद

# बांग्लादेश पर दबदबा कायम रखने उतरेगा भारत

**एजेंसी, कानपुर**



कप्तान रोहित शर्मा और स्टार बल्लेबाज विराट कोहली से बड़ी पारी की उम्मीद कर रहा भारत शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट क्रिकेट मैच में बांग्लादेश पर अपना दबदबा कायम रखते हुए दो मैच की सीरीज में क्लीन स्वीप करने के इरादे से मैदान पर उतरेगा।

भारत ने चेन्नई में खेले गए पहले टेस्ट मैच में रविचंद्रन अश्विन के ऑलराउंड खेल, शुभमन गिल के शतक, रविंद्र जडेजा की अच्छी बल्लेबाजी तथा ऋषभ पंत के वापसी पर किए गए शानदार प्रदर्शन की मदद से बड़ी जीत हासिल की थी। बांग्लादेश के तेज गेंदबाजों ने पहले दिन भारत पर दबाव बना दिया था, लेकिन रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम ने जिस तरह से वापसी की उससे उसका विशेष कर घरेलू मैदानों पर टेस्ट क्रिकेट में दबदबे का पता चलता है। भारत की निगाह अब स्वदेश में लगातार 18वीं सीरीज जीतने पर टिकी हैं। पंत ने सीमित ओवरों की क्रिकेट में सफल वापसी के बाद टेस्ट क्रिकेट में भी अपना जलवा दिखाया। उन्हें खेलते हुए देखकर लगता है कि उन्होंने अपने खेल में नए आयाम जोड़े हैं क्योंकि जरूरत पड़ने पर उन्होंने अपने आक्रामक रवैए पर लगाम भी लगाई, लेकिन पहले टेस्ट मैच में रोहित और विराट का बल्ला खामोश रहा। इस मैच में बांग्लादेश के तेज गेंदबाजों हसन महमूद और तस्कीन अहमद ने अनुकूल पिच पर अच्छी गेंदबाजी की थी। भारत का टेस्ट क्रिकेट में आगे का कार्यक्रम काफी व्यस्त है और ऐसे में रोहित और कोहली यहां बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे।

ग्रीन पार्क के विकेट से स्पिनरों को मदद मिलती रही है। भले ही इसमें शुरू तेज गेंदबाजों को कुछ मदद मिलने की उम्मीद है लेकिन खेल आगे बढ़ाने के साथ इसकी प्रकृति में बदलाव होने की संभावना है। ऐसे में भारत तीन तेज गेंदबाजों के बजाय तीन स्पिनरों को अंतिम एकादश में शामिल कर सकता है। ऐसी स्थिति में आकाशदीप की जगह कुलदीप यादव को मिल सकती है जिनका यह घरेलू मैदान है। भारत अगर बल्लेबाजी को अधिक मजबूत करना चाहेगा तो फिर अक्षर पटेल को कुलदीप पर प्राथमिकता मिल सकती है। ग्रीन पार्क में इससे पहले 2021 में जो अंतिम टेस्ट मैच खेला गया था उसमें भारत तीन स्पिनर अश्विन, जडेजा और अक्षर के साथ उतरा था। न्यूजीलैंड के खिलाफ खेला गया यह मैच ड्रॉ रहा था।

### जडेजा बन सकते हैं 300 विकेट और 3000 रन का अनोखा डबल बनाने वाले खिलाड़ी



**भारतीय** ऑलराउंडर जडेजा इस मैच में 300 विकेट और 3000 रन का अनोखा डबल बनाने वाले खिलाड़ी बन सकते हैं। उन्होंने अभी तक 73 टेस्ट मैच में 299 विकेट और 3122 रन बनाए हैं। इंग्लैंड के इयान बॉथम ने 72 टेस्ट मैच में यह उपलब्धि हासिल की थी और जडेजा के पास उनके बाद सबसे कम मैच में इस मुकाम पर पहुंचने का मौका है।

### संभावित टीमें

**भारत:** रोहित शर्मा (कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), आर अश्विन, आर जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, जसप्रीत बुमराह, यश दयाल।

**बांग्लादेश:** नजमुल हुसैन शंटो (कप्तान), महमुदुल हसन जॉय, जाकिर हसन, शादमान इस्लाम, मोमिनुल हक, मुश्फिकुर रहीम (विकेटकीपर), शाकिब अल हसन, लिटन कुमार दास, मेहदी हसन मिराज, तैजुल इस्लाम, नईम हसन, नाहिद राणा, हसन महमूद, तस्कीन अहमद, सैयद खालिद अहमद, जाकर अली अनिक।

### पिच और परिस्थितियां देखकर तय की जाएगी अंतिम एकादश : नायर



भारत ने बांग्लादेश के खिलाफ शुक्रवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे और अंतिम टेस्ट मैच के लिए अपनी अंतिम एकादश को लेकर कोई फैसला नहीं किया है और टीम के सहायक कोच अभिषेक नायर ने कहा कि मैच की सुबह पिच और परिस्थितियों को देखकर टीम का चयन किया जाएगा। उत्तर प्रदेश क्रिकेट संघ ने इस मैच के लिए दो पिच तैयार की हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा और मुख्य कोच गौतम गंभीर ने मैच की पूर्व संध्या पर दोनों पिच का निरीक्षण किया। मैच के पहले दिन बारिश की भविष्यवाणी भी की गई है। भारत चेन्नई में पिछले टेस्ट मैच में दो स्पिनर और तीन तेज गेंदबाजों के साथ खेला था। अगर भारत यहां तीन स्पिनर के साथ खेलता है तो फिर अक्षर पटेल या कुलदीप यादव को अंतिम एकादश में जगह मिलेगी। नायर ने वीरवार को संवाददाता सम्मेलन में कहा, ''ईमानदारी से कहूं तो मुझे नहीं पता कि किस पिच पर मैच खेला जाएगा। दोनों पिच अच्छी दिख रही है। कानपुर को अच्छी पिच तैयार करने के लिए जाना जाता है। अभी मुझे नहीं पता कि इससे उछाल मिलेगी या नहीं।'' उन्होंने कहा, ''परिस्थितियां और बारिश की भविष्यवाणी को देखते हुए यह दिलचस्प होने जा रहा है। हमें सुबह की परिस्थितियों पर गौर करना होगा। इस पर काफी कुछ निर्भर करता है क्योंकि टेस्ट क्रिकेट में परिस्थितियां और पिच की प्रकृति काफी मायने रखती है।'' केएल राहुल काफी समय से टीम में हैं, लेकिन वह टेस्ट टीम में अभी तक अपनी जगह पक्की नहीं कर पाए हैं।

### पंत शानदार खिलाड़ी हैं, काश वह ऑस्ट्रेलियाई होते: मार्श



**मुंबई।** ऋषभ पंत की क्रिकेट में बेहतरीन वापसी से मिशेल मार्श इतने प्रभावित हुए कि इस ऑलराउंडर ने उन्हें 'शानदार खिलाड़ी' करार दिया और कहा कि काश वह ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलते। इस साल की शुरुआत में सीमित ओवरों के प्रारूप के जरिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी करने के बाद पंत ने हाल ही में चेन्नई में बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट में शतक लगाकर लाल गेंद के प्रारूप में भी शानदार वापसी की। मार्श ने कहा, ''वह एक शानदार खिलाड़ी है। काश वह ऑस्ट्रेलियाई होता। पिछले कुछ वर्षों में वह निश्चित रूप से बहुत कुछ झेल चुका है और यह एक शानदार वापसी रही है।'' उन्होंने कहा, ''वह एक सकारात्मक व्यक्ति है, अब भी बहुत युवा है और उसे जीतना बहुत पसंद है। वह अत्यधिक प्रतिस्पर्धी है, जिसका व्यक्तित्व शांत रहने वाला और हमेशा हंसने और मुस्कुराने वाला है। उसके पास वह बड़ी मुस्कान है।''

### पोर्ट आर्सेनल की शुरुआती एकादश में जगह बनाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बने



**लंदन।** गोलकीपर जैक पोर्ट आर्सेनल फुटबॉल क्लब की शुरुआती एकादश में जगह बनाने वाले सबसे युवा खिलाड़ी बन गए। उन्होंने इंग्लिश लीग कप में बुधवार को यहां बोल्टन वांडरर्स के खिलाफ 16 वर्ष की उम्र में यह उपलब्धि हासिल की। इस मुकाबले में मिडफील्डर एथन नवानेरी के दो गोल की बदौलत आर्सेनल ने बोल्टन पर 5-1 से जीत दर्ज की। पोर्टर ने शुरुआती एकादश में जगह बनाकर दिग्गज सेस्क फैब्रेगास (2003 में पदार्पण) के 16 साल, 177 दिन के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ दिया। आर्सेनल क्लब ने कहा कि पोर्टर को पहली पसंद डेविड राया की जगह चुना गया जो जांघ की चोट के कारण बाहर हो गए थे। पोर्टर इंग्लैंड के अंडर 17 अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी हैं। वह रविवार को मैनचेस्टर सिटी के खिलाफ हुए मुकाबले में आर्सेनल की तरफ से स्थानापन्न खिलाड़ी के रूप मैदान पर उतरे थे।



स्वर्ण पदक जीतने वाली प्रतिभागी।

### अक्षिता ने बॉक्सिंग में जीता गोल्ड

**अनंत ज्ञान, धनोटू।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनैड मंडी की छात्रा अक्षिता ने जिला स्तरीय प्रतियोगिता स्वर्ण पदक जीता है। बता दें कि राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हटगढ़ में हुई प्रतियोगिता में उन्होंने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रजवाडी की पूनम को हराकर स्वर्ण पदक जीता है। वहीं पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय कनैड की छात्रा इशिता ने राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय रजवाडी की स्नेहा से मात खाकर रजत पदक हासिल किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य ओम प्रकाश चौहान व डीपीई जयसिंह ने व समस्त स्टाफ ने इस उपलब्धि पर बधाई दी। यह जानकारी संस्कृत प्रवक्ता हीरा सिंह कौशल ने दी।

## यूरोपा लीग नीदरलैंड के क्लब ने मैनचेस्टर यूनाइटेड को बराबरी पर रोका

**एजेंसी, मैनचेस्टर**



मैनचेस्टर यूनाइटेड की टीम पहले हाफ में मिली बढ़त का फायदा उठाने में नाकाम रही और उसे यूरोपा लीग फुटबाल टूर्नामेंट में अपने कोच एरिक टेन हाग के पुराने क्लब एफसी ट्वेंटे से मैच 1-1 से ड्रॉ खेलना पड़ा। सैम लैमर्स ने ओल्ड ट्रैफर्ड में खेले गए मैच के दूसरे हाफ में क्रिश्चियन एरिक्सन की गलती का फायदा उठाया और नीदरलैंड के क्लब की तरफ से बराबरी का गोल किया। इससे पहले एरिक्सन ने पहले हाफ में शानदार गोल करके यूनाइटेड को बढ़त दिलाई थी। यूनाइटेड ने इस सत्र में सभी प्रतियोगिताओं में जो सात मैच खेले हैं उनमें से वह केवल तीन में जीत दर्ज कर पाया है।इस बीच तुर्की और यूनान की चैंपियन टीमों के बीच खेले गए मैच में गलाटासराय ने पीएओके को 3-1 से हराया। एक अन्य मैच में लाजियो ने डायनामो कीव को 3-0 से पराजित किया।



### एएफसी क्वालीफायर

## भारत की अंडर-20 टीम का सामना ईरान से

**एजेंसी, विएंतियाने (लाओस)**

भारत शुक्रवार को एएफसी अंडर-20 एशियाई कप 2025 क्वालीफायर के अपने अगले ग्रुप जी मैच में ईरान का सामना करने से पहले अपनी कमियों को दूर करना चाहेगा। भारत ने अपने पहले ग्रुप जी मैच में अच्छा प्रदर्शन करते हुए मंगोलिया के खिलाफ 4-1 से जीत दर्ज की।

भारतीय टीम के मुख्य कोच रंजन चौधरी ने एक विज्ञप्ति में कहा, ''पिछला मैच हमारी टीम के लिए बड़ी प्रेरणा थी। मैंने हमेशा कहा है कि किसी टूर्नामेंट का पहला मैच जीतना महत्वपूर्ण होता है और लड़कों ने मंगोलिया के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया।''

उन्होंने कहा, ''लेकिन हम अभी जीत का जश्न नहीं मना सकते। हमें तुरंत अगले मैच की तैयारी शुरू करनी चाहिए। हमने मंगोलिया के खिलाफ कई मौके गंवाए और ईरान के खिलाफ हम ऐसा नहीं कर सकते।'' ईरान ने अपने पहले मैच में मेजबान लाओस को 8-0 से रौंद दिया था जिससे वह ग्रुप जी में शीर्ष पर पहुंच गया है।

## भारत के पास गहराई और अच्छे गेंदबाज हैं : लीजा स्थालेकर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



आस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान लीजा स्थालेकर का मानना है कि भारत आगामी महिला टी-20 विश्व कप में अंतिम चार में पहुंच सकता है, बशर्ते उसके सलामी बल्लेबाज और गेंदबाज अपनी क्षमता के अनुसार प्रदर्शन करें।

भारतीय मूल की इस ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ी ने ऑस्ट्रेलियाई उच्चायोग में एबीसी-इंटरनेशनल डेवलपमेंट के पांच दिवसीय क्रिकेट कमेंट्री और मोजो कार्यक्रम में देश भर से आये चुनिंदा पत्रकारों से कहा कि आस्ट्रेलियाई टीम सेमीफाइनल में होगी जिसका लक्ष्य लगातार चौथी बार खिताब जीतना है। इंग्लैंड की तैयारियां भी पुख्ता है। जहां तक भारत की बात है तो मुझे उम्मीद है कि वे सेमीफाइनल में जरूर पहुंचेंगे।''

उन्होंने आनलाइन बातचीत में कहा कि भारत के पास गहराई और अच्छे गेंदबाज हैं और यदि उनके चौथे से सातवें नंबर के बल्लेबाज अच्छे स्ट्राइक रेट से रन बनाते हैं तो उनकी स्थिति काफी मजबूत होगी। उन्हें सलामी बल्लेबाजों से अच्छी शुरुआत की जरूरत है। जेमिमा रौड्रिग्स ने हाल ही में वेस्टइंडीज (सीपीएल में) में अच्छा प्रदर्शन किया। यह देखना दिलचस्प होगा कि वह टी20 विश्व कप में कैसा प्रदर्शन करती हैं।''

वर्ष 2009 में टूर्नामेंट की शुरुआत के बाद से, भारत केवल एक बार 2020 में फाइनल में पहुंचने में सफल रहा है लेकिन आस्ट्रेलिया ने उसे हरा दिया था। भारत ने 2017 में महिला वनडे विश्व कप का फाइनल भी खेला है। टूर्नामेंट का नौवां संस्करण तीन अक्तूबर से संयुक्त अरब अमीरात में खेला जाएगा।

### खेल मंत्री ने शतरंज ओलंपियाड चैंपियनों को किया सम्मानित

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री मनसुख मांडविया ने बृहस्पतिवार को 45वें ओलंपियाड में स्वर्ण पदक जीतने की ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करने वाली भारतीय पुरुष और महिला शतरंज टीमों को सम्मानित किया। पुरुषों की स्पर्धा में डी गुकेश, अर्जुन एरिगेसी और आर प्रज्ञानानंदा ने स्लोवेनिया के खिलाफ अंतिम दौर में निर्णायक जीत हासिल की। महिला टीम ने भी अजरबेजान को हराकर स्वर्ण पदक जीता। मांडविया ने शतरंज में भारत के समृद्ध जुड़ाव पर प्रकाश डालते हुए कहा, ''वैश्विक मंच पर जीतकर आपने न केवल पूरे देश को गौरवान्वित किया है बल्कि हमारी पारंपरिक विरासत को भी सम्मानित किया है।'' कार्यक्रम के दौरान मांडविया ने विश्व चैंपियनशिप के चैलेंजर डी गुकेश के साथ शतरंज की एक बाजी भी खेली। गुकेश ने ओलंपियाड में 11 राउंड में आठ जीत हासिल की और ओपन वर्ग में टीम के साथी अर्जुन एरिगेसी के साथ व्यक्तिगत स्वर्ण पदक जीता। दिव्या देशमुख और वंतिका अग्रवाल ने महिला वर्ग में स्वर्ण पदक जीते थे।

## स्पेनिश फुटबॉल लीग बार्सिलोना ने इस सत्र में अभी तक सात मैचों में 23 गोल दागे

# लेवांडोव्स्की ने सातवां गोल कर बार्सिलोना को दिलाई जीत

**एजेंसी, मैड्रिड**



रॉबर्ट लेवांडोव्स्की ने सात मैच में अपना सातवां गोल किया, जिससे बार्सिलोना ने स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में अपना विजय अभियान जारी रखते हुए गेटाफे को 1-0 से हराकर लीग में लगातार सातवीं जीत हासिल की।

बार्सिलोना की स्पेनिश लीग में यह दूसरी सबसे अच्छी शुरुआत है। इससे पहले उसने 2017-18 में टूर्नामेंट की शुरुआत में लगातार सात मैच जीते थे। अगर वह ओसासुना के खिलाफ अपना अगला मैच जीत जाता है तो फिर 2013-14 के सत्र के रिकॉर्ड की बराबरी कर लेगा जब उसने सत्र की शुरुआत में लगातार आठ मैच जीते थे। बार्सिलोना के कोच हैंसी फ्लिक ने कहा, ''मुझे वास्तव में अपनी टीम पर बहुत गर्व है। हमारे खिलाड़ी आखिर तक प्रयास करते हैं।'' बार्सिलोना इस सत्र में अभी तक सात मैच में 23 गोल कर चुका है, जबकि उसके खिलाफ केवल पांच गोल हुए हैं। उसने मौजूदा चैंपियन और अपने कड़े प्रतिद्वंदी रियाल मैड्रिड पर चार अंक की बढ़त हासिल कर ली है।

पोलैंड के स्ट्राइकर लेवांडोव्स्की ने गेटाफे के खिलाफ 19वें मिनट में गोल किया जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। क्लब के अनुसार यह लीग मैचों में बार्सिलोना की तरफ से किया गया 6500वां गोल है। इसके अलावा बुधवार को गिरोना में गिरोना और रेयो वैलेकैनो का मुकाबला 0-0 से ड्रा रहा।